# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 7 अप्रैल 2025 सोमवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 313 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1509 : फ्रांस ने वेनिस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1827 : ब्रिटिश रसायनशास्त्री जॉन वॉकर ने माचिस की बिक्री शुरु की।
1969 : अमेरिकी सेना की एक परियोजना के रूप में इंटरनेट का जन्म।
1998 : विश्व स्वास्थ्य दिवस को 'महिला चिकित्सा दिवस' के रूप में मनाने का विश्व स्वास्थ्य संगठन की घोषणा।
2000 : दिल्ली पुलिस ने करोड़ों रुपए के क्रिकेट मैच फिक्सिंग और सट्टेबाजी के रैकेट का पर्दाफाश किया।
2003 : अमेरिकी सेना ने इराक की राजधानी बगदाद को अपने नियंत्रण में लिया।

# बीते 10 वर्षों में भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था का आकार किया दोगुना : नरेन्द्र मोदी

## रामेश्वरम में पीएम ने 8300 करोड़ से अधिक की विभिन्न रेल परियोजनाओं का किया शिलान्यास एवं उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/ रामेश्वरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में 8,300 करोड़ से अधिक की विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने नए पम्बन रेल ब्रिज का उद्घाटन किया, जो भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज है और एक ट्रेन तथा एक जहाज को रोड ब्रिज से झंडी दिखाकर रवाना किया और ब्रिज के संचालन का निरीक्षण किया। उन्होंने रामेश्वरम के रामनाथस्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा भी की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज श्री राम नवमी का पावन अवसर है। उन्होंने कहा कि आज सुबह अयोध्या के भव्य राम मंदिर में राम लल्ला को सूर्य की दिव्य किरणों से तिलक किया गया। भगवान श्री राम का जीवन और उनके शासन से प्रेरित अच्छा शासन देश निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण आधार है। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि तमिलनाडु के संगमकालीन साहित्य में भी भगवान श्री राम का उल्लेख है और राम नवमी के इस पवित्र दिन पर तमिलनाडु के नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैंने आज रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा की, यह मेरे लिए आशीर्वाद का अवसर था। उन्होंने इस विशेष दिन पर 8,300 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए कहा कि ये



रेल और सड़क परियोजनाएं तमिलनाडु में कनेक्टिविटी को मजबूत करेंगी। उन्होंने तमिलनाडु के लोगों को इन परिवर्तनकारी पहलों के लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री ने बताया कि रामेश्वरम भारत रत्न डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की भूमि है, जिनके जीवन ने यह साबित किया कि विज्ञान और आध्यात्मिकता एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कहा कि नया पम्बन ब्रिज तकनीकी और परंपरा का मिलाजुला प्रतीक है। यह एक 21वीं सदी का इंजीनियरिंग चमत्कार है, जो हजारों साल पुरानी इस भूमि को जोड़ता है। उन्होंने इंजीनियरों और श्रमिकों का आभार व्यक्त किया। श्री मोदी ने कहा कि यह ब्रिज भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे सी ब्रिज है, जो बड़े जहाजों को नीचे से गुजरने की अनुमति देता है और ट्रेन यात्रा को भी तेज करता है। उन्होंने आज एक नई ट्रेन सेवा और एक जहाज को भी रवाना किया और तमिलनाडु के लोगों को इस अद्भुत परियोजना के लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि पम्बन ब्रिज की मांग कई दशकों से थी और लोगों के आशीर्वाद से इस काम को पूरा किया गया। उन्होंने इस ब्रिज को व्यापार और यात्रा की सुगमता का समर्थन करने वाला बताया, जो लाखों लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा। उन्होंने यह भी बताया कि नई ट्रेन सेवा रामेश्वरम को चेन्नई और देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने में मदद करेगी, जिससे तमिलनाडु में व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं के लिए नए रोजगार और व्यापार के अवसर उत्पन्न होंगे। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था का आकार दोगुना किया है और इस तेजी से विकास के पीछे देश का आधुनिक बुनियादी ढांचा है। उन्होंने बताया कि पिछले दशक में रेलवे, सड़क, हवाईअड्डे, बंदरगाह, बिजली, जल और गैस पाइपलाइनों जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए बजट छह गुना बढ़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि देश भर में कई मेगा परियोजनाएं तेजी से प्रगति कर रही हैं, जैसे कि उत्तर में जम्मू-कश्मीर में चेनाब ब्रिज, पश्चिम में मुंबई में अटल सेतु, पूर्व में असम में बोगीबील ब्रिज और दक्षिण में पम्बन ब्रिज। पीएम ने कहा कि पूर्वी और पश्चिमी समर्पित माल गलियारों का निर्माण अंतिम चरण में है। देश में पहले बुलेट ट्रेन पर तेजी से काम हो रहा है, जबकि वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत जैसी आधुनिक ट्रेनों से भारतीय रेल नेटवर्क और अधिक उन्नत हो रहा है। इस कार्यक्रम में तमिलनाडु के राज्यपाल आर. एन. रवि, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद वक्फ बिल बना कानून

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ (संशोधन) बिल को शनिवार देर रात मंजूरी दे दी। सरकार ने नए कानून को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी किया। अब नए कानून को लागू करने की तारीख को लेकर केंद्र सरकार अलग से एक नोटिफिकेशन जारी करेगी। यह बिल (अब कानून) 2 अप्रैल को लोकसभा और 3 अप्रैल को राज्यसभा में 12-12 घंटे की चर्चा के बाद पास हुआ था। नए कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अब तक छह याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। नई याचिका केरल के सुन्नी मुस्लिम संगठन केरल जमीयतुल उलेमा ने दायर की है। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने 11 अप्रैल से पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। इससे पहले कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, एआइएमआइएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी, आप विधायक अमानतुल्लाह खान, सिविल राइट्स संगठन एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स और जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी अलग-अलग याचिका लगा चुके हैं। इस पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस कानून का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों में हो रहे पक्षपात, दुरुपयोग और अतिक्रमण को रोकना है। इस बिल (अब कानून) को राज्यसभा में 128 सदस्यों ने समर्थन दिया था, जबकि 95 ने इसका विरोध किया। वहीं



लोकसभा में यह बिल 2 अप्रैल की आधी रात पारित हुआ था। इस दौरान 288 सांसदों ने समर्थन में और 232 ने विरोध में वोट डाला था। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने शनिवार शाम को वक्फ बिल के विरोध में दो पेज का लेटर जारी किया। शनिवार को आप विधायक अमानतुल्लाह खान ने बिल के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। इससे पहले शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं लगाई गईं थीं। बिहार के किशनगंज से कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआइएमआइएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने यह याचिका लगाईं। राज्यसभा से गुरुवार को बिल पास होने के बाद कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा था कि कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट जाएगी। तमिलनाडु की डीएमके ने भी याचिका लगाने की बात कही थी।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में चलेगी देश की पहली 3 कोच वाली मेट्रो

**नई दिल्ली (नबिटा ब्यूरो)।** दिल्ली मेट्रो भारत का पहला ऐसा मेट्रो कॉरिडोर शुरू करने जा रही है, जिसे 3 कोच वाली ट्रेनों के साथ संचालित करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह देश के शहरी परिवहन नेटवर्क में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगी। मेट्रो के चौथे चरण का लाजपत नगर-साकेत जी ब्लॉक मेट्रो कॉरिडोर दिल्ली मेट्रो नेटवर्क में दूसरी सबसे छोटी मेट्रो लाइन होगी। इस रूट की कुल लंबाई 8 किलोमीटर की होगी और इस रूट पर हर दिन 80 हजार यात्री सफर कर पाएंगे। दिल्ली मेट्रो के प्रधान कार्यकारी निदेशक (कम्युनिकेशन) अनुज दयाल ने बताया कि भारत में पहली बार 3 कोच वाली मेट्रो ट्रेनें, अधिकांश 4, 6 या 8 कोच वाली ट्रेनों का उपयोग करने वाली मेट्रो लाइनों के लिए तैयार किया गया है। इस 3 कोच वाली मेट्रो को विशेष रूप से कम दूरी की यात्रा के लिए विकसित किया है। छोटी ट्रेन संरचना एक सस्ता सुविधा प्रदान करेगी, जिससे दैनिक यात्रियों की पर्याप्त संख्या को समायोजित करते हुए बेहतर परिचालन दक्षता सुनिश्चित होगी।

### पटना में 1.25 करोड़ की डकैती

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के पटना में डकैती हुई है। अगमकुंआ थाना क्षेत्र के घनुकी मोर स्थित नालंदा कॉलोनी में व्यवसायी के घर में अपराधियों ने 1.25 करोड़ की संपत्ति पर हाथ साफ किया है। घटना के समय व्यवसायी संतोष प्रकाश और उनका पूरा परिवार घर में ही मौजूद था। अपराधियों ने परिवार के सदस्यों को हथियार के बल पर बंधक बना दिया। आधे घंटे तक घर में रहकर सारा माल लूटकर फरार हो गए। व्यवसायी संतोष प्रकाश ने बताया कि संतोष प्रकाश अपने घर में थे तभी पांच अपराधी घुस गए। सबसे पहले एक अपराधी ने संतोष प्रकाश को नमस्ते किया। जबतक वो कुछ समझ पाते तबतक लुटेरों ने तुरंत उनके सिर पर पिस्टल तान दी। चार अन्य अपराधी भी अंदर घुस आए और पूरे परिवार को हथियार दिखाते हुए बंधक बना लिया। परिवार के सदस्यों के मुताबिक सभी पांचों अपराधियों के हाथ में हथियार थे। केवल एक ने मास्क पहना हुआ था जबकि बाकी चारों के चेहरे खुले थे। एक ने गोली भी चलाई लेकिन गोली पिस्टल में फंस गई नहीं तो अप्रिय घटना हो सकती थी।

# विधायक पत्नी संग सीएम ने की पूजा अर्चना

## राज्य की सुख समृद्धि के लिए मां से मांगा आशीर्वाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रामनवमी के अवसर पर सीएम हेमंत सोरेन ने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ तपोवन मंदिर में पूजा अर्चना की। चैत्र नवरात्रि पर एक ओर जहां मां भगवती के 9वें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा हुई तो दूसरी ओर रामनवमी की धूम रही। राजधानी रांची में अलग अलग महावीर मंडलों द्वारा महावीरी पताका निकालने की तैयारी चल रही है, तो सुबह से ही रांची के रामभक्त हनुमान मंदिर और तपोवन के अति प्राचीन मंदिर में पूजा पाठ करने आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ रही। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी पत्नी के साथ तपोवन राम मंदिर पहुंचे और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और रामभक्त हनुमान की पूजा अर्चना की। इस दौरान मंदिर परिसर जय सियाराम और जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। तपोवन मंदिर प्रबंधन की ओर से मुख्यमंत्री का परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया।

सीएम हेमंत सोरेन ने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ तपोवन मंदिर में पूजा अर्चना करने से पहले कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री



आवास के बजरंगबली मंदिर में रामभक्त हनुमान की पूजा अर्चना की। रामनवमी पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास स्थित मंदिर में पूरे विधि विधान से पूजा-अर्चना करके मुख्यमंत्री ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और रामभक्त हनुमान से राज्य के सर्वांगीण विकास, सुख -समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

# बिहार में जमीन मालिकों के स्वघोषणा पत्र जमा करने की तिथि बढ़ाई गई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के जमीन मालिकों के लिए एक राहत भरी खबर आई है। राज्य सरकार ने स्वघोषणा पत्र जमा करने की आखिरी तारीख को 15 दिन और बढ़ा दिया है। अब जमीन मालिकों को यह पत्र 15 अप्रैल तक जमा करने का समय मिलेगा। पहले यह तिथि 31 मार्च निर्धारित थी, लेकिन समय सीमा के भीतर कई लोग इस प्रक्रिया को पूरा नहीं कर पाए थे। इसे ध्यान में रखते हुए नीतीश सरकार ने उन्हें एक और मौका दिया है। बिहार में भूमि सर्वेक्षण चल रहा है, जिसके तहत सभी जमीन मालिकों को अपनी जमीन के बारे में जानकारी देनी है। इसके लिए उन्हें एक स्वघोषणा पत्र भरकर सरकार के पास जमा करना होता है। यह जानकारी जमीन के स्वामित्व, सीमाएं और अन्य संबंधित विवरणों के बारे में होती है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अनुसार, 31 मार्च तक स्वघोषणा पत्र जमा करना अनिवार्य था, लेकिन कई जिलों में यह प्रक्रिया धीमी थी, जिसके कारण सरकार ने तारीख को बढ़ाकर 15 अप्रैल कर दिया है। यह फैसला खासकर उन जिलों के लिए महत्वपूर्ण है, जहां प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी चल रही थी। हालांकि, इसका फायदा पूरे राज्य के जमीन मालिकों को मिलेगा। स्वघोषणा पत्र जमा करने के लिए अब जमीन मालिकों को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों विकल्प उपलब्ध होंगे, जिससे उन्हें सुविधा होगी। राज्य सरकार का यह कदम जमीन मालिकों के लिए किसी खुशखबरी से कम नहीं है, क्योंकि इससे उन्हें अपनी जमीन की जानकारी सरकार तक पहुंचाने का और अधिक समय मिल गया है। अब सभी जमीन मालिक 15 अप्रैल तक इस प्रक्रिया को पूरा कर सकेंगे ताकि भविष्य में किसी भी कानूनी दिक्कत से बच सकें।

# सड़क दुर्घटना में दो पुत्रों समेत पिता की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बगहा।** बिहार के बगहा में भीषण सड़क हादसा हुआ है। रामनगर में कार और बाइक की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पिता और दो पुत्र शामिल हैं, जबकि एक पुत्र और पत्नी को बेहतर इलाज के लिए गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जिस बाइक से टक्कर हुई है, उस पर 5 लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि धोखराहा पंचायत के पचरुखिया गांव निवासी




अजीत राम अपने तीन बच्चों और पत्नी के साथ लौरिया की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही कार में आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक का अगला पहिया टूटकर अलग हो गया। मृतकों की पहचान 30 वर्षीय अजीत राम, उनके 5 वर्षीय पुत्र मन्नू राम और 7 वर्षीय पुत्र मोनू राम के रूप में हुई है। वहीं, अजीत की पत्नी और एक अन्य बेटे की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। चश्मदीदों के मुताबिक जब बाइक की कार से टक्कर हुई तो बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद कार चालक संतुलन खोता हुआ पेड़ से जा टकराया। इस बीच चालक कार से कूदकर फरार हो गया। वहीं, घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और तत्काल 112 की टीम को सूचना दी गई। जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने सभी को उप स्वास्थ्य केंद्र रामनगर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर के चिकित्सक डॉ. शाहिद ने बताया कि अस्पताल में कुल 5 लोग लाए गए थे, जिसमें से तीन की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी। बाकी तीन लोगों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। इन तीनों की हालत भी नाजुक है।

# कूड़े के ढेर से मिले 77 किलो सोने-चांदी के गहने

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** कटिहार पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने करोड़ों रुपये की ज्वेलरी किसी के घर से नहीं बल्कि कूड़े से बरामद किया है। पूरा मामला जिले के बारसोई थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने इस मामले में सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल, पुलिस ने आगे की कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार आरोपियों को मेडिकल टेस्ट के बाद जेल भेज दिया है और मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने बताया कि 3 अप्रैल की रात बारसोई बाजार के जैन मंदिर रोड निवासी अमित कुमार जैन के घर छत का सरिया काटकर चोरों ने सेंधमारी की थी। इस दौरान 900 ग्राम सोना और 77 किलो चांदी चोरी हो गई थी। शिकायत मिलते ही थाने में मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई शुरू की गई। गुप्त सूचना के आधार पर रास चौक से दो संदिग्धों, श्याम सोनी और यासिर को पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों ने चार अन्य साथियों के नाम बताए। उनकी निशानदेही पर बाकी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# रांची पुलिस प्रशासन पूरी तरह से रहा अलर्ट मोड पर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी में रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर रांची पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रही। शोभायात्रा से पहले ही सभी शोभायात्रा रूट पर ड्रोन की तैनाती कर दी गई है। वहीं कचहरी स्थित कंट्रोल रूम से शहर में लगे 500 से ज्यादा कैमरों के जरिए हर तरफ निगरानी रखी जा रही है। 1 बजे से निकलेगी शोभा यात्रादरअसल रामनवमी को लेकर पुलिस विभाग अपनी तैयारियों को तो पहले ही अंतिम रूप दे चुका था। लेकिन रामनवमी के दिन उसे धरती पर उतारा जा रहा है। एक तरफ जहां हर तरफ सुरक्षा के दृष्टिकोण को देखते हुए सभी प्रमुख चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात हो गए हैं। वहीं, दूसरी तरफ रामनवमी के अवसर पर सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन को पुलिस ने अपना अचूक हथियार बनाया है।राजधानी में इस बार रामनवमी की शोभायात्रा की निगरानी लगभग 500 सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है। सभी प्रमुख सड़कें जहां से रामनवमी की शोभायात्रा निकलेगी उन्हें सीसीटीवी कैमरों की जद में है। एक महीने पूर्व ही रामनवमी और दूसरे पर्व को देखते हुए सभी खराब सीसीटीवी कैमरों की लिस्ट हर थाना क्षेत्रों से मंगवा ली गई थी। जिन्हें युद्ध स्तर पर मैकेनिक लगा कर ठीक करवा लिया गया है। रांची में सभी



प्रमुख रामनवमी शोभायात्रा रांची के अल्बर्ट एक्का चौक से होते हुए तपोवन मंदिर तक पहुंचती है। सबसे ज्यादा भीड़ अल्बर्ट एक्का चौक पर ही होती है। ऐसे में अल्बर्ट एक्का चौक में अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यहां पर पुलिस ड्रोन का भी इस्तेमाल कर रही है। सीसीटीवी सुरक्षा के लिए एक बेहतरीन औजार है भीड़ पर नजर रखने के साथ-साथ छोटे स्तर पर होने वाले झगड़े- झंझट अवांछित जमा होने वाली भीड़ को कंट्रोल रूम से देखकर उन पर कार्रवाई की जा सकती है। रांची पुलिस के पास फिलहाल पूरे शहर में सीसीटीवी कैमरे के जरिए नजर रखने के लिए दो कंट्रोल रूम है। एक धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी में जबकि दूसरा रांची के कचहरी चौक स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में, दोनों ही कंट्रोल रूम में 25- 25 की संख्या में पुलिसकर्मियों को सिर्फ सीसीटीवी कैमरे मॉनिटर करने की ड्यूटी दी गई है।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

## संक्षिप्त समाचार

### झांकी में समाज की कुरीतियों को समाप्त करने की दिखी झलक

**पटना, एजेंसी।** डीएवी पब्लिक स्कूल बीएसईबी कॉलोनी में आयोजित चरित्र निर्माण शिविर के तीसरे दिन शनिवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन मूल्यों, आर्य समाज के आदर्श एवं मानवता से परिपूर्ण सामाजिक कुरीतियों की समाप्त करने वाली मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। यात्रा डीएवी बीएसईबी से निकलकर बोर्ड कॉलोनी, राजवंशी नगर, शास्त्री नगर से होते हुए संजय गांधी जैविक उद्यान से गुजरते हुए हनुमान मंदिर से होकर स्कूल तक पहुंची। गाजे बाजे, रथ घोड़ा से युक्त इस शोभा यात्रा का नेतृत्व सिक्किम और मेघालय के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने की। इस शोभा यात्रा में डीएवी पब्लिक स्कूल बिहार प्रक्षेत्र- पटना, बेगूसराय, भागलपुर और बक्सर के 79 स्कूलों से आए लगभग 1200 बच्चे, 500 शिक्षकगण, भारत के कोने-कोने से आए योग साधक, तपस्वी, सन्यासी, धर्माचार्य, उपदेशक, भजनोपदेशक, विद्वान जन, डीएवी स्कूलों के क्षेत्रीय अधिकारी और प्राचार्य शामिल हुए है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः कालीन योगाभ्यास और 51 कुंडीय महायज्ञ के साथ हुई। इस मौके पर कक्ष सज्जा, वैदिक प्रश्नोत्तरी, नुक्कड़ नाटक, डायरी लेखन समेत अन्य प्रतियोगिताएं बच्चों के बीच आयोजित की गई। सभी विजेताओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा बिहार के प्रधान और कार्यक्रम के आयोजक एस के झा, संयोजक और मेजबान प्राचार्य एसी झा, आईएएस मनोज कुमार, डॉ. अनुपमा कुमारी, बीके चौधरी समेत अन्य मौजूद रहे।

### जगजीवन राम की मनाई जयंती

**भागलपुर, एजेंसी।** कॉलेज रोड स्थित काली मंदिर के प्रांगण में शनिवार को पूर्व प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रघुनंदन सिंह केसरी की अध्यक्षता में पूर्व केंद्रीय मंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसियों ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। कांग्रेसियों ने कहा कि बाबू जगजीवन राम अत्यंत विनम्र और सुसभ्य व्यक्ति थे। उन्होंने गरीब बेसहारा लोगों की मदद करने में कभी कोताही नहीं बरती।

### बिहार बदलाव रैली में सारण से पैंतीस हजार लोग होंगे शामिल

**छपरा, एजेंसी।** आगामी 11 अप्रैल को पटना के गांधी मैदान में आयोजित बिहार बदलाव रैली में सारण से पैंतीस हजार से अधिक लोग शामिल होंगे। उक्त बातें शुक्रवार को जन सुराज के मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने यहा पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस रैली को सफल बनाने के लिए जन सुराज के राज्य परिषद के नेताओ से लेकर जिला, प्रखंड एव पंचायत स्तर के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता आमलोगों से मिलकर उन्हें इस रैली में शामिल होने का नेवता दे रहे हैं और पार्टी को लोगों का अपार समर्थन भी मिल रहा है। इस दौरान जिला प्रभारी उर्मिला सिंह ने कहा कि संगठन का प्रयास रहेगा कि उक्त रैली में सारण जिला से लोगों की भागीदारी सबसे अधिक हो। उन्होंने बताया कि यह बिहार बदलाव रैली उनलोगों के लिए है जो बिहार में बदलाव देखना चाहते हैं।

# देश में छात्रों, बेरोजगारों और पीड़ितों की आवाज सबसे पहले राहुल गांधी उठाते हैं: वरुण चौधरी



**बेगूसराय, एजेंसी।** कांग्रेस के छात्र विंग एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा है कि मैं दावे के साथ कर सकता हूं कि देश में छात्रों, बेरोजगारों और पीड़ितों की आवाज सबसे पहले कोई उठाता है तो वह राहुल गांधी है। राहुल गांधी न केवल इन लोगों की आवाज उठाते हैं, बल्कि उसे संसद तक पहुंचाते हैं। लेकिन सरकार इतनी अन डेमोक्रेटिक हो गई है कि सुनती नहीं है। सरकार अंधी और बहरी हो गई है।

उन्होंने यह बातें एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी और जेएनयू के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार की पलायन रोको-नौकरी दो पदयात्रा के साथ रात में बेगूसराय पहुंचने पर पत्रकारों से बात करते हुए कही। वरुण चौधरी ने कहा कि देश में छात्रों की हालत बदतर है, पूरे दुनिया में सबसे युवा देश भारत है। केंद्र की सरकार और बिहार की राज्य सरकार अपने आप में मगन है, पेपर लीक जैसी घटनाएं हो रही है। बिहार की बात करें तो पूरे हिंदुस्तान में जो 15 बेस्ट डॉक्टर होंगे, उसमें 10 बिहार के होंगे। देश 10 सबसे अच्छे अधिकारी होंगे उसमें सबसे बेहतर 5 बिहार के होंगे। बिहार का अपना एक टैलेंट है, लेकिन बिहार की सरकार अपने टैलेंट को खराब कर रही है। अभी बीपीएससी का मुद्दा हुआ, सभी पेपर लीक की घटना आ रही है। सरकार इन मुद्दों और पेपर लीक से मुक्ति दिलाने के बदले पेपर लीक में सरकार खुद शामिल है, माफिया को संरक्षण दे रही है।

### पलायन कर रहे हैं छात्र और नौजवान

उन्होंने कहा कि बेरोजगारों की हालात बिहार में बदतर है। बिहार के युवा, छात्र, महिलाएं और बेटियां बिहार छोड़ने के लिए मजबूर हैं। वह देश के विभिन्न शहरों में पलायन कर रहे हैं। पदयात्रा के दौरान 12वीं पास छात्रा मिली, मैंने पूछा क्या बनना चाहती हो तो उसने कहा यूपीएससी की तैयारी करना चाहते हैं। हमने जब पूछा कहां तैयारी करोगी तो कहां तो बोली दिल्ली या किसी जगहों पर जाकर यूपीएससी की तैयारी करुंगा। मैंने पूछा कि पटना या बिहार के अन्य शहर में क्यों नहीं, तो उनमें संकोच पैदा हो गया। सरकार बात नहीं सुन रही है, इसलिए छात्र और नौजवान पलायन कर रहे हैं। पहले सरकार किसी भी पार्टी के छात्र और युवाओं के मुद्दे का समर्थन करती थी। लेकिन अभी की सरकार छात्रों के प्रतिभा की बार-बार हत्या कर रही है, क्योंकि पेपर लीक जैसी जो घटना है। अग्निवीर स्कीम आने के बाद डेढ़ पौने दो लाख पेंडिंग भर्ती थी। उन पेंडिंग भर्ती के मुद्दों को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर तक धरना दिया गया। हमने बीपीएससी के छात्रों की हालत देखी, उन पर बर्बरता से लाठी चार्ज किया गया, वाटर कैनन चला। वह देख बिहार के किसी भी लोग को दर्द होगा तो सड़क पर आने के लिए तैयार होगा। इसी को लेकर कन्हैया कुमार ने पलायन रोको नौकरी दो यात्रा शुरू की है। राहुल गांधी भी इस यात्रा में शामिल होने आ रहे हैं। राहुल गांधी हमेशा सोच छात्रों-नौजवानों रखते हैं।

### राहुल गांधी उठाते हैं छात्रों-युवाओं की बात

वरुण चौधरी ने कहा कि मैं चैलेंज देकर कह रहा हूं कि पूरे देश में छात्रों-युवाओं की बात कोई उठाता है तो राहुल गांधी। पेपर लीक मुद्दा हो, नीट का मुद्दा हो, स्कॉलरशिप का मुद्दा हो, एससी-ओबीसी फेलोशिप का मुद्दा हो, सभी मुद्दों को राहुल गांधी ने सबसे पहले उठाया। उन्होंने उनकी बात सुनी और संसद तक उठाया। उन्होंने देखा कि पलायन रोको-नौकरी दो पदयात्रा गंभीर मुद्दों को लेकर चल रही है तो वह भी शामिल होने आ रहे हैं। क्योंकि सरकार अन डेमोक्रेटिक टाइप की सरकार बन चुकी है, इसलिए हमने यात्रा निकाली। सरकार ने अपनी आंख बंद कर लिया, कान बंद कर लिए हैं। ऐसे तरीके की सरकार हमने अपने जीवन में कभी नहीं देखा, उनकी आंख और कान खोलने के लिए राहुल गांधी आ रहे हैं। पेपर लीक से बच्चे परेशान हैं, नौकरी के लिए परेशान हैं, महंगी शिक्षा से परेशान हैं, एससी-ओबीसी की सीट कम की जा रही है। जानबूझकर नौकरी को कम किया जा रहा है, वह चाहते हैं कि तीन बार कैंसिल कर देंगे थे वह सीट जनरल हो जाएगी, इसका प्रयास कम कर रहे हैं। बिहार के छात्र पलायन कर चुके हैं, वह दूसरे प्रदेश जा चुका है।

अपनी भूख मिटाने के लिए रोजगार खोज रहे हैं, लेकिन बिहार और देश की सरकार युवाओं को नजर अंदाज कर रही है। इस यात्रा के बाद सरकार की आंख और कान खुलेगी, वह छात्रों-बेरोजगारों के मुद्दे पर ध्यान देंगे। इस यात्रा से पहले कांग्रेस ने देशभर में यात्रा की थी, अब हमें लगा कि सभी पेपर का सेंटर बिहार बनता जा रहा है तो इसी उद्देश्य है यह यात्रा शुरू हुई है। यह पदयात्रा बिहार के छात्रों और नौजवानों की यात्रा है। एनएसयूआई और युवा कांग्रेस ने इसमें सहयोग किया। यह उन छात्रों की यात्रा है जो नौकरी के लिए कई साल से भटक रहे हैं। इस यात्रा का फायदा उन्हें जरूर मिलेगा।

# बारिश के साथ ओले भी गिरेंगे, बिहार में आज से बदलेगा मौसम



**पटना, एजेंसी।** बिहार में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग ने पटना समेत प्रदेश के अन्य हिस्सों में 7 से 11 अप्रैल तक बारिश की संभावना जताई है। सोमवार से अगले दो दिनों तक तेज हवाओं के साथ गरज-तड़क और कुछ जगहों पर ओले गिरने की भी आशंका है। मौसम विभाग ने इसे लेकर चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक विभिन्न घटकों और पूर्वी हवा का सक्रिय प्रवाह होने के चलते बिहार में आद्रता में बढ़ोतरी हुई है। इस कारण मौसम का मिजाज में बदलाव के आसार हैं। उत्तर मध्य और उत्तर पूर्व बिहार के अधिकांश जिलों में 10 से 30 मिलीमीटर तक बारिश की संभावना है।

### इन जिलों में ओले गिरने की आशंका है

मौसम विभाग ने किशनगंज, अररिया, सुपौल, पूर्णिया, दरभंगा और मधुबनी जिले में एक-दो जगहों पर ओलावृष्टि की आशंका जताई है। वहीं, सतही हवा की गति 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक जा सकती है। ऐसे में लोगों को खराब मौसम में सतर्क रहने को कहा गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले सप्ताह प्रदेश में बादल छाए रहने और बारिश की संभावना के बीच अधिकतम तापमान में गिरावट आने और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी के आसार हैं। शनिवार को प्रदेश का सबसे ठंडा शहर 16.2 डिग्री सेल्सियस के साथ सीतामढ़ी का पुपरी रहा, वहीं सबसे गर्म शहर 39.8 डिग्री सेल्सियस के साथ रोहतास का डेहरी रहा। पटना में अधिकतम तापमान 39 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बीते दो दिनों में राजधानी के लोगों को भीषण गर्मी का एहसास हो रहा है।

# चिराग पासवान से पशुपति पारस ने खगड़िया से दिल्ली तक बंटवारा मांगा, संपत्ति विवाद गहराया



**पटना, एजेंसी।** लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के संस्थापक दिवंगत रामविलास पासवान के परिवार का विवाद गहराता जा रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने अपने भतीजे चिराग पासवान से अब बिहार के खगड़िया स्थित पैतृक घर से लेकर दिल्ली तक प्रॉपर्टी का बंटवारा करने की मांग कर दी है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान पर उनके पिता के सपनों को तोड़ने का आरोप भी लगाया। चिराग की पार्टी लोजपा (रामविलास) के संसद में वक्फ बिल पर समर्थन करने पर यह बात कही। पासवान परिवार में संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। दिवंगत रामविलास की पहली पत्नी एवं चिराग की बड़ी मां राजकुमारी देवी ने अपनी दो देवरानियों के खिलाफ पिछले दिनों एफआईआर दर्ज कराई। इसमें पशुपति पारस की पत्नी शोभा देवी और दिवंगत सांसद रामचंद्र पासवान की पत्नी सुनैना देवी पर उन्हें संपत्ति से बेदखल करने का आरोप लगाया था। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने शनिवार को अपनी बड़ी मां से खगड़िया जिले के शहरबन्नी स्थित पैतृक गांव जाकर मुलाकात की। दूसरी ओर, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के मुखिया एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने दरभंगा में शनिवार को संपत्ति विवाद पर अपना पक्ष रखा। उन्होंने आशंका जताई कि राजकुमारी देवी को भड़काकर यह एफआईआर दर्ज कराई गई। पारस ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि थाने में जो शिकायत हुई, उसमें राजकुमारी देवी का अंगूठा लगा था। वह पढ़ी लिखी नहीं हैं। यह जांच का विषय है कि उनका अंगूठा किसने लगवाया। पारस ने आगे कहा कि वे भी संपत्ति का बंटवारा चाहते हैं। पैतृक घर से लेकर दिल्ली तक बंटवारा होना चाहिए। हालांकि, भतीजे चिराग पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यह सब राजनीतिक साजिश के तहत हो रहा है। कुछ ही दिनों में सब कुछ साफ हो जाएगा।

### चिराग बोले- चाचा ने अपनी प्रॉपर्टी छिपा रखी है

अपनी बड़ी मां से मिलने पैतृक गांव पहुंचे चिराग पासवान ने आरोप लगाया कि उनके चाचा पशुपति पारस ने उनकी कई संपत्तियों को छिपा कर रखा हुआ है। इसकी जानकारी नहीं दी गई है। चिराग ने कहा कि लोजपा को तोड़ने का फैसला भी पारस का था। अगर वह बंटवारा चाहते हैं तो खुद पहल करें। पहले अपनी संपत्तियों की जानकारी दें। जो वे चाहते हैं वैसा ही होगा।

## 18 अधिवक्ताओं ने किया नामांकन

**सहरसा, एजेंसी।** 26 अप्रैल को होने वाले जिला विधि वेत्ता संघ के द्विवार्षिक चुनाव के लिए 5 अप्रैल तक 18 अधिवक्ता अभ्यर्थियों ने नामांकन किया। जिसमे उपाध्यक्ष पद के लिए केशव कुमार श्रीवास्तव अमरेंद्र कुमार त्रिवेदी एवं लीलाधर शर्मा संयुक्त सचिव पद के लिए संजीव कुमार लालमोहर यादव आनंद सिंह ठाकुर सहायक सचिव के लिए देवेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष के लिए मनोज कुमार अंकेक्षक रामकुमार साह वरीय कार्यकारिणी सदस्य देवनंदन प्रसाद राजीव रंजन कुमार सिंह अमरेंद्र कुमार नरेश कुमार गुप्ता कार्यकारिणी सदस्य के लिए नीरज कुमार सिंह प्रेम रंजन कुमार विजय लता एवं निगरानी सदस्य के लिए योग नंदन यादव मनोज कुमार सिंह प्रधान ने अपनी उम्मीदवारी दी है। यह जानकारी कार्यालय प्रभारी चंदन कुमार पिंटू ने दी ।

## पीएमसीएच से दुष्कर्म का आरोपी फरार, 5 पुलिसकर्मियों को थमाया नोटिस

**छपरा, एजेंसी।** सारण में कानून व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। गरखा थाना पुलिस की लापरवाही से दुष्कर्म का एक आरोपी पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। यह घटना छपरा जेल से एक कैदी के फरार होने के एक सप्ताह के भीतर हुई है।

**दुष्कर्म का आरोपी पुलिस अभिरक्षा से फरार :** गरखा थाना क्षेत्र में दर्ज प्राथमिकी (कांड संख्या- 511/24) के आरोपी धनंजय सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। प्राथमिक उपचार के बाद उसे पटना के पीएमसीएच में भर्ती कराया गया। वहां पुलिस की निगरानी में उसका इलाज चल रहा था। 5 अप्रैल 2025 को धनंजय सिंह ने इलाज के दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

**एसएसपी सख्त, पुलिसकर्मियों को थमाया नोटिस :** सारण के एसएसपी ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने गरखा थाना के पांच पुलिसकर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा है। इनमें पुलिस निरीक्षक नवीन कुमार, सहायक निरीक्षक अजय कुमार प्रजापति, दफादार राम बढ़ई राय और दो चौकीदार शामिल हैं।

**लगातार दो कैदी फरार, उठे सवाल :** पिछले एक सप्ताह में लगातार दो कैदियों के फरार होने से



पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। एसएसपी ने चेतावनी दी है कि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी

## केन्द्र सरकार वक्फ बिल पास कर फैला रही नफरत: मो सुल्तान हुसैन इदरीसी

**छपरा, एजेंसी।** केंद्र सरकार वक्फ बिल पास कर देश को बांटने व नफरत फ़ैलाने का काम शुरू की है। इसे लोकतांत्रिक देश के मुसलमान भुला नहीं पायेंगे। नगर पालिका चौक पर शनिवार को आयोजित धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने यह बात कही । धरना को संबोधित करते हुए संस्था के संस्थापक महासचिव मो सुल्तान हुसैन इदरीसी ने कहा कि केंद्र की सरकार हर बार कुछ ना कुछ विवादित मामला कर देश को अस्थिर करना चाह रही है। इसमें देश की जनता उलझी रहे। देश की जनता भुखमरी ,बेरोजगारी, बीमारी से ग्रसित है परन्तु सरकार इसके लिए कोई कानून नहीं ला रही है। सुल्तान इदरीसी ने लोक सभा और राज्य सभा के उन सभी सम्मानित सदस्यों का शुक्रिया अदा किया जिन्होंने ने इस बिल के खिलाफ वोटिंग की। उन्होंने कहा कि यहां लोगों को नुकसान पहुंचाने का कानून बनाया जा रहा है। इसका विरोध संवैधानिक तरीके से किया जा रहा है। इसकी लड़ाई कोर्ट में भी लड़ी जाएगी। धरना को रिजीविया मदरसा के मौलाना रज्जबुल कादरी ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार सिर्फ मुसलमानों को परेशान करने की नीयत से बिल ला रही है । इस बिल के बहाने मुसलमानों के वक्फ के जमीनों को कब्जा करने की साजिश कर रही है । जामा मस्जिद साहेबगंज इमाम मौलाना मो हामिद रजा ने वक्फ बिल को पढ़ कर बताया और जहां जहां इस बिल में गड़बड़ी की गई है उसे चिन्हित कर के समझाया और कहा कि इस बिल के माध्यम से सरकार वक्फ की संपत्तियों को हड़पना चाहती है। छात्र नेता शादाब मजहरी ने बिल को संविधान विरोधी बताया और बिल को जल्द से जल्द वापस लेने की मांग की।धरना को नवाजिश नेहाल ,जफर सिद्दीकी तथा अन्य ने संबंधित किया और बिल को वापस लेने की मांग की। जयंती पर याद किए गए सम्राट अशोक छपरा, एक संवाददाता। शहर के हुसे छपरा में भारतीय लोक चेतना पार्टी के तत्वावधान मौर्य वंश के महान सम्राट अशोक की जयंती काफी हर्षोल्लास पूर्वक वातावरण में शनिवार को मनाई गई। सर्वप्रथम लोगों ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर याद किया।पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह मीडिया प्रभारी राजेश कुशवाहा ने कहा कि अशोक के सिंह शीर्ष भारत का राष्ट्रीय प्रतीक है।यह प्रतीक सारनाथ के अशोक स्तंभ से लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भारत के प्रत्येक जिला मुख्यालय में विश्व विजेता सम्राट अशोक की प्रतिमा व अशोक स्तंभ लगाने की मांग की ।इस मौके पर पार्टी के जिला अध्यक्ष अधिवक्ता लाल बाबू सिंह, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सिंगर जयवीर गुप्ता ,महेश सिंह, पूर्व शिक्षिका कमला देवी, बबीता देवी ,प्रमोद कुमार सागर, कुमारी खुशी व अन्य ने भी उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

## जल्द ही शिक्षकों की अगली तबादला सूची जारी होगी : एसीएस एस सिद्धार्थ

**पटना, एजेंसी।** बिहार में शिक्षकों की ट्रांसफर पोस्टिंग पर बड़ा अपडेट आया है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) एस सिद्धार्थ ने अगली टीचर ट्रांसफर लिस्ट के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि अगले दो-तीन दिनों के भीतर विभाग शिक्षकों के तबादले की अगली सूची जारी कर देगा। इसमें महिला टीचर को नए स्कूलों में पोस्टिंग दी जाएगी। पुरुष शिक्षकों के स्थानांतरण के आवेदनों पर इसके



बाद विचार किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने शिक्षा की बात हर शनिवार कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सबसे पहले सक्षमता परीक्षा पास शिक्षिकाओं की तबादला सूची जारी होगी। इसके बाद बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) से चयनित महिला टीचर की ट्रांसफर लिस्ट जारी की जाएगी।

सोमवार या मंगलवार को अगली लिस्ट आने की संभावना है। एसीएस ने कहा कि अब तक 6 चरणों में शिक्षकों का तबादला किया जा चुका है। बिहार के सरकारी स्कूलों में कार्यरत लगभग 1.90 लाख शिक्षकों ने तबादले के लिए आवेदन दिया है। बता दें कि फिलहाल शिक्षा विभाग विशेष परिस्थिति में ही शिक्षकों का तबादला कर रहा है। सबसे पहले कैंसर और गंभीर बीमारी से ग्रस्त शिक्षकों को मनचाही ट्रांसफर पोस्टिंग की लिस्ट जारी की गई। इसके बाद पति की पोस्टिंग के आधार पर ट्रांसफर के लिए आवेदन करने वालीं महिलाओं के आवेदन पर विचार किया गया। सबसे आखिर में पुरुष शिक्षकों का तबादला होगा।

### पूर्वजों को याद रखना वंशज का कत्वर्य है : केंद्रीय गृह राज्य मंत्री

**हाजीपुर, एजेंसी।** संवाद सूत्र पूर्वजों को याद करना हर समाज के वंशज का कर्त्तव्य होता है। वीर चौहरमल भी इसी समाज के एक प्रतीक थें। उक्त बातें पातेपुर श्री रामचंद्र उच्च विद्यालय में वीर चौहरमल के प्रखंड स्तरीय जन्म दिवस समारोह कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कही। इस मौके कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज पासवान एवं मंच संचालन संजय पासवान ने किया। मिली जानकारी अनुसार पातेपुर श्री रामचंद्र उच्च विद्यालय पातेपुर प्रखंड स्तरीय जन्म दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, बिहार सरकार के मंत्री कृष्ण नंदन पासवान, पातेपुर विधायक लखेंद्र पासवान आदि ने चौहरमल के तैल चित्र पर मालार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया।

# लीची दक्षिण भारत भेजने के लिए स्पेशल ट्रेन पर होगा विचार



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** पूर्व मध्य रेलवे की प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (पीसीसीएम) इंदू रानी दुबे ने शनिवार को जंक्शन के वीआइपी कक्ष में लीची व्यवसायियों संग बैठक की। उन्होंने लीची ढुलाई से लेकर मुंबई में अनलोडिंग तक की समस्या की जानकारी ली। साथ ही लीची उत्पादकों को बेहतर सुविधा और समयबद्ध सेवा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। पीसीसीएम ने कहा कि पवन एक्सप्रेस के अलावा एक और स्पेशल ट्रेन चलाने पर विचार किया जा रहा है, जो मुंबई के अलावा पुणे या दक्षिण भारत जा सके।

बैठक के बाद पीसीसीएम ने पार्सल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्सल पर संक्षिप्त लीज मेनिफेस्टो पर उन्होंने आपत्ति जताई। साथ ही मेनिफेस्टो में पार्सल का पूरा ब्योरा भरने का निर्देश दिया। कहा कि आगे से इसकी शिकायत मिलने पर पार्सल कार्यालय के अधिकारी पर कार्रवाई होगी। पार्सल कार्यालय के बाद उन्होंने यूटीएस और पीआरएस हॉल का भी निरीक्षण किया। इसके बाद आरएलडीए के पदाधिकारियों से जंक्शन के वर्ल्ड क्लास निर्माण से संबंधित जानकारी ली। मौके पर लीची व्यवसायियों के साथ पूमरे के उप मुख्य ऑपरेशन प्रबंधक (कोचिंग) इम्तियाज आलम, सोनपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रौशन कुमार भी थे।

### 10 हजार क्विंटल लीची भेजने का लक्ष्य

बैठक में बताया गया कि गत वर्ष मुजफ्फरपुर से 6.5 हजार क्विंटल लीची का लदान हुआ था। इस वर्ष इसे 10 हजार क्विंटल तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इसको लेकर लीची व्यवसायियों के लिए बीते साल की तरह डेडीकेटेड पार्सल ऑफिस बनाया जाएगा। साथ ही अस्थायी शेड भी बनेगा, ताकि लीची को सुरक्षित रखा जा सके। मालूम हो कि 15-20 मई के बीच ट्रेनों से लीची की खेप बाहर भेजी जाती है।

Page 3_16.12.2018 PAGE-04.qxd 06-04-2025 22:20 Page 1



# मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## गलियों व चौक-चौराहों पर गूंजे जय श्रीराम के नारे

**नबिटा टीम**

**पटना/ शिवाजीनगर।** आज रामनवमी है। पूरे बिहार में गलियों, चौक-चौराहों से श्रीराम के जयकारें की गूंज है। आज का दिन भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है और विशेष रूप से भगवान श्रीराम की पूजा की जाती है। पटना में बीती मध्य रात्रि दो बजे महावीर मंदिर के पट खोल दिया गया। ढोल-नगाड़े के साथ भगवान राम और हनुमान जी की आरती हुई। इधर, दोपहर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भगवान के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे। यहां सांसद शांभवी चौधरी और उनके पति सायन कुणाल ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल भगवान की आरती में भी शामिल हुए। राज्यवासियों के उन्होंने दुआ मांगी और सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं दी। इसी दौरान उन्हें भगवान राम और हनुमान जी की तस्वीर भेंट की गई।

महावीर मंदिर का पट आज श्रद्धालुओं के लिए रात 12 बजे तक खुला रहेगा। इस बार इस बार मंदिर परिसर के अंदर भीड़ न हो, इसलिए मंदिर के बाहर नैवेद्यम लड्डू के 13 काउंटर बनाए गए हैं। भगवान के प्रसाद के लिए 25 हजार किलो नैवेद्यम तैयार किए गए हैं। मंदिर के अंदर स्थित स्थायी नैवेद्यम काउंटर रामनवमी के दिन बंद कर दिया गया है।

मंदिर प्रशासन ने बताया कि आज करीब पांच लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। खास बात यह है कि केवल दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं (जिनके पास प्रसाद और माला नहीं होगी) को सुबह नौ बजे से 11 बजे तक दर्शन की अलग सुविधा दी जा रही है। यह व्यवस्था पूर्वी प्रवेश द्वार से होगी, जिससे भीड़ नियंत्रण में रहेगी। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर और आस-पास के इलाके में 800 से अधिक स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही स्थानीय पुलिस बल और सुरक्षा कर्मियों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। पूरे इलाके में सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी की जाएगी ताकि सुरक्षा में कोई चूक न हो। बैरिकेडिंग इस बार विशेष तौर पर स्टील पाइप से की गई है ताकि सुरक्षा पुख्ता और टिकाऊ रहे। बीर कुंवर सिंह पार्क और जीपीओ के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा।

रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। आरती में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। रामनवमी पर राजधानी में 2200 पुलिस बलों की तैनाती की गई। इस दौरान फूलों की वर्षा, विशिष्ट रोट प्रसाद का वितरण और ध्वज परिवर्तन की विशेष पूजा संपन्न होगी। शाम को आने वाले जुलूसों का मंदिर में स्वागत किया जाएगा। मंदिर की ओर से इस बार दो लाख भक्तों को निःशुल्क हनुमान चालीसा वितरित किया जाने का लक्ष्य है।

**शिवाजीनगर संवाददाता के अनुसार** चैत्र रामनवमी को लेकर प्रखंड के बाघोपुर दुर्गा मंदिर परिसर में माता दुर्गा की पूजा अर्चना के बाद पूजा समितियों के द्वारा 51 सौ कुंवारी कन्याओं को भोजन कराया गया। इस अवसर पर बाघोपुर, बलहा, नंदेनगर , परशुराम , करियन सहित आस पास गांव के महिलाओं ने माता के दरबार में खोईचा भरकर मां दुर्गा की पूजा अर्चना किया। पूजा समिति के अध्यक्ष जनक महतो ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैती दुर्गा पूजा उत्साह के साथ माता के दरबार में कलश स्थापित कर विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया गया। पूजा समितियों के सहयोग से इस वर्ष भी राम नवमी के दिन आस पास गांव के 51 सौ कुंवारी कन्याओं को निमंत्रण देकर माता के दरबार में प्रसाद बनाकर सभी कन्याओं को भोजन कराया गया। माता के मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया था। पूजा के दौरान देवी पाठ और महिलाओं के द्वारा गाए भक्ति लोक गीत से पूरा इलाका गूंजायमान हो रहा था। माता के आशीर्वाद पाने को लेकर पंक्ति में खड़े हर व्यक्ति अपने बड़ी का इंतजार कर रहे थे। इधर चैत्र रामनवमी को लेकर प्रखंड क्षेत्र के भररीया, दसौत गुलाब गाछी, तेलियाराही, ठनका रमोल सहित कई गांव में माता के दरबार में खोइंचा भरने और दर्शन को लेकर काफी संख्या में महिलाओं की भीड़ उमड़ी हुई थी। मौके पर दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष जनक महतो, मिथिलेश सहनी, चुन चुन सहनी, अमरजीत कुशवाहा, बिशो यादव, गरीब सहनी, गणेशी सहनी, सुधीर सहनी, अशोक सहनी प्रकाश शर्मा, गंगा विष्णु महतो ,राम दास महतो, नारायण महतो, राम प्रवेश महतो, बुधन सहनी, कमल देव सहनी, राज कुमार राहुल कुमार आदि मौजूद थे।

# भैंस चोरी की घटना ने लिया हिंसक रुप

आरा। आरा जिले में शनिवार देर रात दो पक्षों के बीच विवाद हुआ। देखते ही देखते दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इतना ही नहीं दहशत फैलाने के लिए गोलीबारी भी गई। घटना के बाद इलाके में तनाव है। इधर, पुलिस टीम लगातार कैंप कर रहे हैं। यह घटना सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के ढिबरा टोला गांव में हुई। बताया जा रहा है कि भैंस चोरी के विवाद के चलते पिछले दो दिनों से दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। शनिवार देर रात इस विवाद ने हिंसक रूप धारण कर लिया। बताया जा रहा है कि जिस पक्ष पर भैंस चोरी का आरोप था। उस पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के घर पर हमला बोल दिया। और, हवाई फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना की जानकारी मिलने पर सिकरहट्टा थाने को सूचित किया गया। बाद में पिरो अनुमंडल के डीएसपी और भोजपुर एसपी को भी मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा। अब इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें पुलिस के सामने एक पक्ष खड़ा दिख रहा है। वीडियो में गोली चलने की आवाज भी सुनाई दे रही है। वीडियो बनाने वाला युवक चिल्ला रहा है कि पुलिस ने उन पर ही गोली चलाई है।

# आग के तांडव ने लील ली 30 बीघे में लगी गेहूं की फसल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** पकरीबरावां प्रखंड की कोनंदपुर पंचायत के थालपोश एवं उसरी गांव में शनिवार को लगी आग से गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

ग्रामीणों ने बताया कि थालपोश एवं उसरी में गेहूं की फसल एवं गेहूं के बोझा में आग लगी है। लगभग 25 से 30 बीघे में लगी फसल को नुकसान हुआ है।

अगलगी में पकरीबरावां प्रखंड के थालपोश, उसरी एवं काशीचक प्रखंड के सोभानपुर के किसानों की फसल जली है। आग की लपटें काफी तेज थी। तेज हवा के कारण आग पर काबू पाना काफी मुश्किल हो रहा है।

स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना के बाद अग्निशमन वाहन भी वहां पहुंची। अगलगी में थालपोश के दिवाकर कुमार, ललन कुमार, पंकज कुमार, सुनील कुमार, शिव कुमार प्रसाद सहित अन्य को नुकसान हुआ है। उसरी के अमरेंद्र कुमार सहित अन्य को नुकसान हुआ है। अगलगी में हुए नुकसान का आकलन जांच के बाद ही हो पाएगा। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को इसकी जानकारी कॉल कर दी है। बताया जाता है कि 33 हजार के बिजली की तार से चिंगारी उठी और पेड़ के पत्ते में जा लगी जिससे आग लग गई। आग की चपेट में आने से गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

जिसके बाद ग्रामीणों ने अग्निशमन को जानकारी दी। इधर, आग बुझी भी नहीं की पुनः 11 हजार हाइटेंशन तार से दूसरी जगह पर आग लग गई। किसान ट्रैक्टर और जेसीबी की मदद से खेतों को जोत दिए और पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों ने ताड़ के पत्ते से आग पर काबू पाया।

# शोभायात्रा एवं जुलूस का शांतिपूर्ण आयोजन, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

## उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक अखाड़ों, जुलूस एवं शोभायात्राओं का करते रहे निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** जिले में आज रामनवमी पर्व के अवसर पर परंपरागत शोभायात्रा एवं जुलूस का आयोजन शांतिपूर्ण एवं उत्सवी वातावरण में निकाला जा रहा है। पर्व को लेकर जिला प्रशासन द्वारा विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

जिला प्रशासन की ओर से स्वयं उपायुक्त लोकेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमन कुमार द्वारा विभिन्न अखाड़ों, जुलूस एवं शोभायात्राओं का निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था की जानकारी लेते हुए लोगों को रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं भी दिया।

उल्लेखनीय है कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशासन पूरी सक्रियता के साथ निगरानी कर रही है। ड्रोन कैमरों, सीसीटीवी, मोबाइल पेट्रोलिंग यूनिट्स एवं मजिस्ट्रेटों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। सभी अखाड़ों एवं जुलूस आयोजकों से समन्वय कर व्यवस्था को शांतिपूर्ण बनाए रखने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं।

वहीं आमजनों के लिए जिला प्रशासन की ओर से शोभायात्रा मार्ग एवं प्रमुख स्थलों पर पेयजल टैंकर की व्यवस्था की गई है। आकस्मिक चिकित्सा सुविधा हेतु शोभायात्रा मार्ग में चिकित्सकीय दल, एंबुलेंस एवं आवश्यक दवाओं की व्यवस्था की गई है।

जिला प्रशासन द्वारा आम जनता से अपील किया गया है कि वे सौहार्द एवं भाईचारे का परिचय देते हुए पर्व को उत्साहपूर्वक मनाएं तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि की जानकारी तत्काल प्रशासन को दें। किसी भी आपातकालीन स्थिति हेतु जिला नियंत्रण कक्ष पूरी तरह सक्रिय है।

# पीएमसीएच से दुष्कर्म का आरोपित फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के सबसे बड़े अस्पताल (पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल) से एक बंदी के फरार हो गया है। घटना शनिवार देर रात की है। बताया जा रहा है कि बंदी को आरा जेल से पीएमसीएच में इलाज के लाया गया था। बंदी धनंजय सिंह इमरजेंसी वार्ड से हथकड़ी सरकाकर फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस टीम फरार बंदी की तलाश में छापे कर रही है। मामले में पटना एसएसपी ने कहा कि यह बड़ी लापरवाही का मामला है। जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अब फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

दरअसल, छपरा जिले के गड़खा थाना क्षेत्र के गोहपुर गांव का निवासी धनंजय सिंह दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी था। कोर्ट की शिकायत के आधार पर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार ने उसे दो अप्रैल को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और उसे उल्टियां होने लगीं। पहले उसे स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां इलाज के बाद भी उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद उसे छपरा सदर अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में भर्ती कराया गया, जहाँ से डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया।

मामले में पीरबहोर थानाध्यक्ष मोहम्मद हलीम ने बताया कि आरोपी की तलाश में छापेमारी चल रही है। वहीं छपरा के एसएसपी डॉ. कुमार आशीष ने आरोपी की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों से जवाब-तलब किया है। सब इंस्पेक्टर नवीन कुमार, जमादार अजय प्रजापति, चौकीदार मितेंद्र राय, रमेश कुमार राय और रामबराई राय से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के खरसाम गांव में भाजपा उतरी मण्डल अध्यक्ष सरोज कुमार के अध्यक्षता में धुमधाम से भाजपा ने स्थापना दिवस मनाया गया। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मण्डल अध्यक्ष राहुल चौधरी ने कहा हमारी पुरानी संगठन जनसंघ की 1977ई में जयप्रकाश नारायण एवं आचार्य कृपलानी के आह्वान पर भारत के संविधान की रक्षा एवं भारतीय संस्कृति को स्थापित करने हेतु सभी संवैधानिक विचारधारा को लेकर चलने वाले पार्टी को मिला कर जनता पार्टी बनाया गया। देश हित में जनसंघ को भी जनता पार्टी में विलय कर दिया गया और पहली बार केन्द्र में गैर कांग्रेसी सरकार बनी परन्तु कुछ दिन बाद वैचारिक मतभेद हो जाने पर जनता पार्टी टूट गई। तब मुम्बई में अटल बिहारी वाजपेई,लाल कृष्ण अडवाणी एवं मुरली मनोहर जोशी के नेतृत्व में भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को मुम्बई में किया गया।

उन्होंने कहाकि हमारे पार्टी की स्थापना बाबा साहेब अम्बेडकर द्वारा लिखित संविधान की रक्षा करते हुए भारत के सबसे अन्तिम व्यक्ति तक विकास अंत्योदय, एकात्म मानववाद व्यवस्था सुनिश्चित कर अखण्ड भारत, विश्व गुरु बनाने हेतु किया गया, जिसे हम सब निश्वार्थ, और त्याग समर्पण भाव से राष्ट्र सर्वप्रथम सर्वोपरि बनाने का काम किया करते है। उतरी मण्डल अध्यक्ष सरोज कुमार ने कहा हमलोग राष्ट्र हित मे संगठन को मजबूती प्रदान कर हर घर तक पहुंचाना लक्ष्य है। मौके पर मंडल महामंत्री सुरेंद्र कुमार सुमन, नीलमणि पासवान, उपाध्यक्ष संजय पासवान, पिंटू कुमार रजक, उमेश मंडल, पवन कुमार मंडल, बैजू सिंह, मंडल मंत्री प्रभाकर कुमार, संजीव कुमार, चंदन पासवान, अकाश कुमार अंशु कुमार, रामचंद्र सिंह, सोनावती देवी, उषा कुमारी एवं समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा, आध्यात्मिक हुआ माहौल

## ड्रोन से हुई निगरानी, जयघोष से गूंजी सड़कें, पुष्प वर्षा से हुआ रामभक्तों का स्वागत

**नबिटा टीम**

**शिवहर/सिवान।** रामनवमी के पावन अवसर पर शिवहर जिले में भव्य शोभायात्रा के माध्यम से रामभक्ति की एक अनुपम झलक देखने को मिली। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और अन्य धार्मिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को दो विशाल शोभायात्राएं निकाली गईं, जिन्होंने जिले भर में रामजी के जयघोष के साथ आध्यात्मिक माहौल निर्मित कर दिया।रामनवमी पर श्रद्धालुओं का जोश देखते ही बन रहा था। हाथों में भगवा ध्वज और मुख पर ह्यजय श्री रामह्न के नारों के साथ रामभक्तों की टोलियां नगर भ्रमण पर निकलीं। एक शोभायात्रा अशोगी बाजार (पुरनहिया प्रखंड) से शुरू हुई, तो दूसरी नरवारा (तरियानी प्रखंड) से। दोनों यात्राएं विभिन्न इलाकों से गुजरती हुई शिवहर शहर में एक साथ पहुंचीं। राम के स्वरूप में सजे बाल कलाकारों ने बग्घियों पर विराजमान होकर श्रद्धालुओं को रामजी की लीलाएं दिखाईं। शोभायात्रा की भव्यता और जनसैलाब के बीच वातावरण पूरी तरह राममय हो गया।

मुख्य शोभायात्रा का रूट पुरनहिया से होकर सोनौल सुल्तान, कटैया, पिपराही, मेसौढ़ा, चमनपुर चौक, सरसौला खुर्द, कोठियां चौक होते हुए शिवहर शहर में खत्म हुआ। समापन पछियारी पोखर स्थित राम-जानकी मठ में महाआरती के साथ किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। माताएं और बहनें भी आरती में शामिल होने के लिए अपने घरों से पूजा की थाल सजाकर पहुंचीं और श्रीराम के चरणों में अपनी आस्था समर्पित की।

शोभायात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय नागरिकों ने श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया। जगह-जगह फूलों की वर्षा, शीतल जल, लस्सी और शर्बत से रामभक्तों की सेवा की गई। पुरनहिया मठ, चमनपुर चौक, जीरोमाइल चौक सहित अन्य स्थानों पर लोगों ने खुले दिल से स्वागत किया। चमनपुर चौक पर पूर्व जिला पार्षद अरुण कुमार गुप्ता के नेतृत्व में विशेष शर्बत वितरण किया गया, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।



सिवान से संवाददाता के अनुसार रामनवमी के पावन अवसर पर सीवान जिले में आस्था, भक्ति और सुरक्षा की मिसाल पेश करता हुआ भव्य जुलूस निकाला गया। पूरा शहर राममय हो गया जब जय श्रीराम के उद्घोष, भक्ति गीतों और श्रद्धालुओं की टोलियों से गलियां और सड़कों की रौनक दोगुनी हो गई। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम के साथ जुलूस शांतिपूर्वक और उत्साहपूर्वक निकाला गया।

प्रभु राम के अनुयायियों की टोलियां जब जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए निकलीं, तो हर गली और चौराहे पर लोग भाव-विभोर होकर स्वागत करते नजर आए। श्रद्धालुओं के माथे पर चंदन, सिर पर भगवा पगड़ी, गले में चुंदरी और होठों पर राम का नाम था। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का अभिनंदन किया। पूरे शहर को धार्मिक रंग में रंगते हुए सड़कों और गलियों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।इस शोभायात्रा की एक बड़ी खासियत थी भव्य और मनमोहक झांकियां। श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान के जीवंत स्वरूपों में सजे श्रद्धालुओं ने लोगों को आकर्षित किया। बच्चों और युवाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए वातावरण को और भी रमणीय बना दिया। झांकियों में राम दरबार, सीता हरण, संजीवनी पर्वत आदि की झलक देखने को मिली। जुलूस में सिर्फ धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता का भी प्रदर्शन हुआ।

# मुखिया, सरपंच को रजामंद कर प्रेमी-प्रेमिका हुए एक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** मोहनपुर प्रखंड मुख्यालय के शिव मंदिर में शुक्रवार को एक प्रेमी-प्रेमिका ने शादी रचा ली। लड़का संतोष कुमार ग्राम दहियार थाना बाराचट्टी जिला गया का रहने वाला है। जबकि लड़की सपना कुमारी मोहनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत सिन्दुआर के लालाडिह गांव की रहने वाली है।

दोनों के बीच एक साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। लड़की का कहना है कि उसके परिजन किसी अन्य लड़की से उसकी शादी करना चाह रहे थे। इस कारण वह अपनी मर्जी से लड़का को अपने घर बुलाया और अपने माता-पिता को सारी बात को जानकारी दी। इस बात की जानकारी ग्राम पंचायत के मुखिया एवं सरपंच को भी दी गई।

उक्त घटना की जानकारी मोहनपुर थाने को भी दी गई। थाना ने दोनों लड़का-लड़की से पूछताछ करने के बाद पंचायत के सरपंच के ऊपर छोड़ दिया गया।

इसके बाद ग्राम पंचायत सिन्दुआर के सरपंच शिव पासवान एवं मुखिया उमेश पासवान ने दोनों लड़का-लड़की से पूछताछ की। दोनों ने बताया कि 1 साल से दोनों एक दूसरे से प्यार करते हैं। दोनों एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकते। इतना सुनते ही फिर सरपंच ने दोनों के माता-पिता से गहरी पूछताछ की। फिर इसके बाद दोनों के माता-पिता जब राजी खुशी हो गए।

दोनों को प्रखंड मुख्यालय के शिव मंदिर में भगवान शिव को साक्षी मानकर लड़का ने लड़की को मांग में सिंदूर डाल दिया।

इधर लड़की सपना कुमारी ने बताई कि हम एक साल से संतोष कुमार से प्रेम कर रहे थे उन्होंने कहा कि मैं बीए पार्ट वन में पढ़ रही हूं और मैं सोच समझ कर संतोष के साथ शादी किया हूं। इधर लड़के के पिता हरि प्रजापत ने कहा कि मेरा बेटा उक्त लड़की से प्रेम कर रहा था किसी को इज्जत का सवाल था। मैंने अपने बेटे को समझाया और कहा कि अब इसी के साथ शादी कर लो हमें कोई एतराज नहीं है।

# पशुपति पारस ने वक्फ संशोधन बिल को बताया अनुचित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी प्रमुख सह पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने कहा कि केंद्र सरकार देश में हिंदुत्व की भावना जगाना चाहती है। जो कहीं से उचित नहीं है।

भारत एक बगीचा है, जहां सभी धर्मों के लोग रहते हैं। जिन्हें संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार है। जिसका कोई हनन नहीं कर सकता है। मैं वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करता हूं।

पार्टी आगामी बिहार विधान सभा चुनाव को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलन कर रही है। इसके जरिये सभी 243 सीटों पर संगठन की मजबूती के साथ ही पार्टी की सदस्यता अभियान चलायी जा रही है।

वे रविवार को रानीगंज में जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने के क्रम में अररिया पहुंचे थे, जहां उन्होंने जिला अतिथि गृह में प्रेस कान्फ्रेंस किया।

पारस ने कहा कि स्व रामविलास पासवान सब दिन अकलियत के नेता रहे। अब उनके पुत्र चिराग पासवान उनके सिद्धांतों के खिलाफ अकलियों के विरूद्ध वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि धर्म के विरोध में जाने का अधिकार संविधान नहीं देती है। पार्टी सभी 243 सीटों पर विधान सभा चुनाव की तैयारी कर रही है।

चुनाव का समय आने पर पार्लियामेंट बोर्ड की बैठक में तय कर बताया जाएगा कि पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी या फिर किसी गठबंधन के साथ जाएगी।

पार्टी तीन महीने से चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलन कर रही है। अररिया 21वां जिला है जहां यह सम्मेलन हो रहा है। सोमवार को खगड़िया में सम्मेलन होगा।

आगामी 14 अप्रैल को पटना के बापू सभागार में पार्टी की ओर से डा भीमराव आंबेदकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के भविष्य को उजागर करेंगे।

एक सवाल के जवाब में कहा कि वे तीन भाई थे। शहरबन्नी में उनकी पैतृक संपत्ति में तीनों भाई का अधिकार है। पिता की मृत्यु के बाद उन्होंने पैतृक घर जो छह कमरे का है, उसका पुनर्निमाण कराया।

जिसमें दो-दो कमरा तीनों भाई के हिस्से में है। मैं बंटवारे के लिए तैयार हूं। चिराग पासवान से पूछा जाना चाहिए कि वे जब बड़ी मां राजकुमारी देवी से भेंट करने आए तो उनको इलाज के लिए क्यों नहीं पटना से दिल्ली ले गए। मां को पटना दिल्ली की कोठी क्यों नहीं कभी दिखाया गया। उन्होंने अपने पिता के सपनों पर पानी फेर दिया है।

मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस राज ने कहा कि धर्म के आधार पर लोगों को बांटना कहां तक उचित है। सभी धर्मों के लोगों को उचित मान सम्मान मिलना चाहिए। बिहार में दलित विरोधी और बीमारू सरकार है।

पार्टी के आगामी विधान सभा चुनाव में जाने के फैसले पर यहां की जनता के साथ पार्टी के कार्यकर्ता और दलित सेना के कार्यकर्ता निर्णय लेंगे।

# नाच देखने से मना करने पर पत्नी ने लगायी कुएं में छलांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** जिले के मलयपुर थाना क्षेत्र के डोमटोली गांव में शनिवार की देर रात पति ने पत्नी को लौंडा नाच देखने से रोका तो पत्नी ने कुएं में छलांग लगा दी। हालांकि कुएं में पानी कम रहने के कारण पत्नी की जान बच गई। लेकिन वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मामला मलयपुर थाना क्षेत्र के डोमटोली गांव निवासी राजेंद्र तूरी और उसकी पत्नी नंदनी देवी से जुड़ा है। इस घटना के बारे में जानकार सबलोग हैरान हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि पति राजेंद्र तूरी देर रात झाझा से काम कर लौटे थे तो उन्होंने देखा कि गांव के ही तांती टोला में लौंडा नाच का कार्यक्रम हो रहा है। नजदीक आने पर उन्होंने देखा कि उनकी पत्नी नंदनी देवी भी नाच का लुत्फ उठा रही है। पत्नी को नाच देखते हुए पति आगबबूला हो गया।

नाराज पति ने पत्नी को खूब डांट फटकार लगाई। सैकड़ों लोगों के बीच डांट फटकार सुनकर पत्नी नंदनी गुस्से में घर चली आई जिसके पीछे-पीछे

## गांव में चल रहा था लौंडे का नाच

पति भी घर वापस लौट आया। घर लौटने के बाद दोनों के बीच विवाद काफी बढ़ गया जिसके बाद नंदनी ने गुस्से में घर के बगल स्थित कुएं में छलांग लगा दी।

वहीं पत्नी के कुएं में कूदने के बाद पति हो हल्ला करने के बाद अगल-बगल के लोग जुट गए।

लोगों ने बताया कि गनीमत रही कि कुआं में पानी कमर तक ही था लेकिन कुआं काफी गहरा था। जिसके कारण नंदनी की जान तो बच गई लेकिन नंदनी के सिर में गंभीर चोट आई है। जिसके बाद करीब एक घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद नंदनी को बाहर निकाला गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद फौरन उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इधर, इसकी सूचना नंदनी के मायके वालों को मिली तो वह आननफानन में पहुंचे। इसके बाद नंदनी को अपने साथ लेकर चले गए।

# सेवानिवृत राजस्वकर्मी के घर से हथियार के बल पर लाखों की लूट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** प्रखंड के कुम्हरी पंचायत के कुम्हरी गांव में कदवा थाना के पीछे स्थित 76 वर्षीय रिटायर्ड राजस्व कर्मी कमलदेव पंडित एवं रिटायर्ड शिक्षिका पुष्पा रानी के घर रविवार सुबह करीब 6.45 बजे चार नकाबपोश बदमाशों ने आग्नेयास्त्र के बल पर डकैती की घटना को अंजाम दिया। वहीं, घटना के बाद बदमाश हथियार लहराते हुए पैदल ही मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि बदमाश लगभग 35 हजार नगद के साथ लाखों रुपये मूल्य के जेवरात को साथ लेकर गए हैं।

जानकारी के अनुसार सुबह कमलदेव पंडित दरवाजे पर स्थित गुहाल से गाय को निकाल कर चारा दे रहे थे। तभी चार नकाबपोश बदमाश मुख्य द्वार से अंदर आकर वृद्ध को पकड़ कर रस्सी से हाथ पीछे बांध दिया एवं मुंह में कपड़ा ठूंस कर सिर पर पिस्टल सटा कर अंदर ले गए। वहां एक कमरे में जाकर गोदरेज अलमारी खोलते हुए वहां रखी चाबी से लॉकर खोल कर उसमें रखा नगदी एवं गहना ले लिया।

बताया जा रहा है कि लगभग 35 हजार नगद एवं लाखों मूल्य के गहने बदमाशों ने ले लिए। उसके बाद अन्य कमरे से भी नगद चुराया। इस बीच पूजा घर से उसकी पत्नी पुष्पारानी निकली तो उसे भी हथियार का भय दिखा चुप करा दिया। बाद में दूसरे कमरे से उसकी पुत्री श्रुति निकली।

लेकिन तब तक बदमाश घर से घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। वहीं, पुत्री द्वारा शोर मचाने के बाद कुछ लोगों ने बदमाश का पीछा किया तो नकाबपोश ने फायरिंग कर दहशत पैदा कर पैदल ही हथियार लहराते हुए मक्का के खेत से होकर फरार हो गए।

घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है। कदवा थानाध्यक्ष विजय प्रकाश ने बताया कि बदमाशों की खोजबीन की जा रही है।

वहीं सुबह-सुबह घनी आबादी के बीच हुई घटना से लोग सकते में हैं। बगल में ही स्थानीय मुखिया सुलेखा देवी का भी घर है। लोगों ने पुलिस से अपराधी के शीघ्र पहचान कर गिरफ्तारी की मांग की है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की गहन जांच के लिए डॉग स्क्वायड एवं एफएसएल टीम को बुलाया गया है।

मौके पर पहुंची टीम ने मक्का खेत सहित अन्य जगहों पर जांच किया। कुत्ता बदमाश के भागने की दिशा में गया, लेकिन आगे दूर-दूर तक घना मक्का का खेत होने की वजह से सुराग नहीं मिल पाया।

वहीं, मौके पर एफएसएल की टीम ने नमूना भी लिया है। डकैती किए गए गहने का आकलन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि गृहस्वामी सोने के जेवरात की सही मात्रा नहीं बता पाए हैं।

# संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बीएचयू आईआईटी में छात्रों संग की चर्चा

**वाराणसी, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि समाज में विघटनकारी शक्तियां सक्रिय हैं। समाज को बांटने के लिए एक बड़ा बौद्धिक वर्ग भी सक्रिय है। इसके खिलाफ सभी को आगे आना होगा। विशेष रूप से बौद्धिक वर्ग इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

शिक्षक अगर आइआइटी का हो तो उसका प्रभाव समाज में अधिक प्रभावी होगा। आइआइटी के शिक्षक कुछ समय निकाल कर गांवों तक जाएं। पांच दिवसीय काशी प्रवास पर आए भागवत ने दूसरे दिन आइआइटी बीएचयू के परिसर में प्रोफेसरों व छात्रों के साथ शाखा प्रवास में बौद्धिक चर्चा के दौरान यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत हित से ऊपर उठकर समाज, देश और विश्व को परिवार मानकर निर्माण में जुटना होगा।

एक अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर रहा है। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे संघ को अधिक समय दें। संभव हो सके तो कुछ वक्त के लिए पूर्ण समय दें। पंच प्रण यानी सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण की रक्षा, स्वदेशी भावना का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे हम उत्तम नागरिक का निर्माण कर सकते हैं। इसे बौद्धिक स्तर पर ही नहीं बल्कि जीवन में व्यावहारिक रूप से भी उतारें।



इससे पहले उन्होंने आइआइटी के एनसीसी ग्राउंड में विद्यार्थियों की विवेकानंद शाखा में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि संघ ने 100 वर्षों में भारतीय समाज को सुदृढ़ करने का कार्य किया है। शाखा प्रवास में आइआइटी बीएचयू के 94 विद्यार्थियों और 28 शिक्षकों के साथ संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। भागवत ने सुबह की शुरुआत ध्वज प्रणाम और प्रार्थना से की। इसके बाद दो सत्र में जिला व विभाग प्रचारकों के साथ बैठकें कीं। इनमें काशी प्रांत के प्रचारक शामिल हुए। उन्होंने सभी को संघ के 100 वर्ष पूरा होने पर हर गांव-मोहल्ले तक शाखा प्रारंभ करने का लक्ष्य दिया। कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि जातीय भेदभाव से ऊपर उठकर समरसता बढ़ाने के लिए कार्य करें।

संघ प्रमुख अपने काशी प्रवास के तीसरे दिन शनिवार को सुबह श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन करेंगे। इसके बाद शहर के गणमान्य नागरिकों और बौद्धिक वर्ग के लोगों के साथ चर्चा करेंगे। यह सभी कार्यक्रम निवेदिता शिक्षा सदन बालिका इंटर कालेज में होंगे।

## गोवा, पुणे, अहमदाबाद के लिए उड़ान शुरू करेगा शंख एयर, लखनऊ में बनेगा हेड ऑफिस

**गोरखपुर, एजेंसी।** हवाई सफर करने वालों के लिए अच्छी खबर है।निजी विमान सेवा कंपनी शंख एयर ने गोरखपुर से लखनऊ, गोवा, पुणे, अहमदाबाद, दिल्ली और मुंबई के लिए हवाई सेवा शुरू करने का प्रस्ताव एयरपोर्ट प्रशासन को सौंपा है। इसके साथ ही यात्रियों को अब बस और ट्रेन के विकल्पों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, खासकर उन रूटों पर जहां पहले उड़ानें बंद हो गई थीं।शंख एयर के आपरेशन हेड गुरूदीप सिंह ने गोरखपुर एयरपोर्ट का दौरा किया और एयरपोर्ट निदेशक आर.के. पराशर से मुलाकात कर अपनी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने लखनऊ के अलावा गोवा, पुणे, अहमदाबाद, दिल्ली और मुंबई के लिए उड़ानें शुरू करने का प्रस्ताव दिया।कंपनी ने एयरपोर्ट प्रशासन से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के साथ टर्मिनल भवन में कार्यालय के लिए स्थान भी मांगा है। गुरूदीप सिंह ने जानकारी दी कि लखनऊ में शंख एयर का हेड आफिस स्थापित किया जा रहा है, जिससे देश और विदेश के लिए हवाई सेवा की शुरुआत होगी। इसी क्रम में लखनऊ-गोरखपुर के बीच उड़ान की योजना भी बनाई गई है। एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार, गोरखपुर एयरपोर्ट पर बन रहे तीन एप्रन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है।

## संक्षिप्त समाचार



### प्रयागराज में टला बड़ा हादसा : अटरामपुर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर मिला लोहे का पोल

**प्रयागराज, एजेंसी।** फाफामऊ-ऊंचाहार रूट पर अटरामपुर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर लोहे का एक पोल मिला। पटरी से एक मालगाड़ी गुजरने वाली थी, लोको पायलट ने पोल को देख लिया तो आपातकालीन ब्रेक लगाकर मालगाड़ी रोक दी।घटना की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को दी गई और पोल को पटरी से हटाया गया। पोल किसने रखा अभी इसके बारे में पता लगाया जा रहा है। आरपीएफ, जीआरपी के साथ इंटेलिजेंस को भी सक्रिय किया गया है।मालगाड़ी के लोके पायलट संयोग शर्मा ने बताया कि वह मालगाड़ी को लेकर ऊंचाहार की ओर जा रहे थे। भोर में लगभग सवा चार बजे पटरी पर पोल दिखा था। मामले में ट्रेन मैनेजर प्रवीण ने भी अपनी रिपोर्ट दी है कि पोल से दुर्घटना हो सकती थी और मालगाड़ी पटरी से उतर सकी थी। फिलहाल इसे ट्रेन पलटाने के लिए साजिश माना जा जा रहा है। मामले में प्रयाग के आरपीएफ प्रभारी आरबी सिंह ने बताया कि प्रयाग आरपीएफ पोस्ट में मामले की रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। पोल रखने वालों का पता लगाया जा रहा है।

### गर्मी से लोगों का हाल-बेहाल! यूपी के कई जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार

**लखनऊ, एजेंसी।** प्रदेश में गर्मी ने रफ्तार पकड़ ली है। शनिवार को कई जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में गर्मी और लू को लेकर अलर्ट जारी किया है। शनिवार को लखनऊ में अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।वहीं, आने वाले दिनों में लखनऊ में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया।शनिवार को कानपुर (आइएएफ) में तापमान 40.3 डिग्री, वाराणसी (बीएचयू) में 40.5 डिग्री और प्रयागराज में सबसे अधिक 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा फतेहपुर, सुल्तानपुर, गाजीपुर, हमीरपुर जैसे जिलों में भी पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया।प्रदेश के जिन जिलों में तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया, उनमें लखनऊ, हरदोई, बाराबंकी, कानपुर नगर, गोरखपुर, बलिया, फतेहपुर, सुल्तानपुर, फुर्सतगंज, फतेहगढ़, बस्ती, झांसी, हमीरपुर, बरेली, नजीबाबाद और मेरठ शामिल हैं। सुल्तानपुर और प्रयागराज सबसे गर्म जिले रहे। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में लू चलने की आशंका है। कुछ क्षेत्रों में 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं भी चल सकती हैं। मौसम विज्ञानी डा. अतुल कुमार सिंह के अनुसार, आगामी दिनों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। ऐसे में बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

### भू माफिया घोषित करने के लिए नया कानून लाएगी सरकार

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी सरकार किसी को भू माफिया घोषित करने के लिए जल्द ही नया कानून लेकर आएगी। अभी तक यह फैसला डीएम और एसपी के द्वारा जिले स्तर पर होता है। प्रदेश सरकार भू माफिया घोषित करने के लिए नया कानून लाएगी। सिर्फ शासनादेश के तहत कार्रवाई किए जाने से मामले अदालत में टिक नहीं पा रहे हैं। इसलिए अध्ययन करके नया कानून लाने या पहले से मौजूद कानून में संशोधन का फैसला उच्चस्तर पर लिया गया है। यूपी में भू माफिया चिह्नित करने के लिए एक मई 2017 को शासनादेश जारी किया गया था। इसमें कहा गया था कि जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व्यक्ति का विश्लेषण कर भू माफिया के तौर पर उसको चिह्नित करेंगे।

## मुसलमानों के बाद भाजपा की नजर कैथोलिक ईसाइयों की जमीन पर, संजय सिंह का बड़ा बयान

**मेरठ, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के नेता राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि वक्फ के बाद अब भाजपा की नजर कैथोलिक ईसाइयों की भूमि पर है। वह एजुकेशन ऐंड बुनकर विकास समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने बुढ़ाना गेट स्थित अपार चेम्बर में आये थे।



पत्रकारों से बात करते हुए आप पार्टी के नेता संजय सिंह ने कहा कि कैथोलिक ईसाइयों के पास वक्फ से कहीं ज्यादा भूमि है। इसके बाद सिख, बौद्ध और जैन धर्म की जमीनों को लेकर भी वक्फ संशोधन विधेयक जैसा बिल लाया जायेगा।

कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक संविधान द्वारा दिये गये मूलभूत अधिकारों का उल्लंघन करता है। सरकार में बैठे गुजरात के दो लोग देश की संपत्ति बेच रहे है, गुजरात के दो पूंजीपति अडानी और अंबानी खरीद रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कह रहे हैं कि गोबर से युवाओं को रोजगार दिलाएंगे। तंज भरे लहजे में उन्होंने कहा कि प्रदेश का पढ़ा-लिखा युवा गोबर से रोजगार करेगा। दिल्ली में अब बुजुर्गों को पार्क में जाने के लिए 50-50 रुपए शुल्क देना पड़ रहा है और स्कूलों की फीस बढ़ रही है। आप लोगों को आप पार्टी की याद आ रही है।

वक्फ के रूप में संपत्तियों को दर्ज करने के बाद बड़े पैमाने पर हुए फर्जीवाड़े का चिट्ठा जल्द ही सामने लाया जाएगा। शिया और सुन्नी वक्फ बोर्ड में दर्ज ऐसी 83 हजार गुम संपत्तियों का पता लगाया जाएगा, जिनको पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर चलती गाड़ी पर फायरिंग, मां-बेटे बाल-बाल बचे

**बेलघाट, एजेंसी।** पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार की रात थार गाड़ी पर बाइक सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ पांच राउंड फायर झोंक दिया। इस घटना में गाड़ी बाडी छलनी हो गई, लेकिन गनीमत रही कि गाड़ी में सवार युवक व उनकी मां बाल-बाल बच गए।

पीड़ित का कहना है कि एक दिन पहले अनजान व्यक्ति ने फोन कर जान से मारने की धमकी दी थी। युवक ने गांव के ही दो युवकों व उनके साथियों पर हत्या की कोशिश करने का मुकदमा दर्ज कराया है। बेलघाट थाना पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

घटना शुक्रवार रात करीब आठ बजे की है, जब बहादुरपुर (थाना बेलघाट) निवासी धीरज प्रताप सिंह अपनी मां के साथ थार गाड़ी से गोरखपुर जा रहे थे। ग्राम पंचायत सोमवापुर के पास एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 33 पर बाइक सवार चार हमलावरों ने चलती गाड़ी को निशाना बनाकर गोलियां बरसाईं।

दो हमलावरों ने मुंह पर गमछा बांध रखा था और पीछे बैठे उनके साथियों फायरिंग शुरू कर दी।धीरज प्रताप सिंह का कहना है कि गुरुवार को उन्हें अज्ञात नंबर से जान से मारने की धमकी मिली थी, जिसकी मौखिक जानकारी थाने पर दी गई थी।





थानाध्यक्ष ने सतर्कता की सलाह भी दी थी, लेकिन अगले ही दिन हमला हो गया। धीरज की गाड़ी में चार राउंड गोली विंडशील्ड और दरवाजे पर लगी जिसकी वजह से छेद हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष बेलघाट विकास नाथ मौके पर पहुंचे और थार गाड़ी को थाने ले आए।

एसपी दक्षिणी जितेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित का आरोप है कि गांव के ही दो युवकों ने पुरानी रंजिश में अपने साथियों संग मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।आरोपितों की तलाश चल रही है।

## ग्राम प्रधान की पत्नी निकली लुटेरी गैंग की सरगना, धार्मिक आयोजनों को बनाते थे निशाना

**कानपुर, एजेंसी।** पनकी धाम मंदिर से महिलाओं के मोबाइल और चेन लूटने वाली महिला गिरोह का राजफाश हो गया है। छह महिलाओं को हिरासत में लेकर पनकी थाने की पुलिस पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि लुटेरी गिरोह की सरगना गोरखपुर के कैंपियरगंज थानाक्षेत्र के एक गांव के प्रधान की पत्नी है। इस काम में उसका बेटा, बहू और अन्य रिश्तेदार भी शामिल हैं। प्रधान की दूसरी पत्नी की भी संलिप्तता सामने आ रही है। प्रधान और उसकी दूसरी पत्नी से भी पूछताछ हो रही है। फिलहाल, पुलिस ने आरोपितों की पहचान उजागर नहीं की है।





पनकी धाम मंदिर में मंगलवार को एक साथ कई महिलाओं और युवतियों की चेन, मोबाइल और पर्स लूट लिए गए थे। महिलाओं ने पनकी धाम चौकी में शिकायत की तो पुलिस ने मंदिर परिसर में लगे सीसी कैमरों को खंगाला। इनमें कुछ संदिग्ध महिलाओं की पहचान हुई। यह एक गिरोह की तरह कार्य कर रहा था और वारदात को अंजाम देने के बाद दूसरी जगह चला गया। पुलिस ने साइबर क्राइम की टीम के सहयोग से गिरोह का पता लगाया तो इसमें शामिल महिलाएं गोरखपुर और संत कबीरनगर की रहने वाली निकलीं। उनके पूरे गिरोह का पता लगाया जा रहा है। डीसीपी पश्चिम आरती सिंह ने बताया कि अभी गिरोह के बारे में पूरी जानकारी नहीं मिली है। आरोपित महिलाओं से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में कैंपियरगंज थानाक्षेत्र के एक गांव के प्रधान की दो पत्नियों का नाम सामने आया है। एक गिरोह की सरगना है, जबकि दूसरी की संलिप्तता की जांच चल रही है। सरगना की बहू की भूमिका भी तलाशी जा रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, गिरोह संगठित तरीके से कार्य करता है। इसकी नजर धार्मिक आयोजनों पर रहती है। हर वारदात से पहले उस शहर में होने वाले धार्मिक आयोजनों की जानकारी जुटाता है। कानपुर से पहले गिरोह लखनऊ होकर आया है। ऐसे में वहां की पुलिस से जानकारी हासिल की जा रही है। आरोपित कुंभ मेले, काशी विश्वनाथ मंदिर और अयोध्या धाम भी होकर आई हैं।

## इलाहाबाद हाई कोर्ट के पांच न्यायिक अफसरों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

**प्रयागराज, एजेंसी।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पांच न्यायिक अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। महानिबंधक राजीव भारती की ओर से जारी सूचना के अनुसार, बलराम पंवार सिविल जज जूनियर डिवीजन सिकंदरा राऊ (हाथरस) बहाली के उपरांत भदोही के ज्ञानपुर में मो. शाहनवाज अहमद सिद्दीकी की जगह स्थानांतरित किए गए हैं।



मोहम्मद शाहनवाज अहमद सिद्दीकी सिविल जज (जूडि) भदोही, ज्ञानपुर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भदोही, ज्ञानपुर बनाए गए हैं। उन्हें सृष्टि पांडेय के स्थान पर नियुक्त किया गया है। सृष्टि पांडेय न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी, भदोही यहीं अतिरिक्त सिविल जज, (जूडि) होंगी।

शिंजिनी यादव, अपर सिविल जज (जूडि) भदोही, ज्ञानपुर को यहीं न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी पद पर नियुक्त किया गया है। कमलेश कुमारी, न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी, भदोही ज्ञानपुर अपर सिविल जज (जूडि) भदोही होंगी।

उधर, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद (एचसीबीए) ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को गुपचुप तरीके से शनिवार को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाए जाने की निंदा की है। साथ ही पत्र भेज कर मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली से आग्रह किया है कि उन्हें (न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को) कोई प्रशासनिक या न्यायिक दायित्व न सौंपा जाए।

महामंत्री विक्रांत पांडेय के हस्ताक्षर से जारी पत्र में कहा गया है कि पूरा बार एसोसिएशन इस जानकारी से व्यथित है कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट में पद की शपथ 'गुपचुप' दिला दी गई।

# वाराणसी रोपवे यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी, अब 15 किलो तक सामान ले जा सकेंगे निशुल्क

**वाराणसी, एजेंसी।** देश की पहली रोपवे अर्बन ट्रांसपोर्ट सुविधा को आम आदमी के लिए मुफीद बनाने की कोशिश है ताकि समाज के हर वर्ग को प्रोजेक्ट का लाभ मिले। एनएचएलएमएल (नेशनल हाईवे लाजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड) ने मोनोकेबल डेटाचेबल गोंडोला (केबल कार) और स्टेशनों पर यात्रियों के सुरक्षित लगेज प्रबंधन पर काम शुरू किया है।

तय हुआ है कि गोंडोला पर यात्री अपने साथ केवल 15 किलोग्राम तक सामान ही निश्शुल्क ले जा सकेंगे। अधिक वजन होने पर अतिरिक्त धनराशि चुकानी होगी। अतिरिक्त वजन के हिसाब से सीट का किराया निर्धारण होगा। हवाई सफर में कुछ इसी व्यवस्था से लगेज प्रबंधन हो रहा है, अब यही सिस्टम रोपवे में भी प्रभावी किया जाएगा। कैंट रोपवे स्टेशन पर एक क्लोक रूम (सामान रखने का स्थान) भी बनाया जा रहा है, यहां पर भी सामानों को सुरक्षित रखने की सुविधा मिलेगी।

यात्रियों को टोकन के जरिए व्यवस्था मिलेगी। प्रति किलोमीटर 10 से 15 रुपये सीट का किराया निर्धारण करने की तैयारी है, इसका प्रस्ताव प्रदेश सरकार को भेजा गया है। कैंट से रथयात्रा तक करीब सवा दो किलोमीटर रोपवे की एलाइनमेंट जांच और टेस्ट रन करीब डेढ़ महीने



से चल रहा है।

यात्रियों को बैठाकर ट्रायल रन करने में रोपवे कितना तैयार है, इसके लिए 28 अप्रैल को रोपवे लाइन की वृहद जांच की जाएगी। आस्ट्रिया की लाइटमर कंपनी को सुरक्षा की जांच करने की जिम्मेदारी मिली है। उनकी रिपोर्ट पर ही रोपवे को जनता के हवाले किया जाएगा।

सेक्शन एक में कैंट पर 90 जबकि रथयात्रा में 48 गोंडोला रखा जाएगा। दोनों स्टेशनों के ऊपरी तल पर बड़ा गैराज बनाया गया है, यहीं पर गोंडोला की पार्किंग की जाएगी। एक साथ 148 गोंडोला का मूवमेंट होगा, लेकिन उनका उपयोग काफी हद तक ट्रैफिक पर निर्भर रहेगा।

विशेष स्थान या सेवा की मांग सबसे अधिक होने पर गोंडोला का परिचालन बढ़ाने पर निर्णय लिया जाएगा। एनएचएलएमएल ने अगले महीने रोपवे की सुविधा जनता को सुपुर्द करने की तैयारी की है, इसके लिए जिला प्रशासन को पत्र भी लिखा है। कहा है कि वह अपनी तरफ से परियोजना शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

**गोदौलिया पर गतिरोध बरकरार, सिर्फ तीन सौ वूर्ग मीटर में काम**

गोदौलिया में रोपवे का अंतिम स्टेशन बनाने को लेकर धीमी गति जारी है, क्योंकि यहां पर जमीन का विवाद है। प्रकरण हाई कोर्ट में विचाराधीन है। प्रशासनिक स्तर पर मामले का हल निकाला जा रहा है। वाराणसी विकास प्राधिकरण की तरफ से स्टेशन निर्माण के लिए सिर्फ 300 वर्ग मीटर जमीन ही मिल सकी है, इतने हिस्से में पाइलिंग का कार्य चल रहा है। सात पाइल हो चुका है। विवादित जमीन भी एनएचएलएमएल को आवंटित हो जाएगी तो प्रोजेक्ट को रफ्तार मिल सकती है।

एनएचएलएमएल ने हैदराबाद की कंपनी विश्वसमुद्र से प्रोजेक्ट निर्माण, रखरखाव व संचालन के लिए अनुबंध किया गया था। करीब सवा आठ सौ करोड़ रुपये में परियोजना दो चरणों में पूरी करनी है। यह कार्य मई 2025 तक पूर्ण होना था, लेकिन अक्टूबर तक कार्य अवधि बढ़ेगी।

पहला चरण कैंट, काशी विद्यापीठ व रथयात्रा जबकि दूसरा चरण गिरिजाघर व गोदौलिया तक है, पहले चरण का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है लेकिन दूसरे सेक्शन में बहुत काम बाकी है। अनुबंध के मुताबिक कार्यदायी कंपनी को पहले और दूसरे चरण का ट्रायल रन एक साथ करना है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर निर्णय लिया जाना बाकी है कि ट्रायल रन कितने चरण में किया जाना चाहिए।

# पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी तीन कार्यक्रमों में होंगे शामिल : राजेश कुमार

## वक्फ संशोधन बिल पर जदयू के अकलियत समाज के नेताओं ने किया समर्पण : डॉ शकील अहमद खान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 7 अप्रैल को देश के विपक्ष के नेता राहुल गांधी पटना एयरपोर्ट से सीधे पलायन रोको नौकरी दो यात्रा में शामिल होने के लिए बेगूसराय निकलेंगे और वहां कन्हैया कुमार के साथ पदयात्रा में शामिल होने के बाद पटना संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। साथ ही पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से दिल्ली में हुए गहन मंथन और सांगठनिक मजबूती के लिए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में चर्चा करेंगे जिसमें हर घर कांग्रेस का झंडा और पंचायतों में चौपाल लगाने के कार्यक्रम पर भी चर्चा करेंगे। ये बातें आज संवाददाता सम्मेलन में बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश कुमार ने कही।




संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने विस्तार से बताया कि पार्टी समाज के वंचित और शोषित वर्ग के उत्थान के लिए लगातार देश के विपक्ष के नेता व पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के द्वारा कार्यक्रम और जनसंपर्क चलाया जा रहा है। उसी कड़ी में लगातार तीसरे महीने भी राहुल गांधी बिहार आ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बिहार कांग्रेस के विधानमंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान ने कहा कि यह देश साझा संस्कृति का देश है जिसकी रूह आपसी मोहब्बत में बसती है। भारत सरकार वक्फ बिल जैसे असंवैधानिक कानून लाती है। ताकि देश के धर्मनिरपेक्ष ताने- बाने को बिखेरा जा सके, लेकिन इस देश के सारे लोग अपने धर्म और जाति से ऊपर उठ कर इस तरह के सांप्रदायिक हथकंडे के खिलाफ खड़े हैं और कांग्रेस ने इस अकलियत समाज के गुस्से को राष्ट्रव्यापी आवाज दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पार्टी जनता दल यूनाइटेड में मची भगदड़ पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि बिहार के तथाकथित सेक्युलर दलों ने भाजपा का इस बिल पर समर्थन करके अकलियत समाज के साथ भद्दा मजाक किया है। कल जदयू प्रदेश कार्यालय में अकलियत समाज के नेताओं को जबरन बैठाकर संवाददाता सम्मेलन कराया गया, लेकिन जब पत्रकार साथियों ने सवाल किया तो नेता मौन साधकर संवाददाता सम्मेलन को छोड़कर चले गए जो यह बताने को काफी है कि भाजपा के इशारे पर किस तरीके से एनडीए बिहार के तीनों सहयोगी मौन साधे हुए हैं। अकलियत समाज कभी भी इस अन्याय में साथ देने वाले दलों को माफ नहीं करेगी। संवाददाता सम्मेलन में बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, सह प्रभारी द्वय शाहनवाज आलम व सुशील पासी, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, प्रवक्ता आनंद माधव, सौरभ सिन्हा सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे।

# लालू यादव की सेहत पहले से बेहतर : कृष्णा अल्लावरु

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु रविवार को दिल्ली से पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए पहले सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को बिहार आने वाले हैं। राहुल गांधी सोमवार की सुबह पटना पहुंचेंगे। पटना एयरपोर्ट से वह हेलीकॉप्टर से बेगूसराय जायेंगे। वहां कन्हैया कुमार की पदयात्रा में शामिल होंगे। इसके बाद वापस पटना आयेंगे। पटना में वह पार्टी की ओर से आयोजित संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसका आयोजन श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में किया गया है। कृष्णा अल्लावरु ने बताया कि उन्होंने शनिवार को दिल्ली के



एम्स में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की थी। उनकी तबीयत पहले से बेहतर है और वह जल्द ही पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि वो लालू यादव के जल्द स्वस्थ्य होने की प्रार्थना करते हैं। बता दें कि कृष्णा अल्लावरु ने कांग्रेस के बिहार प्रभारी बनने के बाद पहली बार नई दिल्ली के एम्स में जाकर लालू यादव से मुलाकात की थी।

# भाजपा के प्रदेश कार्यालय में मना पार्टी का 46वां स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के प्रदेश कार्यालय में रविवार को धूमधाम से पार्टी का 45वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डा. दिलीप जायसवाल ने कहा कि आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। इसके पीछे पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी जैसे नेताओं का समर्पण रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश की विचारधारा, विरासत और संस्कृति को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम भारत को फिर से विश्वगुरु बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। दिलीप जायसवाल ने बताया कि स्थापना दिवस को लेकर प्रदेश, जिला और बूथ स्तर पर धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दिलीप जायसवाल ने 7 अप्रैल को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बिहार दौरे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हम राहुल गांधी को धन्यवाद देते हैं कि वे जहां भी जाते हैं, वहां कांग्रेस का नुकसान ही करते हैं। छत्तीसगढ़, हरियाणा, महाराष्ट्र, राजस्थान और दिल्ली में उन्होंने कांग्रेस का लुटिया डुबो दिया, अब मोक्ष की धरती गया पहुंचकर शायद अंतिम यात्रा की तैयारी कर रहे हैं। वहीं, वक्फ संशोधन बिल को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बयान पर दिलीप जायसवाल ने कहा कि तेजस्वी यादव का दोहरा चरित्र सामने आ रहा है। उनके पिता लालू प्रसाद यादव ने 2010 में खुद इस बिल की जरूरत बताई थी। तेजस्वी को राजनीति विरासत में मिली है, वे चांदी के चम्मच से राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने सभी समुदायों की राय लेकर बिल तैयार किया है। बिल को संसद में लाने से पहले ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमिटी ने देशभर के लोगों से सुझाव लिए। लोकसभा और राज्यसभा में लंबी बहस के बाद इसे पारित किया गया। राष्ट्रपति की मंजूरी से यह कानून बना है। जायसवाल ने मुसलमान और अल्पसंख्यक समुदाय को आश्वस्त किया है कि वक्फ संपत्ति पर उनका ही अधिकार रहेगा और इसे कोई नहीं लूट पाएगा।

# महाचक में रामनवमी पर निकली ऐतिहासिक शोभा यात्रा

## विपिन सिंह के नेतृत्व में हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता, सांप्रदायिक सौहार्द और जनकल्याण की मिसाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रामनवमी के पावन अवसर पर महाचक से सिढ़ शिवाला तक एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसने क्षेत्र में आस्था, एकता और सांस्कृतिक चेतना का अद्वितीय संदेश दिया। इस शोभा यात्रा का आयोजन गोल इंस्टिट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह के नेतृत्व में किया गया जिन्होंने अपने प्रेरणादायक मार्गदर्शन से आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। शोभा यात्रा में महाचक सहित नवरंगा, बुढ़ी, उपथु, भैया बीघा, मुरू बीघा, मनीबी, पियार, मीरगंज, बदरा, बदहपुर, नगरियावां, डीहुरी, डेमा, करजनी,



सिढ़, दुनीचक, बीकायपुर, महादेवबीघा सहित अनेक गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभा यात्रा में सजे हुए हाथी, घोड़े, भव्य झांकियां और भक्ति संगीत ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री सिंह ने बताया कि यह शोभा यात्रा हर वर्ष रामजन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित की जाती है। इस वर्ष नवरात्र के नौ दिवसीय पूजन के उपरांत राम जन्मोत्सव के दिन यह यात्रा 'शांति, समृद्धि और सम्पूर्ण मानवता के कल्याण' की भावना के साथ निकाली गई। उन्होंने कहा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम केवल एक धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि जीवन के आदर्श हैं। हमें उनके आदर्शों पर चलकर एक आदर्श समाज की स्थापना करनी चाहिए। विशेष बात यह रही कि इस शोभा यात्रा में हिन्दू-मुस्लिम सहित सभी समुदायों के लोगों ने भाग लेकर भारत की गंगा-जमुनी तहज़ीब और सामाजिक सौहार्द की अनूठी मिसाल पेश की। शोभा यात्रा का जनसैलाब और आपसी मेल-जोल देखने योग्य था। आयोजन को लेकर स्थानीय जनता, युवा वर्ग, महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। श्रद्धालुओं के चेहरों पर आस्था, ऊर्जा और आनंद की झलक साफ दिखाई दे रही थी। यात्रा के समापन के साथ ही पूरे क्षेत्र में रामभक्ति और सामाजिक सौहार्द की गूंज सुनाई दी।

# रामनवमी पर वंशी हनुमान मंदिर में अखण्ड कीर्तन एवं भंडारा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** पटना के फुलवारीशरीफ बायपास रोड में बेऊर थाना क्षेत्र भिखाचक स्थित वंशी हनुमान मंदिर में रामनवमी के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य अखण्ड कीर्तन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें भक्तों को प्रसाद स्वरूप भोजन कराया गया। आयोजन के संयोजक शिव शंकर सिंह एवं वंशी परिवार द्वारा सभी भक्तों का स्वागत व सेवा भाव से सत्कार किया गया। शिव शंकर सिंह, शशि शेखर सिंह, नागेश कुमार ने बताया कि कई वर्षों से यह आयोजन यहां हो रहा है और इसका उद्देश्य पटना जिला व बिहारवासियों के सुख समृद्धि और आर्थिक उत्थान शैक्षणिक उत्थान सामाजिक उत्थान हो इसके लिए हम लोग यह आयोजन करते चले आ रहे हैं। पुराने पीढ़ी से चला हुआ परंपरा अगली पीढ़ी तक चल रहा है। आगे भी हमारी पीढ़ी यह हरि कीर्तन कार्यक्रम चलाती रहेगी। हमारे आसपास के लोग सुख समृद्धि से परिपूर्ण हो, सभी लोग भाईचारा से रहे यह हमारा उद्देश्य है। धार्मिक आयोजन में जय राम लला, जय सिया लली जय जय लक्ष्मण, बजरंग बली जैसे भक्ति से ओतप्रोत कीर्तन के बोलों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। आसपास के पूरे इलाके में जय श्री राम जय सीताराम जय बजरंगबली जय सियाराम के गगन भेदी नारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। आयोजनकर्ता शशि शेखर सिंह, राजेश राज, दिलीप यादव ने बताया कि सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्तजनों ने इस पुण्य आयोजन में भाग लिया।

# बाढ़ में रामनवमी की धूम, निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** बाढ़ में सवेरा चौक एवं हॉस्पिटल चौक से रामनवमी के दिन भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर कई राजनैतिक दलों के नेता एवं कई कलाकार शामिल हुए। हजारों की संख्या में लोग शोभा यात्रा में चार चांद लगाने के लिए आयोजन समिति के द्वारा हाथी, घोड़े, ऊंट, ऑर्केस्ट्रा तथा बैंड-बाजे मंगाए गए थे। वहीं इस अवसर पर एक से एक झांकियों की प्रस्तुति भी की गई। झांकियों में राम-सीता-लक्ष्मण एवं रावण का किरदार काफी आकर्षक रहा। सवेरा चौक पर रामनवमी के दिन झांकी निकालने की शुरुआत करने वाले मुख्य प्रेरणास्त्रोत लोगों के हर दिल अजीज रहे स्वर्गीय डबलू कुमार सिंह नहीं रहे, लेकिन चौक पर उनकी तस्वीर को लगाकर



आयोजकों द्वारा उन्हें शिद्दत से याद भी किया गया। रामनवमी के दिन पूरे बाढ़ शहर को पटाखों एवं भगवा झंडों से सजा दिया गया था। झांकी को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग सड़क के किनारे खड़े रहे। ऑर्केस्ट्रा में गाए जा रहे गीतों पर लोग थिरकते हुए भी नजर आए। वहीं बुलडोजर भी मंगाए गए थे जिस पर कुछ रामभक्त सवार होकर झांकी में शामिल हुए। पूरा बाढ़ रामनवमी के अवसर पर राममय होता हुआ नजर आ रहा था। वहीं मुख्य आकर्षण के तौर पर भगवान राम की मूर्ति रही जो अयोध्या में राम मंदिर के तर्ज पर बनाया गया था जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे। इस शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मौके पर सवेरा चौक से निकाली गई शोभा यात्रा के आयोजन समिति के संयोजक राजेश सिंह राजू, नीलमणि सिंह कुंदन, संजीव कुमार, छात्रनेता दीपक सिंह ने कमान संभाली तो वहीं हॉस्पिटल चौक से निकाली गई शोभा यात्रा के आयोजन समिति के संयोजक पंकज शर्मा, विक्की कुमार, डॉक्टर अंजेश कुमार, संतोष कुमार, मुकुंद कुमार सिंह आदि ने कमान संभाली। इस अवसर पर शोभा यात्रा में शामिल होने के लिए बाढ़ के विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू, राजद नेता नीरज कुमार सिंह तथा रविरंजन शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में आनंद मोहन ने शिरकत की। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए दर्जनों की संख्या में पुलिस बल मौजूद थे। वहीं थानाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह के द्वारा बराबर मॉनिटरिंग की जा रही थी।

# मसौढ़ी छोटकी बाजार के दुर्गा मंदिरों में नौ कन्याओं की पूजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** चैती दुर्गा पूजा में कन्या पूजा का भी विशेष महत्व होता है। नवमी तिथि पर रविवार को मसौढ़ी के छोटकी बाजार दुर्गा मंदिर में नौ कन्याओं की पूजा हुई। इसके अलावा जो भक्त अपने घरों में दुर्गा पूजा का आयोजन करते हैं तो वे भी नौ कन्याओं की पूजन के बाद ही अपना व्रत पूरा करते है। बताते चलें कि नवरात्रि में व्रत रखने के बाद कन्या पूजन करने से माता रानी प्रसन्न होती है। सुख-समृद्धि, धन-संपदा का आशीर्वाद देती है। इसके साथ ही कन्या पूजन करने से कुंडली में नौ ग्रहों की स्थिति मजबूत होती है। कन्या पूजन करने से माता की विशेष कृपा प्राप्त होती है। मान्यता है कि बिना कन्या पूजन के नवरात्रि का पूरा फल नहीं मिलता है। कन्या पूजन करने से परिवार के सभी सदस्यों के बीच प्रेम भाव बना रहता है और सभी सदस्यों की तरक्की होती है। इस अवसर पर कन्या पूजा के बाद उन्हें भोजन एवं उपहार प्रदान किया गया।

# रामनवमी महोत्सव पर शक्तिधाम दादी मंदिर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रामनवमी के पावन अवसर पर शक्तिधाम दादी मंदिर परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में भक्तिभाव के साथ पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि हर वर्ष चैत्र शुक्ल नवमी को रामनवमी पूजा का आयोजन किया जाता है। इस शुभ अवसर पर विधिवत भोग अर्पित किया गया तथा भजन-कीर्तन के माध्यम से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में संजय भालोटिया ने पूजा का नेतृत्व किया। उनके साथ अमर अग्रवाल, रमेश मोदी, अक्षय



अग्रवाल सहित काफी संख्या में श्रद्धालुजन भी उपस्थित रहे और भगवान राम के जन्मोत्सव का उत्साहपूर्वक अभिनंदन किया। पूजा के दौरान हनुमान मंदिर में विशेष अनुष्ठान और हवन किया गया। इस अवसर पर मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने कहा रामनवमी के पावन अवसर पर हमें भगवान राम के आदर्शों और मूल्यों को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए।

शक्तिधाम दादी मंदिर के हनुमान मंदिर के पुजारी ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की गई और भगवान को भोग लगाया गया।

# बेऊर जेल में छापेमारी से हड़कंप, बंदी वार्ड से मोबाइल और चार्जर बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** आदर्श केंद्रीय कारा, बेऊर में शनिवार को दोपहर बाद हुई औचक छापेमारी से जेल परिसर में हड़कंप मच गया। कारा प्रशासन द्वारा किए गए सख्त तलाशी अभियान में रवि गोप के वार्ड (गोदारी खण्ड, वार्ड संख्या 2/14) से मोबाइल चार्जर सहित अन्य प्रतिबंधित सामग्री बरामद की गई। छापेमारी की सूचना मिलते ही जेल परिसर में हड़कंप मच गया और कई बंदी सतर्क हो गए। प्रशासन ने बरामद सामग्री के साथ पूरी जब्ती सूची बेऊर थाना को सौंप दी और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जेल सुपरिंटेंडेंट नीरज कुमार झा ने



बताया कि तलाशी के दौरान चार स्मार्टफोन, दो चार्जर और डाटा केबल बरामद हुए। इन सामग्रियों की बरामदगी नाला रोड, कदमकुंआ निवासी रवि गोप नामक बंदी के वार्ड से हुआ। जेल प्रशासन का कहना है कि इस तरह की छापेमारी आगे भी जारी रहेगी और किसी भी अवैध गतिविधि को जेल के भीतर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# राममय हुआ मसौढ़ी, शोभायात्रा निकाली गयी

## जुलूस नियंत्रण में 25 दंडाधिकारी, 4 ट्रैफिक कंट्रोल में दिखे मुस्तैद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** रामनवमी के मौके पर पूरा मसौढ़ी राममय दिखा जहां सड़कों पर सैकड़ों की संख्या में राम भक्त जय श्री राम के नारों से गूंजता रहा। मसौढ़ी के ठाकुरबाड़ी मंदिरों में सुबह से ही रामायण पाठ, भजन कीर्तन होता रहा। वहीं सीता राम लक्ष्मण की झांकी और शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस एवं दंडाधिकारी की तैनाती रही। श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर से भव्य रूप से शोभायात्रा निकाला गया। विधिवत तौर पर पूजा अर्चना कर आरती उतारी। उसके बाद शोभा यात्रा की शुरुआत हुई जहां अभिमन्यु पटेल, माधुरी सिन्हा, अजय शर्मा, अनिश, संजय केसरी आदि रहे जो पूरे शहर में शोभायात्रा निकाला गया।



इसके अलावा शनिदेव मंदिर कमेटी की ओर से भी विधिवत तौर पर पूजा अर्चना करने के बाद शोभायात्रा निकाला गया जहां मौके पर उपमुख्य पार्षद चंद्रकांत कुमार और वार्ड पार्षद शंभू कुमार सिंह, छोटेलाल ठाकुर आदि ने पूजा की। सभी जगहों पर जुलूस भव्य रूप से निकाला गया। वहीं बजरंग दल के द्वारा भव्य झांकी निकाली गई जहां महेंद्र सिंह अशोक, विकास यादव आदि रहे। मौके पर एसडीएम अमित कुमार पटेल, एसडीपीओ नभ वैभव, थानाध्यक्ष अनिल कुमार, बीडीओ प्रभाकर कुमार सिंह, अंचलधिकारी प्रभात रंजन समेत अन्य दंडाधिकारी अपने दल-बल के साथ पूरे टीम के साथ मुस्तैद रहे। इसके अलावा ड्रोन कैमरे से जुलूस पर विधि व्यवस्था की निगरानी रही, इसके अलावा पुनपुन में भी श्री राम सेवा दल, बजरंग दल के द्वारा जुलूस निकाला गया। यहां पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी, बीडीओ, सीओ एवं दंडाधिकारी मुस्तैद दिखे।

# मसौढ़ी पुरानी बाजार के दुर्गा मंदिरों में नौ कन्याओं की पूजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** चैती दुर्गा पूजा में कन्या पूजा का भी विशेष महत्व होता है। नवमी तिथि पर रविवार को मसौढ़ी के पुरानी बाजार दुर्गा मंदिर में नौ कन्याओं की पूजा हुई। इसके अलावा जो भक्त अपने घरों में दुर्गा पूजा का आयोजन करते हैं तो वे भी नौ कन्याओं की पूजन के बाद ही अपना व्रत पूरा करते है। बताते चलें कि नवरात्रि में व्रत रखने के बाद कन्या पूजन करने से माता रानी प्रसन्न होती है। सुख-समृद्धि, धन-संपदा का आशीर्वाद देती है। इसके साथ ही कन्या पूजन करने से कुंडली में नौ ग्रहों की स्थिति मजबूत होती है। कन्या पूजन करने से माता की विशेष कृपा प्राप्त होती है। मान्यता है कि बिना कन्या पूजन के नवरात्रि का पूरा फल नहीं मिलता है। कन्या पूजन करने से परिवार के सभी सदस्यों के बीच प्रेम भाव बना रहता है और सभी सदस्यों की तरक्की होती है। इस अवसर पर कन्या पूजा के बाद उन्हें भोजन एवं उपहार प्रदान किया गया।

# रामनवमी में गंगा जमुनी की मिसाल, मुस्लिम भाइयों ने राम भक्तों को पिलाया शरबत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** एक तरफ पूरे देश भर में रामनवमी का जोश वहीं दूसरी ओर वक्फ बोर्ड के विरोध के बीच मसौढ़ी में मुस्लिम भाइयों ने राम भक्तों के लिए सबको शरबत एवं पानी पिलाया है। इस दौरान गंगा जमुनी तहजीब की झलक भी देखने को मिली। रामनवमी के मौके पर मसौढ़ी में निकाली गयी जुलूस के दौरान मुस्लिम भाइयों ने शरबत शिविर का आयोजन किया जिसका उद्घाटन एसडीएम अमित कुमार पटेल डीएसपी नव वैभव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।




एसडीएम ने कहा यह एक अच्छी पहल है और दो संप्रदायों के बीच भाईचारा का संदेश है। शोभायात्रा में शामिल राम भक्तों को मुसलमान भाइयों ने नींबू, पानी और शरबत पिलाकर शांति सद्भावना भाईचारा एकता प्रेम का संदेश देने की कोशिश की। इस मौके पर मोहम्मद मकसूद रजा ने कहा कि प्रत्येक साल रामनवमी के मौके पर हम सभी मुसलमान भाई, हिंदू भाइयों को शरबत पिलाते हैं। झांकी और जुलूस निकालने वाले सभी राम भक्तों को हम सभी लोग गले से लगाते हैं और उन्हें नींबू पानी पिलाते हैं। मकसूद रजा ने कहा कि यहां गंगा जमुना तहजीब की एक इबारत लिख रहे हैं। मौके पर मो. मेराज, मो. निसार आलम, मो. अरशद के साथ राहुल चंद्रा, कृष्णा सिंह, डॉ सुनील गावस्कर, विश्वनाथ केसरी, सुनील वर्मा आदि रहे।

# रक्सौल से कोलकाता के लिए एक वन-वे स्पेशल का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर सीतामढ़ी-दरभंगा-समस्तीपुर-बरौनी-साहेबपुर कमाल-मुंगेर-भागलपुर-रामपुर हाट के रास्ते रक्सौल से कोलकाता के लिए एक वन-वे स्पेशल का परिचालन किया जायेगा। गाड़ी सं. 05599 रक्सौल-कोलकाता वन-वे स्पेशल 08.04.2025 को रक्सौल से 09.00 बजे खुलकर 10.00 बजे बैरगनियां, 10.45 बजे सीतामढ़ी, 11.18 बजे जनकपुर रोड, 12.00 बजे दरभंगा, 13.10 बजे समस्तीपुर, 14.20 बजे बरौनी, 15.05 बजे बेगूसराय, 15.35 बजे साहेबपुर कमाल, 16.15 बजे मुंगेर, 16.45 बजे बरियारपुर, 17.30 बजे सुलतानगंज तथा 19.40 बजे भागलपुर सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 05.50 बजे कोलकाता पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय सह तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02 कोच, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 01 कोच, शयनयान श्रेणी के 09 कोच, साधारण श्रेणी के 04 कोच एवं एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 18 कोच होंगे।

## संपादकीय

### भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए पारदर्शिता जरूरी

भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के उपायों में पारदर्शिता को एक सबसे अहम कड़ी माना जाता रहा है। यही वजह है कि सांस्थानिक स्तर पर उच्च पदों पर नियुक्त लोगों की संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने को लेकर अक्सर आवाज उठती रही है। इस क्रम में न्यायाधीशों से भी उनकी संपत्ति का खुलासा करने की अपेक्षा की जाती है। मगर इस मसले पर उठे सवालों के बावजूद कोई ऐसी व्यवस्था नहीं बन पाई जिसमें न्यायाधीशों के लिए अपनी जायदाद की जानकारी को सार्वजनिक करना अनिवार्य हो। यों अलग-अलग अदालतों के कुछ जज अपनी संपत्ति की घोषणा करते रहे हैं, लेकिन ऐसी पहलकदमी का महत्त्व सीमित ही रहा।अब इस मसले पर देश के सर्वोच्च न्यायालय की ओर से एक अहम पहल की गई है। इसके तहत यह फैसला लिया गया है कि शीर्ष अदालत के प्रधान न्यायाधीश और अन्य सभी जज अपनी संपत्ति की जानकारी सार्वजनिक करेंगे। हालांकि यह स्वैच्छिक आधार पर किया जाएगा। यानी न्यायाधीशों ने किसी कानूनी बाध्यता की वजह से नहीं, बल्कि स्वेच्छा से अपनी संपत्ति का विवरण सार्वजनिक करने का फैसला किया है।निश्चित रूप से सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की इस पहल ने न्यायपालिका में पारदर्शिता को लेकर देश भर में वैसे तमाम लोगों का ध्यान खींचा है, जो भ्रष्टाचार को व्यवस्था की एक सबसे बड़ी समस्या मानते हैं और उसके हल के उपायों में पारदर्शिता की अहमियत को प्राथमिक बताते हैं। अन्य सभी क्षेत्रों में भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए अगर कोई नीति बनाई जाती है, नियम लागू किए जाते हैं, तो उसे लागू होने में व्यवस्थागत स्तर पर हुई लापरवाही या उदासीनता के खिलाफ कई बार अदालतों का रुख भी करना पड़ सकता है।जाहिर है, भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए अगर किसी अदालत में एक नियम को जरूरी बताया जाता है, तो उस कसौटी पर न्यायाधीश को रखने की भी उम्मीद की जाएगी। इस लिहाज से देखें तो सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति के ब्योरे को सार्वजनिक पटल पर रखने का फैसला किया है, तो इसका दूरगामी महत्त्व है। यह फैसला खासतौर पर इसलिए भी अहम माना जा रहा है कि हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय के एक जज के घर में करोड़ों की नकदी मिलने की खबर आई थी और उसके बाद जजों की आय और संपत्ति को लेकर कई तरह के सवाल उठे हैं।दरअसल, सूचना का अधिकार कानून लागू होने और कुछ न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद इस मुद्दे पर बहस तेज हो गई थी कि जजों की संपत्ति को लेकर भी पारदर्शिता क्यों नहीं सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसी क्रम में वर्ष 2009 में सर्वोच्च न्यायालय और सभी उच्च न्यायालय के जजों ने नियमित रूप से अपनी संपत्ति की जानकारी सार्वजनिक करने का संकल्प लिया था, लेकिन उसका कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया। इस संबंध में एक संसदीय समिति भी अपनी एक रपट में यह कह चुकी है कि जजों की संपत्ति की घोषणा को अनिवार्य बनाने के लिए एक कानून लाया जाना चाहिए।दरअसल, जब तक जजों की ओर से नियमित रूप से अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने की प्रक्रिया को संस्थागत रूप नहीं दिया जाएगा, तब तक इस संबंध में सिर्फ निजी स्तर पर की गई पहल या संकल्प के बूते इसमें निरंतरता बनाए रखना मुश्किल साबित होगा। जबकि अगर न्यायाधीशों की संपत्ति को लेकर एक पारदर्शी व्यवस्था बनाई जाती है, तो इससे समूची व्यवस्था में जनता का भरोसा बढ़ेगा और न्यायपालिका की विश्वसनीयता में इजाफा होगा।

**'सबका साथ, सबका विकास' की विचारधारा से ओतप्रोत हो सशक्त, सुदृढ़, समृद्ध, समर्थ, स्वावलम्बी एवं विश्वगुरु भारत के निर्माण के लिए पूरी निष्ठा व ईमानदारी से समर्पित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 6 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मना रही है, भाजपा के प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा जिले, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की श्रृंखलाएं चलाई जा रही है, विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा की विचारधारा व केंद्र व भाजपा शासित राज्य सरकारों की नीतियों को लेकर के अधिक से अधिक लोगों के पास कैसे पहुंचा जाएं, देश व प्रदेशों का भाजपा नेतृत्व इसकी रणनीति निरंतर बना रहा है।**

# नीति, दृढ़संकल्प व करिश्माई नेतृत्व के दम पर राजनीति के शिखर पर भारतीय जनता पार्टी

(दीपक कुमार त्यागी)

भाजपा ने एक राजनैतिक दल के रूप में शुरुआत से लेकर के आज तक राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय एवं जनहित के मुद्दों को बहुत ही दमदार ढंग से उठाते हुए, देश के आम जनमानस के बीच बेहद ही कम समय में अपनी एक सशक्त पहचान बनाने का कार्य किया है।

'सबका साथ, सबका विकास' की विचारधारा से ओतप्रोत हो सशक्त, सुदृढ़, समृद्ध, समर्थ, स्वावलम्बी एवं विश्वगुरु भारत के निर्माण के लिए पूरी निष्ठा व ईमानदारी से समर्पित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 6 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मना रही है, भाजपा के प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा जिले, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की श्रृंखलाएं चलाई जा रही है, विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा की विचारधारा व केंद्र व भाजपा शासित राज्य सरकारों की नीतियों को लेकर के अधिक से अधिक लोगों के पास कैसे पहुंचा जाएं, देश व प्रदेशों का भाजपा नेतृत्व इसकी रणनीति निरंतर बना रहा है। वह अब भी यह देखकर संतुष्ट नहीं हैं कि उसने केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर के इतिहास रचने का कार्य कर दिया है, आज भी भाजपा के नेता व कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से पार्टी को ओर मजबूत करने में दिन-रात लगें हुए हैं, जो भाजपा संगठन की एक बहुत ही बड़ी खूबी है और उसको अन्य पार्टियों से अलग बनाती है।

देश की आज़ादी के बाद कभी डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी, प्रोफेसर बलराज मधोक व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में शून्य से अपनी राजनीति की शुरुआत करने वाली जनसंघ से लेकर के जनता पार्टी तक का सफ़र करते हुए भाजपा की स्थापना और फिर उसको देश व दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाने तक के कठिन सफ़र में भाजपा के लाखों करोड़ों निस्वार्थ भाव से लगे हुए संगठन शिल्पी नेताओं व कार्यकर्ताओं का बहुत ही अहम अनमोल योगदान रहा है, उन लोगों की त्याग, तपस्या, लगन, मेहनत, बलिदान से भाजपा आज इस मुकाम पर खड़ी है। भाजपा के कार्यकर्ताओं की इस मेहनत के इतिहास से भारत की राजनीति में रुचि रखने वाले लोगों को रूबरू अवश्य होना चाहिए। अस्सी के दशक में जनता पार्टी से अलग होकर के किस तरह से अटल बिहारी वाजपेयी व उनके अन्य सहयोगियों ने भारतीय जनता पार्टी का देश में विस्तार करने का एक सपना देखा था और उस सपने को उन सभी ने मिलकर के धरातल पर साकार करते हुए केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार का गठन करने वाले अहम मुकाम तक पहुंचाने का कार्य बखूबी से किया था।

वहीं इस सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की जोड़ी ने आगे बढ़ाते हुए केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन की लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर देश में व्याप्त ज्वलंत मुद्दों का एक-एक करके स्थाई समाधान करते हुए भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए काम करना निरंतर जारी रखा हुआ है। भाजपा दशकों के बाद आज भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित 'एकात्म-मानवदर्शन' को अपने वैचारिक दर्शन के सिद्धांतों पर पूरी तरह से अमल करती है। भाजपा का हमेशा अंत्योदय, सुशासन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, विकास एवं सुरक्षा पर भी




विशेष जोर रहा है, जो देश व समाज के हित में पूरी तरह से उचित है। भाजपा ने पांच प्रमुख सिद्धांतों के प्रति भी अपनी निष्ठा व्यक्त की, पांच सिद्धांत राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय अखंडता, लोकतंत्र, सकारात्मक पंथ-निरपेक्षता, गांधीवादी समाजवाद तथा मूल्य आधारित राजनीति करना हैं।

अपने सिद्धांतों के चलते ही स्थापना के समय से ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी खूबी यह रही कि उसके पास पार्टी व देशभक्ति की विचारधारा से ओतप्रोत राजनेताओं की एक लंबी जमात हमेशा रही है। पार्टी के लाखों कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी, कुशाभाऊ ठाकरे, बंगारू लक्ष्मण, के. जना कृष्णामूर्ति, एम वेंकैया नायडू, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अमित शाह, जेपी नड्डा के कार्यकाल का दौर निकट से देखा है और अटल बिहारी वाजपेयी व नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते हुए भी देखा है, सभी का 'राष्ट्र प्रथम' का ही उद्देश्य मुख्य रहा है। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पार्टी की स्थापना से लेकर आज तक भी भाजपा को कभी किसी एक परिवार व व्यक्ति की बपौती नहीं बनने दिया है, पार्टी में आज भी आंतरिक लोकतंत्र जिंदा है। देश व दुनिया में भाजपा की पहचान एक ऐसे राष्ट्रवादी राजनैतिक दल के रूप होती है, जिसका ध्येय देश में सुशासन, विकास, एकता एवं अखंडता के लिए कार्य करना है।

भाजपा ने एक राजनैतिक दल के रूप में शुरुआत से लेकर के आज तक राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय एवं जनहित के मुद्दों को बहुत ही दमदार ढंग से उठाते हुए, देश के आम जनमानस के बीच बेहद ही कम समय में अपनी एक सशक्त पहचान बनाने का कार्य किया है। साथ ही बीतते हुए समय के साथ भाजपा के कर्ताधर्ताओं ने अपनी चाणक्य नीति व कुशल-कारगर ठोस रणनीति के दम पर देश की राजनीति व लोकतंत्र में अपनी भागीदारी दर्ज करते हुए बहुत सारे राज्यों व केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बना कर देश की राजनीति को नए आयाम देने का कार्य करते हुए, देश के आम जनमानस के दिलो-दिमाग पर छा जाने का कार्य बखूबी किया है।

भारत के राजनैतिक इतिहास को देखें तो यह स्पष्ट रूप से नज़र आता है कि वर्ष 2014 से देश की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी का स्वर्णिम काल का दौर चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व के दम पर भारतीय जनता पार्टी ने ना केवल तीसरी बार केंद्र की सत्ता पर कब्जा जमाने का काम किया है, बल्कि भाजपा के नाम देश व दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने का कीर्तिमान भी दर्ज हो गया है, राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा लगभग 11 करोड़ से अधिक सदस्यों वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई है। भाजपा आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व अमित शाह की जोड़ी के करिश्माई नेतृत्व में आज एक ऐसा बेहद विशाल वट वृक्ष बन गई है, जिस पर भरोसा करते हुए देश की लगभग 50 से 60 फीसदी के करीब आबादी सकून से जीवन यापन कर रही है।

नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व में वर्ष 2014 में पहली बार केंद्र में भाजपा को पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने अवसर मिला था। जिसके बाद से ही भाजपा ने 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर अमल करते हुए देश के नव निर्माण का अभियान शुरू कर रखा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने बहुत ही कम समय में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल करने का कार्य किया है। मोदी सरकार ने विश्व भर में भारत की गरिमा को पुनर्स्थापित करने का कार्य किया है। मोदी सरकार में अन्त्योदय, सुशासन, विकास एवं समृद्धि के रास्ते पर देश तेजी के साथ बढ़ चला है। आर्थिक और सामाजिक सुधार सुरक्षित जीवन जीने का मार्ग उपलब्ध करा रहे हैं। केंद्र सरकार की किसानों के लिये ऋण से लेकर खाद तक की नयी नीतियों, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, सॉयल हेल्थ कार्ड आदि ने कृषि के तीव्र विकास की अलख जगायी है। मोदी के नेतृत्व में देश में सुशासन के नये युग का दौर चल रहा है। मोदी सरकार की चाहे आदर्श ग्राम योजना हो, स्वच्छता अभियान या फिर योग के सहारे भारत को स्वस्थ्य बनाने का अभियान, इन सभी कदमों से देश को एक नयी ऊर्जा मिली है। भाजपा की मोदी सरकार ने मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, अमृत मिशन, दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना, डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं से देश को आधुनिक और सशक्त बनाने की दिशा में मजबूत कदम उठाया है। जनधन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, आयुष्मान भारत जैसी अनेक योजनाएं देश में एक नयी क्रांति का सूत्रपात कर रही हैं, देश में केंद्र सरकार के द्वारा बड़े पैमाने पर विश्वस्तरीय अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया जा रहा है। भाजपा सरकार ने देशवासियों को विश्व की सबसे बड़ी सामाजिक सुरक्षा योजना का उपहार दिया है। राम मंदिर निर्माण, धारा 370, नोटबंदी, ट्रिपल तलाक, वक्फ बिल आदि भाजपा सरकार के दृढ़ संकल्प को दर्शाती हैं।

भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को देखकर लगता है कि वह एक सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, समर्थ एवं स्वावलम्बी भारत के निर्माण हेतु निरंतर सक्रिय हैं, विदेशी नीति के मसले पर भारत सरकार अब विश्व शांति तथा एक न्याययुक्त अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को स्थापित करने के लिए विश्व के राष्ट्रों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। भाजपा सरकार में भारत वैश्विक मंच पर दमदार ढंग से अपनी बात रखने की ताकत रखता है। भाजपा की कल्पना भारत को एक ऐसे ताकतवर राष्ट्र बनाने की है, जिसकी निवासी खुशहाल हो, जो आधुनिक दृष्टिकोण से युक्त एक प्रगतिशील एवं प्रबुद्ध समाज का प्रतिनिधित्व करता हो तथा प्राचीन भारतीय सभ्यता एवं सनातन धर्म संस्कृति तथा उसके मूल्यों से प्रेरणा लेते हुए महान विश्वशक्ति एवं विश्वगुरू के रूप में विश्व पटल पर स्थापित हो। अधिवक्ता, स्तंभकार व राजनीतिक विश्लेषक। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# श्रीराम के प्रकृति-प्रेम की सकारात्मक ऊर्जा

(ललित गर्ग)

भारतीय संस्कृति में हरे-भरे पेड़, पवित्र नदियां, पहाड़, झरनों, पशु-पक्षियों की रक्षा करने का संदेश हमें विरासत में मिला है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षों तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया।

एक युगांतरकारी घटना के तहत भगवान श्रीराम पांच सौ वर्षों के बाद टेंट से निकलकर मन्दिर में स्थापित हुए। भारत के जन-जन को रामराज्य की सकारात्मक ऊर्जा मिलने लगी है, भारत ने एक नये युग में प्रवेश किया। जितनी आस्था एवं भक्ति से जन-जन ने श्रीराम के प्रति भक्ति एवं आस्था व्यक्त की है, उतनी ही आस्था एवं संकल्प से अब हर व्यक्ति को श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना होगा, स्वयं को श्रीराममय एवं प्रकृतिमय बनाना होगा, तभी प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी मनाना सार्थक होगा। श्रीराम के चौदह वर्ष के वनवास से हमें पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा मिलती है। जन्म, बचपन, शासन एवं मृत्यु तक उनका सम्पूर्ण जीवन प्रकृति-प्रेम एवं पर्यावरण चेतना से ओतप्रोत है। आज देश एवं दुनिया में पर्यावरण प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन ऐसी समस्याएं हैं जिनका समाधान श्रीराम के प्रकृति प्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण की शिक्षाओं से मिलता है।

भारतीय संस्कृति में हरे-भरे पेड़, पवित्र नदियां, पहाड़, झरनों, पशु-पक्षियों की रक्षा करने का संदेश हमें विरासत में मिला है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षों तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया। ऋषि-मुनियों के हवन-यज्ञ के जरिए निकलने वाले ऑक्सीजन को अवरोध पहुंचाने वाले दैत्यों का वध करके प्रकृति की रक्षा की। जब श्रीराम ने हमें प्रकृति के साथ जुड़कर रहने का संदेश दिया है तो हम वर्तमान में क्यों प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति की रक्षा करें। गोस्वामी तुलसीदास ने 550 साल पहले रामचरित मानस की रचना करके श्रीराम के चरित्र से दुनिया को श्रेष्ठ पुत्र, श्रेष्ठ पति, श्रेष्ठ राजा, श्रेष्ठ भाई, प्रकृति प्रेम और मर्यादा का पालन करने का संदेश दिया है। रामचरित मानस एक दर्पण है जिसमें व्यक्ति अपने आपको देखकर अपना वर्तमान सुधार सकता है एवं पर्यावरण की विकराल होती समस्या का समाधान पा सकता है।

भारतीय समाज का तानाबाना दो महाकाव्यों रामायण एवं महाभारत के इर्द-गिर्द बुना गया है। इनमें जीवन के साथ मृत्यु को भी अमृतमय बनाने का मार्ग दिखाया गया है। इनमें सशरीर मोक्ष मार्ग के अद्भुत एवं विलक्षण उदाहरण हैं। रामायण में प्रभु श्रीराम चलते हुए सरयू नदी में समा जाते हैं और महाभारत में युधिष्ठिर हिमालय को लांघकर मोक्ष को प्राप्त होते हैं। इन दोनों ही घटनाओं में महामानवों ने मृत्यु का माध्यम भी प्रकृति यानी नदी एवं पहाड़ को बनाकर जन-जन को प्रकृति-प्रेम की प्रेरणा दी है। लेकिन हम देख रहे हैं कि आज हमने मोक्षदायी नदी और पहाड़ों की ऐसी स्थिति कर दी है कि वहां मोक्ष तो क्या जीवन जीना भी कठिन हो गया है। क्या हम नदियों एवं पहाड़ों को मोक्षदायी का सम्मान पुनः प्रदान कर पाएंगे। यह हमारे जमाने का यक्षप्रश्न है जिसका उत्तर देने श्रीराम और युधिष्ठिर नहीं आएंगे, लेकिन हमें ही श्रीराम एवं युधिष्ठिर बन कर प्रकृति एवं पर्यावरण के आधार नदियों एवं पहाड़ों के साथी बनना होगा, उनका संरक्षण एवं सम्मान करना होगा। आज संपूर्ण विश्व में नदियों, पहाड़ों, प्रकृति के प्रदूषण को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है, लेकिन हजारों साल पहले भगवान श्रीराम ने प्रकृति के बीच रहकर प्रकृति को बचाने के लिए प्रेरित किया। भगवान श्रीराम वनवास काल में जिस पर्ण कुटीर में निवास करते थे वहां पांच वृक्ष पीपल, काकर, जामुन, आम व वट वृक्ष था जिसके नीचे बैठकर श्रीराम-सीता भक्ति आराधना करते थे। जो धर्म की रक्षा करेगा धर्म उसी की रक्षा करेगा। आदर्श समाज व्यवस्था का मूल आधार है प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ संतुलन बनाकर जीना। रामायण में आदर्श समाज व्यवस्था को रामराज्य के रूप में बताया गया है उसका बड़ा कारण है प्रकृति के कण-कण के प्रति संवेदनशीलता। अनेक स्थानों पर तुलसीदासजी एवं वाल्मीकिजी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता को रेखांकित किया है। रामराज्य पर्यावरण की दृष्टि से अत्यन्त सम्पन्न एवं स्वर्णिम काल था। जो बताती है कि प्रकृति रामराज्य का आधार है।

हम श्रीराम तो बनना चाहते हैं पर श्रीराम के जीवन आदर्शों को अपनाना नहीं चाहते, प्रकृति-प्रेम को अपनाना नहीं चाहते, यह एक बड़ा विरोधाभास है। अजीब है कि जो हमारे जन-जन के नायक हैं, सर्वोत्तम चेतना के शिखर है, जिन प्रभु श्रीराम को अपनी सांसों में बसाया है, जिनमें इतनी आस्था है, जिनका पूजा करते हैं, हम उन व्यक्तित्व से मिली सीख को अपने जीवन में नहीं उतार पाते। प्रभु श्रीराम ने तो प्रकृति के संतुलन के लिए बड़े से बड़ा त्याग किया। अपने-पराए किसी भी चीज की परवाह नहीं की। प्रकृति के कण-कण की रक्षा के लिए नियमों को सर्वोपरि रखा और मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए ! पर हमने यह नहीं सीखा और प्रकृति एवं पर्यावरण के नाम पर नियमों को तोड़ना आम बात हो गई है। प्रकृति को बचाने के लिये संयमित रहना और नियमों का पालन करना चाहिए, इस बात को लोग गंभीरता से नहीं लेते।

आज इक्कीसवीं शताब्दी में पर्यावरण प्रदूषण के रूप में मानव जाति के अस्तित्त्व को ही चुनौती प्रस्तुत कर दी है। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, रेडियो एक्टिव प्रदूषण, ओजोन परत में छिद्र, अम्लीय वर्षा इत्यादि का अत्यन्त विनाशकारी स्वरूप बुद्धिजीवी, विवेकशील, वैज्ञानिकों की चिन्ता का कारण बन चुके हैं। मानव समाज किस समय कौन सी समस्या से ग्रस्त होता है और उसके निदान के लिए समाज के सदस्यों की भूमिका एवं सहभगिता एवं शासकीय प्रयासों की तुलना में अधिक उस समाज के सांस्कृतिक मूल्य अधिक प्रभावी होते हैं। इस संदर्भ में भारतीय संस्कृति के आधार पुरातन ग्रन्थ-वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण के साथ- तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरित मानस का अध्ययन व विश्लेषण अत्यन्त लाभप्रद हो सकता है विशेषकर रामचरित मानस का क्योंकि वर्तमान समय में घर-घर में न केवल रामचरितमानस एक पवित्र ग्रन्थ के रूप में पूजा जाता है। वरन इसका पाठ पारिवारिक व सामाजिक स्तर पर किया जाता है।

# भारत कोई धर्मशाला नहीं, बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ ऐतिहासिक कदम

**संसद के बजट सत्र- 2025 में बजट के अतिरिक्त भी कई ऐतिहासिक विधेयक पारित हुए हैं जिनमें से एक है आब्रजन और विदेशियों विषयक विधेयक-2025। यह विधेयक भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाने वाला तो है ही साथ ही भारत की आंतरिक व वाह्य सुरक्षा तंत्र और आर्थिक तंत्र को भी मजबूत बनाने वाला भी है। जब यह विधेयक अधिसूचित होकर पूरे भारत में लागू हो जायेगा तब बांग्लादेशी व रोहिंग्याओं की अवैध घुसपैठ सहित अनेक प्रकार के अपराधों पर भी लगाम लग सकेगी।**

(मृत्युंजय दीक्षित)

नये कानून के अनुसार किसी भी विदेशी को बिना वैध पासपोर्ट या दस्तावेजों के भारत आने पर 7 साल की जेल और 10 लाख रुपये का जुर्माना देना होगा। गलत जानकारी देने या दस्तावेजों में गड़बड़ी करने पर 3 साल की जेल और 3 लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

संसद के बजट सत्र- 2025 में बजट के अतिरिक्त भी कई ऐतिहासिक विधेयक पारित हुए हें जिनमें से एक है आब्रजन और विदेशियों विषयक विधेयक-2025। यह विधेयक भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाने वाला तो है ही साथ ही भारत की आंतरिक व वाह्य सुरक्षा तंत्र और आर्थिक तंत्र को भी मजबूत बनाने वाला भी है। जब यह विधेयक अधिसूचित होकर पूरे भारत में लागू हो जायेगा तब बांग्लादेशी व रोहिंग्याओं की अवैध घुसपैठ सहित अनेक प्रकार के अपराधों पर भी लगाम लग सकेगी।

इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद कोई भी विदेशी नागरिक पहले की तरह भारत में घुस कर, भारत के किसी भी हिस्से में जाकर निवास करते हुए भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त नहीं हो पाएगा। अब सीमा पार करने वाले हर व्यक्ति का पूरा डाटा एकत्र किया जायेगा। अभी भारत आने वाले विदेशी नागरिकों का कोई डाटा उपलब्ध नहीं है। यह विधेयक भारत की एकता, अखंडता तथा सुरक्षा के लिए अतयंत महत्वपूर्ण है। इस बिल के लागू हो जाने के बाद अवैध रोहिंग्या/बांग्लादेशी घुसपैठ पर रोकथाम ही नहीं लगेगी अपितु ऐसे अराजक तत्व जो समाज में घुल मिलकर छोटे मोटे अपराधों में संलिप्त हो रहे हैं तथा समाज का वातावरण प्रदूषित करते हुए लवजिहाद व धर्मान्तरण जैसी गतिविधियों में संलिप्त हो जाते हैं उनसे भी निपटा जा सकेगा।

इस विधेयक पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा के दौरान स्पष्ट हुआ कि भारत में अवैध घुसपैठ की समस्या कितना विकराल रूप ले चुकी है। भारत के सभी मेट्रो शहर अवैध अराजक तत्वों के निशाने पर हैं। भारत के अधिकांश सीमावर्ती क्षेत्रों तथा समस्त पूर्वी राज्यों जिनमें असम और पश्चिम बंगाल प्रमुख हैं में यह समस्या नासूर बन चुकी है। पश्चिम बंगाल के तीन सीमावर्ती जिलों की डेमेग्राफी अवैध घुसपैठ के कारण बदल चुकी है। गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने जब सदन में बताया कि बांग्लादेशी घुसपैठ की सबसे अधिक समस्या कांग्रेस शासित राज्यों कर्नाटक, झारखंड, तेलंगना तथा तृणमूल कांग्रेस शासित राज्य पश्चिम बंगाल में है क्योंकि यहां की राज्य सरकारें सहयोग नहीं कर रही हैं तब विपक्षी दलो ने हंगामा करते हुए सदन का बहिष्कार कर दिया। गृहराज्य मंत्री ने अवगत कराया कि बंगाल सरकार सीमा पर बाड़ नहीं लगाने दे रही है साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सीमा पर टीएमसी के कार्यकर्ता ही बीएसएफ के कार्यों में बाधा डालने का काम कर रहे हैं जिसके कारण बांग्लादेशी घुसपैठ पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। लोकसभा में बहस के दौरान ही गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया कि भारत कोई 'धर्मशाला' नहीं हैं।

विधेयक पर बहस के दौरान घुसपैठ व शरणार्थी शब्द को स्पष्ट किया गया क्योंकि विपक्षी दलों के सांसद तुष्टिकरण की विकृत राजनीति के कारण इन दोनों शब्दों का घालमेल कर रहे थे। ये विपक्षी सांसद इस विधयेक को वसुधैव कुटुंबकम की भवना से परे बताकर भ्रम व अराजकता की राजनीति करने का प्रयास कर रहे थे किंतु सरकार ने अपने तर्कों से विपक्ष को बेनकाब कर दिया जिसके परिणामस्वरूप वे राज्यसभा में हंगामा करते हुए सदन से बाहर चले गये।

इस नये कानून में विदेशी अधिनियम 1946, पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1920 तथा विदेशियों का पंजीकरण अधिनियम 1939 और आब्रजन (वाहक दायित्व) अधिनियम 2000 को निरस्त करते हुए एक नया व्यापक कानून बनाने की आवयकता की पहचान करते हुए नया आब्रजन और विदेशी विधेयक 2025 लाया गया है। नये कानून का एक उद्देश्य यह भी है कि कानूनों की बहुलता और अतिव्यापन से बचा जाये तथा विदेशियों से संबंधित मामलों को विनियमित किया जाए, जिसमें वीजा की आवश्यकता, पंजीकरण और अन्य यात्रा संबंधी दस्तावेज (पासपोर्ट) आदि शामिल है। इस नये कानून के माध्यम से भारत में प्रवेश करने और बाहर जाने वाले सभी लोगों के लिए सभी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा।

नये कानून के अनुसार किसी भी विदेशी को बिना वैध पासपोर्ट या दस्तावेजों के भारत आने पर 7 साल की जेल और 10 लाख रुपये का जुर्माना देना होगा। गलत जानकारी देने या दस्तावेजों में गड़बड़ी करने पर 3 साल की जेल और 3 लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान किया गया है। भारत में बिना वैध पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेजों के माध्यम से प्रवेश करने पर तुरंत हिरासत में लिया जायेगा। अब इस विधेयक के नये नियमों के अनुरूप अगर कोई मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है तो अधिक कड़ी कार्यवाही की जायेगी। यह विधेयक केंद्र सरकार को उन स्थानों का नियंत्रण करने का अधिकार भी देता है जहां विदेशियो काआना जाना लगा रहता है। इसके तहत मालिक को परिसर को बंद करने, निर्दिष्ट शर्तों के साथ इसके उपयोग की अनुमति देने या सभी या निर्दिष्ट वर्ग के विदेशियों को प्रवेश देने से मना करने का अधिकार का दिया गया है।

निरस्त किये गए कानून की कमियों का लाभ उठाकर ही बड़ी संख्या में विदेशी नागरिक भारत आ रहे थे क्योंकि उस क़ानून में उनकी जांच करने तथा व्यापक पूछताछ की कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं थी। इसी कारण से आज लाखों की संख्या में अवैध नागरिक भारत में रह रहे हैं और अब वह राष्ट्रीय समाजिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन चुके हैं।

गृहमंत्री अमित शाह ने सदन में अपने भाषण के दौरान कहा कि हम नियम बनाकर अवैध घुसपैठ को रोक रहे हैं। हमारी सीमा पर कुछ संवदेनशील स्थान हैं, सेना के अड्डे हैं, उनको दुनियाभर के लिए खुला नहीं छोड़ सकते। पहले भी घुसपैठियो को रोका जा सकता था किंतु कोई नियम नहीं था अतः हमने नियम बनाने का साहस किया है। इस नये कानून से भारत आने वाले विदेशी नागरिकों की जानकारी पुख्ता होगी। सुरक्षा की दृष्टि से ड्रग्स कार्टल, घुसपैठियों की कार्टल, हवाला व्यापारियों को समाप्त करने की व्यवस्था इस विधेयक में की गई है।

गृहमंत्री अमित शाह ने सदन को बताया कि सबसे अधिक बांग्लादेशी व रोहिंग्याओं की घुसपैठ बंगाल से हो रही है। अब तक जितने घुसपैठिये पकड़े गये हैं, उनके आधार कार्ड बंगाल के 24 परगना क्षेत्र के है। तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता ही इन लोगों के अवैध कागज बनवा रहे हैं। नये कानून में अवैध कागज बनवाने वाले भी सजा के दायरे में आ गये हैं। नया कानून 36 धाराओं में निहित है। सभी को कानूनी रूप दिया गया है। सदन में गृहमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि अब जो भारत में केवल भारत के हित के लिए आयेगा वहीं यहां पर रह सकेगा। अब भारत धर्मशाला नही है। सरकार उन लोगों का स्वागत करने के लिए तैयार है जो पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा या व्यापार के लिए भारत आना चाहते हैं सरकार केवल उन लोगों को भारत आने से रोकेगी जिनके इरादे गलत हैं और जो हमारे लिए खतरा पैदा करेंगे उनसे गंभीरता से निपटा जायेगा।

इस कानून के माध्यम से भारत में गैरकानूनी तरीके से घुसना और यहां बसना मुश्किल हो जायेगा। रोहिंग्या/ बांग्लादेशी घुसपैठ अब चुनाव में भी एक बड़ा मुददा बन गई है। दिल्ली में तो आम आदमी पार्टी कई विधायक बांग्लादेशी व रोहिंग्याओं का फर्जी पासपोर्ट, आधार कार्ड व राशन कार्ड आदि बनवा रहे थे जिनकी जांच चल रही है। केंद्र की सरकार को पूर्ण विश्वास है कि नक्सलवाद, आतंकवाद की तरह आने वाले समय में रोहिंग्या/ बांग्लादेशी घुसपैठ का भी समाधान हो जायेगा और भारत तीव्रता के साथ विकास के पथपर अग्रसर हो सकेगा। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### मकान निर्माण को लेकर दो पक्षों में मारपीट, चार घायल

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खुरमाबाद में मकान निर्माण को लेकर दो पक्षो में मारपीट हो गई. जिसमे एक पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों में सोहेल अंसारी ,इशरत खातून, इमरान और इम्तियाज शामिल है .घटना के संबंध में बताया जाता है कि खुरमाबाद में मकान का निर्माण कराया जा रहा था .तभी किसी बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई. जहां एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के चार लोगों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. यहां चारों का इलाज सदा अस्पताल में चल रहा है.

### चोरी की घटना को अंजाम देने वाले थे बदमाश

वही पुलिसिया पूछताछ के दौराम बदमाशो ने बताया कि हम लोग एकांत में झाड़ी में बैठ कर चोरी करने का योजना बना रहे थे .योजना बनाकर ट्रेन आने की प्रतीक्षा कर रहे थे. ताकि ट्रेन के आने के बाद ट्रेन में यात्रियों के मोबाइल एवं अन्य सामानों की चोरी करते.व चाकू एवं ब्लेड के संबध में पूछने पर बताये की यात्रियों का जेब एवं बैग काट कर सामान चोरी कर लेते है पूर्व में भी चोरी के आरोप में रेल थाना सीवान से कई बार जेल जाने की बात बताया.

### दुकान का शटर तोड़ हजारों की चोरी

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर थाना क्षेत्र के बड़ी मस्जिद के समीप दुकान का शटर तोड़ चोरों ने नगद सहित हजारों रुपए की चोरी कर ली. मामले में दुकान मालिक प्रीतम कुमार ने बताया कि प्रतिदिन की तरह मैं शनिवार की संध्या दुकान बंद कर अपने घर चला गया. रविवार की सुबह जब मैं दुकान खोलने आया तो देखा कि मेरा शटर टूटा हुआ है .इसके बाद देखा की दुकान में चोरी हुई है और दुकान के अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा है. वहीं दुकानदार ने बताया कि दुकान से चोरों ने 16 हजार नगद सहित तकरीबन 50 हजार रुपये की संपत्ति की चोरी की है . पीड़ित ने अज्ञात चोरों की विरोध स्थानीय थाना में आवेदन दिया है. जहां पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### 27 लीटर देशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटखौली थाना की पुलिस ने बगहा व सेमरा मुख्य पथ में चीनी मिल रेलवे ढाला के समीप छापेमारी कर 27 लीटर देसी शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से एक बाइक भी जप्त किया है। पटखौली थानाध्यक्ष अनीश कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि बगहा व सेमरा मुख्य पथ से शराब की बड़ी खेप गुजरने वाली है। पुलिस ने सूचना को गंभीरता से लेते हुए उक्त पथ में चीनी मिल रेलवे ढाला के समीप वाहन जांच शुरू कर दिया। इसी दौरान दूर से बाइक पर सवार दो युवक बगहा के तरफ आ रहे थे। जैसे ही उनकी नजर पुलिस पर पड़ी वे बाइक मोड कर पीछे भागने लगे। पुलिस को शक हुआ और जब बाइक सवारों को खदेड़ कर पकड़ा गया। जिसके बाद बाइक की जांच की गई तो बोरी में छुपकर रखी 27 लीटर देसी शराब बरामद हुई। वही पुलिस ने बाइक सवार दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शराब तस्करों को न्यायिक हिरासत बगहा भेज दिया गया है।

### तीन मासूम बच्चों के साथ न्याय के लिए भटक रही महिला

**हजारीबाग/बरकट्ठा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के मासीपीढ़ी निवासी काजल कुमारी पति राजेश मंडल ने न्याय की खातिर मंगलवार को डीसी के जनता दरबार में आवेदन देकर न्याय की फरियाद की है। उसने जनता दरबार में दिए आवेदन में फरियाद करते हुए कहा है कि मेरी शादी 2019 में बगोदर स्थित हरिहर धाम मंदिर में हुई। शादी के कुछ दिन बाद मेरे पति शराब पीकर मारपीट करते थे। मेरे पति मुझे अपने साथ मुंबई ले गए। वहां कुछ दिन ठीक से रही। इसके बाद मेरे साथ मेरे सास, पति और ससुराल परिवार ने मेरे विरुद्ध साजिश रची। लेकिन हम उनके साजिश से अनजान थे। मेरे पति मुंबई में मुझे दो बच्चों के साथ अकेले छोड़कर घर वापस आ गए। मैं मुंबई से दो बच्चों के साथ वापस लौटी। उस समय मैं गर्भवती थी। मुझपर मेरे सास, पति और अन्य परिवार प्रताड़ित करते हुए चरित्र पर लांछन लगाकर घर से निकल दिया। आवेदन में काजल ने कहा है कि मेरे पति अभी भी रखना चाहते हैं। लेकिन मेरी सास मेरे पति को नहीं रखने की बात करती है। उसने डीसी से न्याय की गुहार लगाई है।

# मार्च महीने में बेतिया पुलिस ने भेजा 788 अपराधियों को जेल

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन के दिशा निर्देश पर बेतिया पुलिस ने मार्च महिने में पर्व त्योहार के बावजुद 788 बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल के सलाखों के बीच पहुंचाया है। जिसमें हत्या, लुट, आर्म्सएक्ट, अपहरण, मादक पदार्थ की तस्करी, चोरी समेत शराब तस्करी एवं बिक्री संग्रहण के आरोपी शामिल है। पुलिस प्रवक्ता सुनील सिंह ने बताया है कि विगत मार्च महिने में बेतिया पुलिस जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 788 बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।इसमें हत्या के आरोप में 16 आरोपी शामिल है। जबकि लुट कांड में शामिल रहे 5 आरोपियों को जेल भेजा गया।



वहीं आर्म्सएक्ट मामले में 9 को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि लोकसेवकों पर हमला मामले में 7 जबकि एससी एसटी कांड में 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अपहरण के कांडो में 11 अभियुक्तो को जेल भेजा गयाहै। वहीं मादक पदार्थो की तस्करी के मामले में 9 अभियुक्तो को जेल भेजा गया है। पॉक्सों एक्ट में 8 को गिरफ्तार किया गया। जबकि हत्या के प्रयास के आरोप में 62 लोगो को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। दंगा मामले में 3 की गिरफ्तारी हुयी जबकि चोरी के मामले में 24 अभियुक्त गिरफ्तार किये गये। पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन के दिशा निर्देशन में बेतिया पुलिस शराब निर्माण, संग्रहण एवं बिक्री के अड्डो पर लगातार छापामारी अभियान चलाती रही है। नतीजतन मार्च महिने में शराब की तस्करी, संग्रहण, बिक्री एवं निर्माण के आरोप में 295 अभियुक्तो को जेल भेजा गया है। जबकि न्यायालय के आदेश पर जारी वारंटो में 271 लोगो को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि जिले में मार्च महिने में 3 आग्नेयास्त्र के साथ 3 गोली और 3 खोखा भी जब्त किया गया है। वहीं तस्करी कर लाये गये 78.96 किलो गांजा व 2204 किलो चरस की बरामदगी भी की गयी है। मार्च महिने में 3353.805 लीटर देशी शराब व 1408.225 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि जिले में यातायात नियमों की अवहेलना करनेवालो के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर 4729 लोगो पर 75 लाख 6 हजार का जुमार्ना लगाया गया है। इस दौरान 69 दोपहिया वाहन, 11 चारपहिया वाहन 3 टैक्टर भी जब्त किया गया। जबकि अभियान के दौरान तस्करी के 46 मवेशी, 5 मोबाईल जब्त करने के साथ हीं 12657 भारतीय रुपये एवं 400 रुपया नेपाली भी जब्त किया गया है।

### स्टेशन पर अवैध पार्किंग में 11 पर जुर्माना

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टाटानगर के आरपीएफ जवानों ने पोर्टिको एरिया में अवैध ढंग से वाहन पार्किंग करने के आरोप में 11 लोगों को पकड़ा। आरपीएफ ने सभी को रेलवे अदालत में पेश किया था जहां से अवैध पार्किंग करने के आरोपी जुमार्ना देकर रहा हो गए। आरपीएफ के अनुसार, स्टेशन के ड्रॉपिंग लाइन में भी गाड़ी नहीं खड़ी करनी है। यात्री को उतार कर वाहनको ल जाने का नियम है लेकिन लोग पालन नहीं करते हैं।

## निर्माणधीन मकान से ई रिक्शा की बैटरी, मोटर व हैंड पाइप की चोरी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के वार्ड संख्या पांच खोड़ी गांव में एक निर्माणधीन मकान में ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने ई रिक्शा की बैटरी, मोटर व हैंड पाइप की चोरी कर ली है।

मामले में नंदपुर निवासी आसिम रजा ने शिकारपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। एफआईआर में बताया है कि पांच अप्रैल को खोड़ी स्तिथ अपने निर्माणधीन मकान में पहुचा तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। और ताला तोड़कर ई रिक्शा की चार बैटरी, मोटर व एक हैंड पाइप की चोरी की गई थी। आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद डायल 112 को सूचित किया। सूचना पर 112 की पुलिस ने घटना का सत्यापन भी किया।थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर करवाई की जा रही है।

## बिहार बदलाव रैली जन भावनाओं के अनुरूप राज्य की सत्ता बदलने का हथियार बनेगी : संतोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

### जन सुराज पार्टी ने 'बिहार बदलाव रैली' की तैयारी को लेकर एकमा में की प्रेस वार्ता

**एकमा (सारण)।** जन सुराज पार्टी आगामी 11 अप्रैल को पटना के गांधी मैदान में होने वाली बिहार बदलाव रैली की तैयारियों को लेकर एकमा प्रखंड पार्टी कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक व प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस मौके पर जन सुराज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, एकमा प्रखंड अध्यक्ष राजेश गिरी, वाहिनी प्रमुख प्रकाश कुमार समेत बड़ी संख्या में जन सुराज कार्यकर्ता आदि अन्य लोग शामिल हुए।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि बिहार में व्यवस्था परिवर्तन की चाहत रखने वाले सभी लोग इस रैली में सादर आमंत्रित हैं। पार्टी ने इसके लिए व्यापक तैयारी कर रखी है। बिहार में पेपर लीक व भ्रष्ट शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ बिहार बदलाव रैली 11 अप्रैल से एक नए आंदोलन का आगाज हो रहा है। यह आंदोलन न सिर्फ बिहार के जनमानस की भावनाओं से जुड़ा है, बल्कि भ्रष्ट सत्ता शासन को उखाड़ फेंकने में सक्षम भी होगा। उन्होंने कहा कि प्राइमरी स्तर से लेकर उच्च शिक्षा तक की स्थिति बिगड़ी हुई है। इसे सुधारे बगैर प्रदेश का कायाकल्प हो पाना संभव नहीं दिखता है। बिहार में बढ़ती बेरोजगारी व पलायन के खिलाफ बिहार बदलाव रैली वर्तमान राज्य सरकार के लिए चुनौती होगा। इन्होंने कहा कि बिहार में बढ़ते अपराध के खिलाफ बिहार बदलाव रैली के जरिए प्रदेश की



जनता राज्य सरकार को ललकारने आ रही है। निरंतर बढ़ते अपराध के ग्राफ से लगता नहीं कि प्रदेश में जनता का राज है। सत्ता पोषित अपराधीकरण सिर चढ़कर बोल रहे हैं।

बिहार में राजनीतिक परिवारवाद व जातिवाद के खिलाफ बिहार बदलाव रैली राजनीति में स्वच्छ परंपराओं की शुरूआत का गवाह बनेगा। बिहार में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था के खिलाफ बिहार बदलाव रैली वह अचूक हथियार होगा जो व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। शराबबंदी से हो रहे नुकसान के बिहार बदलाव रैली एकमात्र विकल्प बनकर सामने आ रहा है, जिसमें जनता अपने गुस्से व आक्रोश को उजागर करेगी। वहीं बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ बिहार बदलाव रैली को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

## महिलाओं ने अपने खर्च काट कर गुरुकुल शांति आश्रम को दुधारू गाय और बछड़े दान की

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाज और गरीबों के बीच सहयोगात्मक काम करने वाली महिलाओं ने मां यशोदा समिति लोहरदगा नामक संगठन बनाकर जरूरतमंदों, समाज और राष्ट्र उत्थान के लिए काम करने वाली संस्थाओं को अपने बीच में थोड़ी-थोड़ी राशि जमा कर बड़ा सहयोग कर रही है। मां यशोदा समिति लोहरदगा ने इसी श्रृंखला में गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा के ब्रह्मचारियों और आचार्यगण के लिए सहयोग स्वरूप दुधारू गाय और बछड़े दान दिया । यह दान महिलाओं ने हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2082 के शुभ अवसर पर दिया है। समिति की मंजू जायसवाल ने बताया कि हम समिति की महिलाएं हर महीने अपने-अपने खर्च की राशि को बचाकर समाज के वंचित वर्ग अथवा लोक कल्याण के लिए काम कर रहे संस्थाओं को सहयोग करते हैं। जाड़े के दिनों में कंबल और गर्म कपड़ा का वितरण अपेक्षित बस्तियों में जाकर उनके साथ उत्सव मनाने, उनके भोजन की व्यवस्था कर उनके साथ भोजन करने आदि के कार्य करते हैं। इससे समाज के अभिवंचित वर्ग के लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने का काम होता है। इसी कड़ी में इस नववर्ष के मौके पर गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा में गौवंशीय पशुधन के संरक्षण - संवर्धन और गुरुकुल के ब्रह्मचारियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए दुधारू गाय दिया गया है। इस कार्यक्रम में मां यशोदा समिति लोहरदगा की मंजू जायसवाल, डॉ प्रीति जायसवाल, कनकलता अग्रवाल, रीता अग्रवाल, सुमन राय, ममता गुप्ता, ममता रानी, अंजू खत्री, संगीता मित्तल, आरती देवी, शीतल कर्मकार, नेहा अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, दीपा पोद्दार, सुमन राय, ममता बांका, अमृता अग्रवाल, लक्ष्मी मित्तल, सुभद्रा देवी समेत अन्य सदस्या मौजूद थी। इस अवसर पर समिति की महिलाओं ने आश्रम परिसर में देसी गौ माता के संरक्षण और संवर्धन के लिए बन रहे गौशाला निर्माण के लिए यथासंभव राशि देकर सहयोग किया।

## शिक्षकों के फ्रेंडली मैच से शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास

### खेल के माध्यम से नामांकन वृद्धि व ड्रॉपआउट दर में कमी लाने की पहल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा (सारण)।** बच्चों को विद्यालय से जोड़ने, शिक्षा के महत्व को आमजन तक पहुँचाने, नामांकन को प्रोत्साहित करने व ड्रॉपआउट दर को कम करने के उद्देश्य से सारण गुरु लर्निंग लीग के अंतर्गत एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। यह आयोजन खेल के माध्यम से शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास रहा। मैच में जिले के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। टीम ए का नेतृत्व मृणाभ कुमार ने किया, जबकि टीम बी की कमान राजन राज ने संभाली। मैदान पर शिक्षकों की खेल भावना और ऊर्जा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

डीपीओ माध्यमिक अजीत अमर हरिजन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक जड़ा और सबका ध्यान आकर्षित किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी विद्यानन्द ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन यह संदेश देते हैं कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस तरह की रचनात्मक गतिविधियों से बच्चों और




अभिभावकों का विद्यालय के प्रति जुड़ाव बढ़ता है, जिससे नामांकन दर में वृद्धि और ड्रॉपआउट दर में कमी लाई जा सकती है।

इस अवसर पर डीपीओ माध्यमिक अजीत अमर हरिजन ने कहा कि खेल के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है, जो उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक होता है। मैच के समापन पर दोनों टीमों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों व दर्शकों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सहयोग करें।

इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी विद्यानन्द ठाकुर, मुन्ना कुमार, मृणाभ कुमार, सद्दाम हुसैन, रजनीश कुमार सिंह, राजन राज, अभिमन्यु कुमार, रितेश कुमार, श्याम कुमार रजक, अरविंद गिरी, वकार यूनुस सहित कई शिक्षाविद् व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेष

## अत्यधिक तनाव व गलत दिनचर्या है बीमारियों का मुख्य कारण

**स्वस्थ जीवन जीने के लिए मानसिक स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण युक्त भोजन जरुरी**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य संस्थानों में विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया जाता है। सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार ने बताया कि जीवन में स्वास्थ्य अति महत्वपूर्ण है। एक स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण करता है। इसलिए न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक रुप से भी स्वस्थ रहना बहुत जरुरी है। विश्व स्वास्थ्य दिवस दैनिक स्वास्थ्य और सेहत से जुड़ी महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करने, समाधान सुझाने और जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम है। यह हर साल 7 अप्रैल को पूरी दुनिया में मनाया जाता है। इस दिन के माध्यम से स्वास्थ्य संस्थानों पर स्वास्थ्य से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण और चिकित्सा सुविधाओं की आवश्यकता पर जोर देता है।विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 की थीम ह्यस्वस्थ शुरूआत, आशापूर्ण भविष्यह्व है। विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें याद दिलाता है कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। इस दिन हम न केवल खुद के स्वास्थ्य पर ध्यान देने का संकल्प लें, बल्कि समाज और विश्व स्तर पर स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी योगदान दें। जिले के गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ मुर्तजा अंसारी ने कहा कि अत्यधिक तनाव व गलत दिनचर्या बीमारियों का मुख्य कारण है। इसलिए लोगों को तनाव से बचना चाहिए। संतुलित व समय पर भोजन करना चाहिए। खेल या व्यायाम जैसी गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिले के मेडिकल कॉलेज के साथ ही ष्आयुष्मान आरोग्य मंदिर में लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग, टेली मेडिसिन, टीबी स्क्रीनिंग, एएनसी चेकअप, सीएचओ, एएनएम के सहयोग से की जा रही है, इसका लाभ लेना चाहिए। डॉ अंसारी ने बताया कि ग्रामीणों को नजदीकी क्षेत्र में ही सेवा का लाभ मिले; इसी उद्देश्य के लिए एचडब्लूसी की स्थापना की गई है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों को एनसीडी स्क्रीनिंग कराने की अख्इल की। बीपी, शुगर, वजन, एवं अन्य जाँच की जा रही है। वहीं ओरल कैंसर, ब्रैस्ट कैंसर एंड सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग हेतु कैंप लगाए जा रहे हैं।

## 'तुम्हें नहीं पा सका, मैं जा रहा हूं', रामनवमी के दिन फांसी के फंदे से झूलता मिला पीकू

**मनोहरपुर/आनंदपुर (पश्चिमी सिंहभूम) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के आनंदपुर थाना क्षेत्र में रामनवमी के दिन एक युवक ने आत्महत्या कर ली. इमली के पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर वह उससे झूल गया. घटना आनंदपुर शहरी क्षेत्र का है. यहां मृत्यंजय नायक उर्फ पीकू (25) ने इमली पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी. घटना रविवार 6 अप्रैल 2025 की सुबह लगभग 4 बजे की है.



**युवक के पॉकेट से मिला कागज का टुकड़ा, लिखा था- तुम्हें नहीं पा सका**

सूचना मिलने पर आनंदपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर भेज दिया. पुलिस ने मृत युवक की पैंट की पॉकेट से एक कागज बरामद किया है. कागज पर लिखा था, ह्यतुम्हें नहीं पा सका. मैं जा रहा हूं.ह्व इस कागज पर प्रेम प्रसंग से जुड़ी आधी-अधूरी अन्य बातें भी लिखी थीं.

**मिलनसार था पीकू, सामाजिक-धार्मिक कार्यों में थी रुचि**

उधर, परिजनों ने बताया कि घर में कोई विवाद नहीं था. न ही प्रेम-प्रसंग की कोई जानकारी परिजनों को थी. मृतक के परिजनों, ग्रामीणों और दोस्तों ने बताया कि पीकू काफी मिलनसार था. सामाजिक और धार्मिक कार्यों में काफी रुचि लेता था. शनिवार देर रात तक सामान्य दिनों की तरह वह दोस्तों के साथ था.

**दोस्तों में हो रही पीकू के प्रेम-प्रसंग की चर्चा**

रविवार सुबह अंधेरा छंटने पर युवक का शव उसके घर के पीछे कुम्हारटोला के इमली पेड़ से झूलता मिला. युवक की गर्दन पर कुआं से पानी खींचने वाली रस्सी थी. युवक की मौत से परिजन और उसके दोस्त गमगीन हैं. पूरे गांव में मातम पसर गया है. दोस्तों के बीच पीकू के प्रेम-प्रसंग की भी चर्चा हो रही थी.

## बिना किताब शुरू होगा सरकारी स्कूलों के बच्चों का नया सत्र

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकारी स्कूलों में इस वर्ष नया सत्र की शुरूआत एक अप्रैल से होगी। इसे लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारी भी कर ली गई है। हालांकि इस नया सत्र की शुरूआत बिना किताब को बच्चों को करना होगा। अब तक सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए किताब नहीं भेजी गई हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना ने किताब के लिए डिमांड मुख्यालय को भेज दिया है। बावजूद इसके जिले को किताब नहीं मिला है। ऐसे में अन्य वर्ष की तरह इस साल भी बिना किताब के बच्चों को नया सत्र में पढ़ाई शुरू करनी होगी। जिले से क्लास एक से दस तक के लिएदो लाख चार हजार नौ सौ चौवालिस किताब की डिमांड भेजा गया है। इसमें सबसे अधिक विष्णुगढ़ ब्लॉक तथा सबसे कम चलकुशा प्रखंड के लिए किताब का डिमांड भेजा गया है। बताया जाता है कि क्लास एक से आठ तक के एक लाख सत्तर हजार 799 बच्चों के लिए किताब का डिमांड भेजा गया है। मुख्यालय की ओर से किताब रखने के लिए बीआरसी को खाली कर तैयार रखने का निर्देश दिया गया है। यहां पर इसके लिए तैयारी भी कर ली गई है। सबसे पहले बीआरसी में किताब आएगी और उसके बाद संबंधित विभाग को भेजा जाएगा। ऐसे में यदि गत वर्ष को देखा जाए तो इस काम में कम से कम दो सप्ताह से अधिक का समय लगना तय है। किताब नहीं मिलने की स्थिति में शिक्षक को भी बच्चों और उनके अभिभावकों के कई सवालों से जुझना पड़ता है।

# बदबू इतनी कि नाक पर रूमाल रख जाते हैं लोग

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हजारीबाग के हुरहुरू वार्ड 35 में कई बुनियादी सुविधाएं नहीं है। वार्ड तो बना दिया पर व्यवस्था देने में पीछे छूट गए। इस मुहल्ले में लोगों की बड़ी आबादी रहती है। इलाके में सफाई व्यवस्था अच्छी नहीं है। वार्ड 35 के इन इलाके में इतनी तंग गलियां है कि इन गलियों में ट्रैक्टर, नगर निगम की सफाई गाड़ी, चार चक्का वाहन नहीं घुस पाता है। साथ ही अगर इलाके में किसी को अपना सेप्टिक टैंक खाली करवाना हो तो भी परेशानी होती है। बोरिंग की बड़ी गाड़ी इस इलाके में नहीं घुस पाती है। इसलिए इस इलाके में चापानल की बहुत कमी है। इलाके में नगर निगम की सफाई गाड़ियां नहीं पहुंच रही हैं। नालियों की सफाई भी नियमित रूप से नहीं की जाती। इससे हमेशा बदबू आता है। साथ ही बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। यहां सफाई के लिए कोई कर्मचारी नहीं आते हैं। कुछ लोग मजबूरी में अपनी जेब से पैसे खर्च कर इसकी सफाई करवाते हैं। लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। वार्ड 35 के सभी इलाकों में तंग गलियां बनी हुई है। इन इलाकों में चार चक्का वाहन ले जाना संभव है। ऐसे में यहां रह रहे हैं लोगों को अगर चापानल नहीं लगने की वजह से पानी की समस्या हमेशा बनी रहती है। नगर निगम को पहल कर चाहिए कि इस इलाके में जगह-जगह पर कुछ चापानल लगा दिए जाए, जिससे यहां के लोगों को पानी की समस्या का समाधान हो सकेंगा। वार्ड 35 के इस इलाके का प्रमुख तालाब, जो छठ पूजा जैसे धार्मिक अनुष्ठानों के लिए महत्वपूर्ण है, अब गंदे पानी और कचरे से भरा है। इससे जल प्रदूषण बढ़ रहा है और धार्मिक दृष्टि से भी यह तालाब अपवित्र हो गया है। क्षेत्र में नालियां तो बनाई गई है, लेकिन इनमें स्लैब नहीं लगाए गए। इससे लगातार दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। खासकर रात के समय वाहन चालक और राहगीर इन नालियों में गिरकर घायल हो जाते हैं। बरसात के दिनों में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है, क्योंकि तब नालियों का पानी सड़क पर बहने लगता है। इससे सड़कें कीचड़ से भर जाती हैं और लोगों को आवागमन में भारी परेशानी होती है। हुरहुरू वार्ड 35 सड़कों की हालत भी बेहद खराब हो चुकी है। बारिश के दिनों में सड़कों पर पूरी तरह पानी जमा हो जाता है। लोगों का कहना है कि कई वर्षों से इस सड़क की मरम्मत नहीं की गई है। वहीं क्षेत्र के लोग जलसंकट की समस्या से भी जूझ रहे हैं। यह नल से जल नहीं आता है। इससे लोगों को काफी परेशानी होती है। पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इलाके में अधिकतर लोग चापाकल पर निर्भर हैं, लेकिन इस इलाके में बहुत कम चापानल लगाया गया है। आने वाले गर्मी के दिनों में यह समस्या



और विकराल हो सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे कई बार इसकी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। वहीं बिजली की स्थिति भी दयनीय है। गर्मी आने से पहले बिजली की स्थिति खराब हो गई है। मरम्मत के नाम पर दिनभर तो लाइन नहीं रहता और रात में भी लाइन काट दिया जाता है। इलाके के लोगों को बिजली की समस्या से काफी परेशानी होती है। गर्मियों में बिजली की कटौती से आम जीवन काफी प्रभावित होता है। लोगों का कहना है कि सफाई गाड़ियां नियमित रूप से भेजी जाएं, क्लिनिक में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, तालाब को जलकुंभियों ने घेर रखा है, खुली नालियों पर स्लैब लगाए जाएं, सड़कों की मरम्मत की जाए, पानी की व्यवस्था दुरुस्त की जाए और बिजली के खुले तारों को जल्द से जल्द ठीक किया जाए।

**तालाब में गिरता है नालियों का पानी दुर्गंध से होती है लोगों को परेशानी**

हुरहुरू वार्ड 35 में स्थित तालाब बुरी स्थिति है। इस तालाब के दोनों तरफ बने मकानों से नालियों का गंदा पानी सीधे तालाब में जाता है। इसे पूरा जलस्त्रोत में संक्रमण हो गया है। इसमें नहाने से लोगों को खुजली और अन्य बीमारियों का संक्रमण फैल रहा है। इस तालाब को जलकुंभियों ने भी घेर रखा है जो बहुत खतरनाक है। इस तालाब में नालियों का पानी जाने से बंद करना होगा। साथ ही इसके दूषित पानी को भी साफ करना होगा।

**नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से बढ़ गया है मच्छरों का प्रकोप**

हुरहुरू वार्ड 35 के लोग नाली की समस्याओं से जूझ रहे हैं। वहां मोहल्ले में सटे सटे घर बने होने की वजह से नाली नहीं बनाई गई। नालियों की समस्या की वजह से वहां के लोग गंदगी में रहने को मजबूर हैं। वार्ड पार्षद चुनाव नहीं होने से नगर निगम वार्डों में बढ़िया से साफ सफाई नहीं कर रहे हैं। इस मोहल्ले में जो भी नाली बनी हुई है वह बिना कर का है जिससे गंदगी नालियों में फंस जाती है। नालियों में ब्लॉकेज रखने से गंदगी के साथ-साथ दुर्गंध की समस्या बनी रहती है।

# रॉबर्ट कियोसाकी ने कहा, हम मंदी में हैं

**● मंदी को अवसर में बदलने के तरीके बताए ● खुद को शिक्षित करने को बताया सबसे अच्छा निवेश**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या दुनिया में मंदी आ चुकी है क्या हम मंदी में जी रहे हैं रिच डैड पुअर डैड किताब के लेखक रॉबर्ट कियोसाकी की मानें तो यह बात पूरी तरह सच है। कियोसाकी ने चेतावनी देते हुए कहा है, हम मंदी में हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह साल 2012 से लोगों को इसके बारे में बता रहे हैं। उन्होंने अपनी किताब रिच डैड्स प्रोफेसी का हवाला दिया। अब उनका कहना है कि काम करने का समय पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है।

कियोसाकी समय को एक संपत्ति बताते हैं। उन्होंने कहा, क्या सीखने और बदलाव करने में बहुत देर हो चुकी है नहीं। समय हमेशा आपके लिए एक संपत्ति है। उन्होंने पारंपरिक शिक्षा व्यवस्था की आलोचना की। उन्होंने इसे ख्नह्रस्नरू गलती करने का डर बताया। उनके अनुसार यह डर लोगों को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने से रोकता है। उन्होंने अपनी पोस्ट में बताया है कि इस मंदी को निवेशक के जरिए बड़े अवसर में कैसे बदला जा सकता है।

**पिछली पोस्ट का किया जिक्र-** अपनी पोस्ट में उन्होंने पिछली पोस्ट का भी जिक्र किया है। कियोसाकी ने लिखा है, मैं एक्स पर अपनी पिछली पोट में ख्नह्रस्नह्र यानी फियर ऑफ मिसिंग आउट (पीछे छूट जाने का डर) की तुलना ख्नह्ररूस्नरू यानी फियर ऑफ मेकिंग मिस्टेक्स (गलती करने का डर) से की थी। यह डर स्कूलों में सिखाया जाता है।




**किसे बताया सबसे अच्छा निवेश-** कियोसाकी का तर्क है कि आज सबसे अच्छा निवेश स्टॉक में नहीं है। बल्कि खुद को शिक्षित करने में है। वह लोगों को ज्ञान प्राप्त करने के लिए यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। लेकिन सावधानी बरतने की सलाह भी देते हैं। उन्होंने कहा, यूट्यूब कुछ सबसे बुद्धिमान लोगों तक पहुंच प्रदान करता है... लेकिन इसमें धोखेबाज पुरुष और महिलाएं भी हैं। कियोसाकी लंबे समय से केवल वॉल स्ट्रीट निवेश पर निर्भर न रहने की सलाह देते रहे हैं। अपने पहले के ट्वीट्स में, उन्होंने रियल एस्टेट, सोना, चांदी और बिटकॉइन जैसी वैकल्पिक संपत्तियों की सलाह दी है। उनका मानना है कि आर्थिक मंदी के दौरान ये सभी बेहतर विकल्प हैं।

## ...तो इस मंदी में क्या करें

कियोसाकी ने अपनी पोस्ट में बताया है कि मंदी में क्या करें। वह लिखते हैं, तथ्य यह है कि दुनिया में मंदी है। तथ्य यह है कि महंगाई बढ़ रही है और बेरोजगारी भी बढ़ रही है। सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि आप इस मंदी के बारे में क्या करने जा रहे हैं क्या यह मंदी आपको अमीर बनाएगी या गरीब चुनाव आपका है और आपकी शिक्षा का चुनाव मुफ्त हो सकता है। उन्होंने आगे लिखा है, अपना ख्याल रखें और इस मंदी को अपने जीवन की सबसे अच्छी चीज बनाएं।

## क्या है पोस्ट का मतलब

रॉबर्ट कियोसाकी लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत बनने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनका मानना है कि मंदी एक अवसर है, डरने की बात नहीं। वे लोगों को पारंपरिक निवेश से हटकर सोना, चांदी और रियल एस्टेट जैसी चीजों में निवेश करने की सलाह दे रहे हैं। उनका कहना है कि वित्तीय ज्ञान होना बहुत जरूरी है।

सही जानकारी के साथ, कोई भी मंदी में भी तरक्की कर सकता है। इसलिए, कियोसाकी लोगों को सीखने और बदलाव करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। उनका मानना है कि समय हमेशा आपके साथ है और कभी भी शुरुआत करने में देर नहीं होती। यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म से ज्ञान प्राप्त करें, लेकिन सावधान रहें और सही जानकारी चुनें।

# ईरान की मुद्रा डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान की मुद्रा रियाल शनिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर कारोबार कर करती दिखी। इस बीच, देश लंबी छुट्टी के बाद काम पर लौटा।

फारसी नववर्ष, नौरोज के दौरान मुद्रा बाजार बंद होने और सड़कों पर केवल अनौपचारिक व्यापार होने के कारण रियाल डॉलर के मुकाबले 1 मिलियन रियाल से अधिक गिर गया था। इससे बाजार पर अतिरिक्त दबाव बना। शनिवार को जब व्यापारियों ने काम फिर से शुरू किया, तो रियाल की दर में और गिरावट आई और यह 1,043,000 प्रति डॉलर के भाव पर पहुंच गया। इससे संकेत मिलता है कि नया निचला स्तर यहीं बना रहेगा।

ईरान की राजधानी तेहरान के फिरदौसी स्ट्रीट पर, जो देश के मुद्रा विनिमय का केंद्र है, कुछ व्यापारियों ने तो वर्तमान दर दर्शाने वाले अपने इलेक्ट्रॉनिक संकेत भी बंद कर दिए। मुद्रा कारोबारियों के बीच इस बात पर अनिश्चितता बनी हुई थी कि रियाल में और कितनी गिरावट आ सकती है।

# 74 तक टूटेगा एनएचपीसी का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनएचपीसी के शेयर लगातार कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर बीते शुक्रवार को 1 प्रतिशत से अधिक गिरकर 83.49 रुपये पर बंद हुए थे। हाइड्रो पावर कंपनी के शेयर पिछले एक साल में 10 प्रतिशत तक गिर गए



हैं। पीएसयू के शेयर की कीमत में भारी गिरावट देखी गई है, जिससे निवेशकों में चिंता बढ़ गई है। एनएचपीसी के शेयरों में तेज गिरावट ने खुदरा निवेशकों को असमंजस की स्थिति में डाल दिया है और उनके आत्मविश्वास को भी प्रभावित किया है। एनएचपीसी की कंपनी के मजबूत फंडामेंटल और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में बाजार हिस्सेदारी के बावजूद इसके शेयर दबाव में हैं।

## क्या है टारगेट प्राइस

ब्रोकरेज फर्म कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने सेल रेटिंग और 74 के रिवाइज टारगेट प्राइस के साथ मंदी की ओर रुख किया है। वहीं, सीएलएसए ने शेयर पर अपनी हाई कन्विक्शन आउटपरफॉर्म रेटिंग को बरकरार रखा है और प्रति शेयर 117 का प्राइस टारगेट दिया है। विदेशी ब्रोकरेज को यह भी उम्मीद है कि अगले चार सालों में शेयर की कीमत दोगुनी हो जाएगी।

## कंपनी के शेयरों के हाल

एनएचपीसी के शेयर की कीमत एक बार 100 रुपये के पार चली गई थी। हालांकि, अब शेयर की कीमत में गिरावट आई है और यह 90 रुपये से भी नीचे कारोबार कर रहा है। एनएचपीसी के शेयर की कीमत पिछले एक साल में 10 फीसदी गिर गई है। हालांकि, एनएचपीसी के शेयर की कीमत ने दो साल में 106 फीसदी, तीन साल में 191 फीसदी और पांच साल में 318 फीसदी का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयर 52 वीक हाई प्राइस 118.40 रुपये और 52 वीक का लो 71 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 83,866 करोड़ रुपये है।

# सब शेयर-शेयर चिल्लाते रहे, असली रिटर्न तो सोने ने दिया...

## 25 साल का परफॉर्मेंस हिला देगा दिमाग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निवेशकों के लिए सोना एक सुरक्षित विकल्प माना जाता है। यह उन्हें भरोसा दिलाता है कि उनका पैसा भरोसेमंद चीज में लगा है। पिछले दो सालों में और पिछले 25 सालों में भी सोने ने इक्विटी (शेयर बाजार) से बेहतर प्रदर्शन किया है। जेरोधा के सीईओ नितिन कामथ ने सोने और निफ्टी 50 के प्रदर्शन की तुलना की है। उन्होंने पाया कि 2000 से सोने ने 2,027 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं, नेशनल स्टॉक



एक्सचेंज के बेंचमार्क इंडेक्स ने 1,470 प्रतिशत का रिटर्न दिया। यह दिखाता है कि सोना मुश्किल समय में भी अच्छा प्रदर्शन करता है। 2008 की आर्थिक मंदी और कोरोना महामारी के दौरान भी सोने ने अच्छा प्रदर्शन किया। कामथ का कहना है कि भारतीय निवेशकों के लिए सोना अच्छा विकल्प है। यह उन्हें अपने निवेश को अलग-अलग चीजों में बांटने में मदद करता है। अब सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए गोल्ड ईटीएफ सोने में निवेश करने का सबसे अच्छा तरीका हो सकता है। कामथ ने एक चार्ट भी दिखाया जिसमें सोने और निफ्टी के प्रदर्शन की तुलना की गई। चार्ट में दिखाया गया है कि निफ्टी आर्थिक मंदी के दौरान नीचे गिर गया था, लेकिन सोना स्थिर रहा। उन्होंने कहा, कोई नहीं बता सकता कि सोने की कीमतें क्यों बढ़ती हैं, लेकिन यह काम करता है।

## 2025 में सोने की कीमत 18 प्रतिशत बढ़ी

हाल के सालों में भी सोने ने अच्छा प्रदर्शन किया है। 2025 में सोने की कीमत 18 प्रतिशत बढ़ी, जबकि निफ्टी लार्ज मिडकैप 250 में 6 प्रतिशत की गिरावट आई। 2024 में सोने ने 25 प्रतिशत का रिटर्न दिया, जबकि निफ्टी लार्जकैप 250 ने 19 प्रतिशत का रिटर्न दिया। यह दिखाता है कि सोना बाजार में अस्थिरता के समय में भी अच्छा प्रदर्शन करता है।

2005 से सोने ने हर साल औसतन 20 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। सिर्फ तीन बार ऐसा हुआ है जब सोने का रिटर्न नेगेटिव रहा है। 2023 में यह 18 प्रतिशत गिरा, 2015 में 8 प्रतिशत और 2021 में 2 प्रतिशत। कामथ ने कहा कि सोने ने इक्विटी से बेहतर रिटर्न दिया है। उन्होंने कहा, मैं तारीखों को थोड़ा बदल रहा हूं, लेकिन यह सच है कि 2000 से सोने ने निफ्टी से ज्यादा रिटर्न दिया है।

## सोने में निवेश का सबसे अच्छा तरीका

कामथ का सुझाव है कि गोल्ड ईटीएफ भारतीय निवेशकों के लिए सोने में निवेश करने का सबसे अच्छा तरीका है। खासकर अब जब स्त्रक्र उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने जेरोधा एएमसी के गोल्ड ईटीएफ GOLDCASE के लॉन्च के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि यह सही समय पर लॉन्च हुआ है, क्योंकि सोने की कीमतें बढ़ रही हैं और SGB का जारी होना बंद हो गया है।

# एचएसएल ने 40 साल बाद पहली बार मुनाफा कमाया

**कंपनी कर आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए सरकार आई थी आगे**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली, एजेंसी। सरकारी कंपनी हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड के लिए अच्छी खबर है। 40 साल के बाद यह कंपनी फायदे में आ गई है। कभी यह शिपयार्ड बंद होने की कगार पर था, लेकिन अब इसकी आर्थिक स्थिति सुधर गई है। यह कंपनी भारतीय नौसेना के लिए जहाज बनाती है। साथ ही पनडुब्बियों की मरम्मत का काम भी करती है। साल 2010 में रक्षा मंत्रालय ने इसे अपने हाथ में ले लिया था। उस समय इस कंपनी की हालत बहुत खराब थी।

अधिकारियों का कहना है कि 2024-25 में एचएसएल ने 1,586 करोड़ रुपये की कमाई की है। उसे 295 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। यह पिछले साल से 36 प्रतिशत ज्यादा है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि 40 सालों में पहली बार कंपनी फायदे में आई है। अब इस कंपनी को मिनीरत्न का दर्जा मिल सकता है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी है।

## सरकार ने की थी मदद

फरवरी 2010 में रक्षा मंत्रालय ने इस कंपनी को अपने नियंत्रण में ले लिया। साल 2010-11 में इसे 452.68 करोड़ रुपये की मदद दी गई थी। इससे इसे आधुनिक बनाने में मदद मिली। लेकिन फिर भी इसकी हालत खराब रही। 2014-15 तक इस कंपनी का नुकसान 1,023 करोड़ तक पहुंच गया था क्योंकि इसे ज्यादा काम नहीं मिल रहा था और कई दिक्कतें आ रही थीं।

## कैसे आई कंपनी फायदे में

कोविड-19 महामारी के कारण कंपनी को बहुत नुकसान हुआ था। लेकिन पिछले चार सालों में चीजें बदलने लगीं। नौसेना से मिले बड़े ऑर्डर और अन्य प्रोजेक्ट्स के कारण मुनाफा बढ़ा। 2023-24 में एचएसएल ने 1,413 करोड़ रुपये का कारोबार किया। 2020-21 में यह 478 करोड़ रुपये था। इस तरह कारोबार लगभग तीन गुना बढ़ गया। अधिकारियों के अनुसार कंपनी ने लागत कम करने, प्रोडक्शन बढ़ाने और नए आइडिया को बढ़ावा देने पर ध्यान दिया। पुराने मसलों को भी सुलझाया गया। साथ ही 1,253 करोड़ रुपये की देनदारियों को कम किया गया।

# स्टार्ट-अप विवाद में कूदे ईज माइ ट्रिप के सह-संस्थापक रिकांत पिट्टी, सोशल मीडिया पर लिखा पोस्ट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा स्टार्ट-अप को लेकर दिए गए बयान पर जारी विवाद में अब ईज माइ ट्रिप कंपनी के सह-संस्थापक रिकांत पिट्टी भी कूद गए हैं। रिकांत ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है। इस पोस्ट में रिकांत ने अपनी कंपनी के बदलाव और इसके द्वारा यात्रा को तकनीक की मदद से नया आकार देने का जिक्र किया गया है। साथ ही केंद्रीय मंत्री की तारीफ करते हुए उनके विजन को सही बताया।

रिकांत ने अपनी कंपनी के हालिया नए अभियान ग्रीन मोबिलिटी का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने बताया कि साल 2028 में वे चार हजार इलेक्ट्रिक बसें लॉन्च करने वाले हैं। यह उनके पर्यावरण हितैषी और आत्मनिर्भर यात्रा उपायों के प्रति समर्पण का हिस्सा है। रिकांत ने लिखा कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के दूरदर्शी नेतृत्व ने हमें बड़ा सोचने और लगातार नवाचार करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने गहन तकनीक, सतत विकास और भारत के स्टार्ट अप इकोसिस्टम में नवाचार की अहमियत बताई। ईज माइ ट्रिप डॉट कॉम में हम इसे पूरी तरह से आत्मसात कर रहे हैं।

रिकांत ने बताया कि उनकी कंपनी ने योलो बस का अधिग्रहण किया है, जो उनकी कंपनी के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है। इस कंपनी ने शहरों के भीतर यात्रा की नई कल्पना की है। अब योलो बस की मदद से ईज माइ ट्रिप ने ईजी ग्रीन मोबिलिटी की शुरुआत की है। इस महत्वकांक्षी पहल के जरिए हम इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सॉल्यूशन विकसित करेंगे, जो भारत में सार्वजनिक परिवहन में क्रांतिकारी बदलाव लेकर आएंगे। ईज माइ ट्रिप भारत का दूसरा सबसे बड़ा ऑनलाइन ट्रैनल प्लेटफॉर्म है।

# रूस में बायोमेट्रिक तरीके से भुगतान का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा, केवल मुस्कुराने भर से ही लेनदेन संभव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूरी दुनिया में जारी व्यापार युद्ध की आशंकाओं और अमेरिका के साथ अपने व्यापारिक रिश्ते में खटास के बीच रूस में आर्थिक मोर्चे पर एक बड़ा सुधार हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की पहल पर रूस में बायोमेट्रिक भुगतान का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल शुरू हो गया है। यह एक ऐसी भुगतान प्रणाली है, जिसमें यूजर्स फिंगरप्रिंट, चेहरे की पहचान या आइरिस स्कैन के जरिए सुरक्षित लेनदेन कर सकते हैं। रूस के स्पेर बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार इस तकनीक के उपयोग से भुगतान की कुल राशि 31.1 करोड़ डॉलर तक पहुंच गई है। यह आंकड़ा 2024 के लेनदेन की संख्या से काफी अधिक है।

रूस में पिछले साल बायोमेट्रिक तकनीक के जरिए लगभग 2.6 करोड़ डॉलर का भुगतान किया गया था। बैंक के अनुसार देश में भुगतान के लिए बने बायोमेट्रिक टर्मिनल्स की संख्या 10 लाख से अधिक हो गई। भुगतान के लिए अब यह तकनीक देश के दूर-दराज क्षेत्रों में भी उपलब्ध है।

बैंक के अनुसार, बायोमेट्रिक भुगतान में स्माइल पेमेंट सर्विस की लोकप्रियता पूरे देश में बढ़ती जा रही है। इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल मॉस्को और पीटर्सबर्ग में होता है। रिपोर्ट में बताया गया कि नागरिकों ने 2025 के पहले तीन महीने में ही 35



मिलियन भुगतान कर लिए हैं।

स्पेर बैंक के उपाध्यक्ष दिमित्री माल्यख के अनुसार रूस दुनिया का ऐसा पहला देश बना गया है, जहां भुगतान के लिए बायोमेट्रिक तकनीक का इस्तेमाल इतने बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हो रहा है। इस तकनीक ने केवल मुस्कुराने भर से भुगतान करना संभव बना दिया है। यह सुविधा 18 वर्ष से अधिक आयु के किसी भी नागरिक के लिए उपलब्ध है। 2025 के पहले तीन महीने के भुगतान की संख्या पहले ही पिछले पूरे साल के आंकड़ों को पार कर चुकी है। इस नई तकनीक को आम लोग बढ़-चढ़ कर अपना रहे हैं। माल्यख ने कहा कि आमतौर पर ऐसी सुविधाओं का विस्तार तीन से चार वर्षों में पूरा होता होता है, लेकिन रूस में यह तकनीक 2023 की गर्मियों में लॉन्चिंग के बाद बहुत कम समय में लोकप्रिय हो गई हैं।

बैंक के विश्लेषण के अनुसार नई तकनीक के मुख्य यूजर 25 से 44 साल के बीच के लोग हैं। कुल उपयोगकर्ताओं में इनकी संख्या 56 प्रतिशत है। वहीं, 31 प्रतिशत यूजर्स की उम्र 45 से 64 वर्ष के बीच है। तकनीक का उपयोग करने वालों 22 से 24 साल और 65 वर्ष के ऊपर के लोग 5 प्रतिशत हैं। वहीं 18 से 21 साल के यूर्जस की संख्या महज 3 प्रतिशत है।

# मुद्रा योजना करोड़ों सूक्ष्म उद्यमियों की उम्मीदों को लगा रही पंख

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल में आई फ्रैंकलिन टेंपलटन रिपोर्ट के वा अनुसार, भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के तौर पर उभर रहा है। इसलिए विकसित भारत-2047 की यात्रा में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की भूमिका अत्यावश्यक है। एमएसएमई में करीब 12 करोड़ नौकरियां हैं, जो रोजगार बाजार में अहम योगदान देते हैं और देश में उद्यमिता संस्कृति को प्रोत्साहन देते हैं।




एमएसएमई के विनिर्माण क्षेत्र की रीढ़ होने के बावजूद, क्रेडिट तक पहुंच की कमी, विशेष रूप से औपचारिक चैनलों की ओर से लेंडिंग बड़ी चुनौती रही है। एमएसएमई क्षेत्र को संस्थागत वित्तपोषण की आवश्यकता है, जिससे इन अनौपचारिक उद्यमों को मुख्यधारा में लाया जा सके और अर्थव्यवस्था में आय निर्माण और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिले। 8 अप्रैल, 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और माइक्रो यूनिट्स डवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी लि. (मुद्रा लिमिटेड) का शुभारंभ इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए ऐतिहासिक पहल थी। मुद्रा योजना ने एक दशक में करोड़ों सुक्ष्म उद्यमियों को वित्तीय प्रणाली से क्रेडिट प्राप्त करने में सहायता की है।मुद्रा योजना ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, निजी क्षेत्र के बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, लघु वित्त बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों, सूक्ष्म वित्त संस्थानों सहित कई कर्ज देने वाली संस्थाओं के माध्यम से अब तक वंचित गैर-कॉरपोरेट, गैर-कृषि लघु व्यवसायों को सफलतापूर्वक वित्त पोषण प्रदान किया है। इसके अंतर्गत स्वीकृत और वितरित की गई संचयी राशि 33.54 लाख करोड़ रुपये और 32.76 लाख करोड़ रही, जो लगभग 53 करोड़ लोन खातों को कवर करती है। बिना गारंटी लोन की पेशकश करके मुद्रा योजना स्वरोजगार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है। इसने नई नौकरियों को सुगम बनाया है और बेरोजगारी को, खासकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में, कम किया है।

बीते दशक में मुद्रा ने वित्तपोषकों को पुनर्वित्तपोषित करके छोटे व्यवसायों के विकास को प्रोत्साहन देने के अपने उद्देश्य को पूरा किया है। एसआईडीबीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के तौर पर, मुद्रा लि. ने वित्तीय सेवाओं को, खासकर जमीनी स्तर पर काम करने वाले सूक्ष्म उद्यमों के लिए, अधिक सुलभ और समावेशी बनाने की दिशा में लगातार काम किया है। इसने इन छोटे व्यवसायों को बिचौलियों के चंगुल से निकालने में मदद की है और उन्हें अपनी विकास क्षमता को उजागर करने के लिए जरूरी वित्तीय संसाधन प्रदान किए हैं।

देश के सभी जिलों में वितरित लोन के साथ, मुद्रा लोन ने क्षेत्रीय और संतुलित विकास सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। छोटे व्यवसायों की बढ़ती जरूरतों को समझते हुए सरकार ने हाल में लोन की नई श्रेणी तरुण प्लस की शुरुआत की, जो लोन की राशि को बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर देती है। इस सुधार ने उन उद्यमियों के प्रयासों को मान्यता दी, जिन्होंने असाधारण क्रेडिट योग्यता और पुनर्भुगतान क्षमता का प्रदर्शन किया है। तरुण प्लस से पहले मुद्रा लोन तीन लोन श्रेणियों के माध्यम से दिए जाते थे- शिशुः 50,000 रुपये। किशोरः 50,000 से अधिक और 5 लाख तक के लोन और तरुण...5 लाख से अधिक और 10 लाख तक के लोन। इस योजना में कार्यशील पूंजी सुविधा के रूप में सावधि लोन भी दिए जाते हैं। विभिन्न ऋण संस्थानों की ओर से उधारकर्ताओं को रुपे प्लेटफॉर्म पर मुद्रा डेबिट कार्ड जारी किया जाता है।

## महिला उद्यमियों को मिली वित्तीय स्वतंत्रता

मुद्रा योजना के तहत 68 फीसदी महत्वपूर्ण मुद्रा लोन महिला उद्यमियों को दिए गए हैं, जिससे उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने और अपने परिवारों और समुदायों में सार्थक योगदान करने का अधिकार मिला है। इसके अतिरिक्त, समाज के कमजोर वर्ग जैसे एससी, एसटी और ओबीसी प्रमुख लाभार्थी रहे हैं, जिन्होंने मुद्रा लोन का 50 फीसदी प्राप्त किया है। मुद्रा नए उद्यमियों/लोन के साथ उद्यमशीलता की संस्कृति को भी प्रोत्साहन दे रही है। खातों को दिए गए 21 फीसदी मुद्रा लोन के साथ उद्यमशीलता की संस्कृति को भी प्रोत्साहन दे रही हैं।

# टैरिफ को लाभ में बदलने के लिए 3 साल तक पीएलआई की अवधि बढ़ाना जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के टैरिफ से पैदा हुए अवसरों का लाभ उठाने के लिए भारत को उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन यानी पीएलआई को कई और क्षेत्रों में बढ़ाने के साथ इसकी अवधि को भी तीन साल तक बढ़ाने की जरूरत है। एसबीआई की रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि इससे वैश्विक




स्तर पर भारत को निर्यात में प्रतिस्पर्धा करने में मजबूती मिलेगी। एसबीआई ने शनिवार को जारी रिपोर्ट में कहा, चीनी और भारतीय वस्तुओं पर भारी शुल्क लगाया गया है। ऐसे में भारत अमेरिकी बाजार का एक बड़ा हिस्सा हथियाने के एक दुर्लभ अवसर की ओर अपने आप को देखता हुआ पाता है। इस अवसर को विनिर्माण क्षेत्र में उछाल में बदलने जरूरत होगी। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के नए ठिकानों की तलाश के बीच भारत सरकार अपनी 23 अरब डॉलर की विनिर्माण योजना को समाप्त करने की योजना बना रही है। इसे मूल 14 क्षेत्रों से आगे भी नहीं बढ़ाया जाएगा। एसबीआई ने रिपोर्ट में कहा, सरकार को भारतीय निर्यातकों को इस उथल-पुथल से लाभ उठाने में मदद करने के लिए पीएलआई योजनाओं को मजबूत करना चाहिए।

12_16.12.2018 PAGE-04.qxd 06-04-2025 22:32 Page 1



# रामभक्तों ने निकाली शोभा यात्रा, राममय हुए लोग

## जय श्रीराम के नारों से गूंजा शहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव यानी रामनवमी का त्योहार सनातन धर्म में एक विशेष महत्व रखता है। रविवार को रामनवमी पर पूरे देश में भगवान राम की पूजा-अर्चना भव्य रूप से की जा रही है। झारखंड की राजधानी रांची की रामनवमी भी आकर्षण का केंद्र होती है, इस मौके पर राम भक्तों के द्वारा शोभायात्रा निकालने की परंपरा है। वहीं, हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी धर्मपत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के साथ निवारणपुर स्थित प्राचीन श्रीराम जानकी तपोवन मंदिर पहुंचे। जहां, उन्होंने विधि विधान के अनुसार भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तपोवन मंदिर में सैंकड़ों के संख्या में मौजूद भक्तों को संबोधित करते हुए रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन हम सभी को प्रेरणा, मयार्दा, अनुशासन और त्याग का संदेश देता है। भगवान श्रीराम से मेरी यही कामना है कि झारखंडवासियों के जीवन में खुशहाली, तरक्की हो और राज्य विकास की ओर बढ़ता रहे।

तपोवन मंदिर के मुख्य पुजारी महंत ओम प्रकाश शरण ने बताया हजारीबाग के बाद रांची का रामनवमी सबसे भव्य होता है, जिसकी चर्चा देश भर में होती है।



उन्होंने कहा कि साल 1929 में पहली बार रांची में रामनवमी शोभायात्रा निकाली गई थी, जो महावीर चौक से शुरू होकर तपोवन मंदिर पहुंची थी। इसके बाद से यह परंपरा आज भी जारी है। हर साल रामनवमी पर निकाली जाने वाली शोभायात्रा का तोपवन मंदिर में ही समापन होता है।

# रामनवमी के मौके पर श्रद्धालुओं को दी गयी फ्री बस सेवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। रामनवमी पर रांची नगर निगम द्वारा श्रद्धालुओं और आम जनता की सुविधा के लिए विशेष पहल की गई है। रामनवमी के अवसर पर आमलोगों और श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए रविवार को रांची नगर निगम की ओर से 10 मार्गों पर 10 नगर बसों का परिचालन निःशुल्क किया जाएगा ।शहरी क्षेत्र में निकलने वाले शोभायात्रा का समापन तपोवन मंदिर निवारणपुर में होता है। इसलिए शोभायात्रा की समाप्ति के बाद श्रद्धालुओं की वापसी के लिए 10 मार्गों पर नगर बसों का परिचालन किया जाएगा।

इसके अलावा सरकारी बस स्टैंड में अतिरिक्त पांच नगर बस उपलब्ध रहेंगे, जिन्हें आकस्मिक आवश्यकता की स्थिति में परिवहन कार्य के लिए उपयोग किया जा सोगा। इस सेवा के दौरान




महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी।

वहीं, दूसरी ओर लोहरदगा के सेन्हा थाना क्षेत्र में प्रखंड प्रशासन ने रामनवमी के मद्देनजर फ्लैग मार्च निकालकर आपसी सौहार्द के साथ रामनवमी के साथ अन्य पर्व मनाने की अपील की।

सेन्हा थाना से फ्लैग मार्च निकालकर मुख्य सड़क होते हुए सेन्हा मुख्य चौक, अमन चौक, जगरनाथ मंदिर चौक, गौसिया मस्जिद चौक, सेन्हा डीपू तक एवं सेरेंगहातू में लोगों को अच्छी तरह से रामनवमी और अन्य पर्व मनाने की बात कही। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अफवाह फैलाने वाले उपद्रवियों से निपटने के लिए शक्ति प्रदर्शन भी दिखाया। बीडीओ संग्राम मुर्मू ने कहा कि शांति देश की पहचान है।

ऐसे में असामाजिक तत्वों की पहचान करते हुए पुलिस प्रशासन को सूचना दें।

# प्रदर्शन के दौरान हुई मौत के मामले की जांच करेगी टीम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। झारखंड के बोकारो में बीते गुरुवार को प्रदर्शन के दौरान एक प्रदर्शनकारी की मौत मामले में राज्य की सियासत में गर्माहट तेज है। इसी बीच बोकारो जिला प्रशासन ने सीआईएसएफ कर्मियों द्वारा प्रदर्शनकारियों पर कथित लाठीचार्ज की घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस लाठीचार्ज में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद, प्रशासन ने बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) के नजदीकी इलाकों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 163 के तहत प्रतिबंध लागू कर दिया है। बता दें कि यह घटना गुरुवार को हुई जब 'बीएसएल विस्थापित अप्रेंटिस संघ' के तहत लोग अपनी मांगों के लिए स्टील प्लांट के प्रशासनिक भवन के पास प्रदर्शन कर रहे थे।

पुलिस के अनुसार, सीआईएसएफ कर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया था, जिसके कारण 26 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। बोकारो के उपायुक्त, जाधव विजय नारायण राव ने इस घटना की जांच के लिए चास उप-मंडल अधिकारी प्रांजल ढांडा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय पैनल गठित किया।

साथ ही उपायुक्त ने यह भी बताया कि बीएसएल प्रबंधन मृतक के परिजनों को 25 लाख रुपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देगा। वहीं, बीएसएल के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से प्लांट के सभी गेट खाली करवा दिए गए थे और 5,000 से ज्यादा श्रमिकों को प्लांट से बाहर निकाला गया।

दूसरी ओर, 'बीएसएल विस्थापित अप्रेंटिस संघ' ने निषेधाज्ञा के चलते अपना आंदोलन वापस ले लिया। इस निषेधाज्ञा के तहत पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, आग्नेयास्त्र ले जाने और धरना या जुलूस निकालने पर रोक लगाई गई थी ।गौरतलब है कि इस घटना के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस, आजसू पार्टी और जेएलकेएम सहित कई राजनीतिक दलों ने आंदोलनकारियों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ बोकारो बंद का आयोजन किया। इस दौरान कांग्रेस की बोकारो विधायक श्वेता सिंह को पुलिस ने एहतियात के तौर पर हिरासत में लिया था, लेकिन शनिवार को उन्हें रिहा कर दिया गया। रिहाई के बाद, श्वेता सिंह ने कहा कि मुझे आंदोलन को कमजोर करने के लिए हिरासत में लिया गया था, मैं विस्थापितों के अधिकारों के लिए लड़ रही हूं।

# केंद्र सरकार ने घटायी आवास योजना की राशि, लाभुकों को हो रही परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। केंद्र सरकार के नजरिए से झारखंड पठारी क्षेत्र नहीं, बल्कि एक मैदानी क्षेत्र है। इस दृष्टिकोण की झलक प्रधानमंत्री आवास योजना के वितरण में दिख रही है। पहले झारखंड के लाभुकों को 1.30 लाख रुपये की राशि आवास निर्माण के लिए दी जाती थी, लेकिन अब यह राशि घटाकर 1.20 लाख रुपये कर दी गई है।

जबकि अन्य पहाड़ी क्षेत्रों जैसे हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर व लद्दाख में यह राशि 1.30 लाख रुपये ही बनी हुई है। इससे झारखंड के लाभुकों को बड़ा झटका लगा है।

यह राशि तीन किस्तों में लाभुकों को दी जाती है। पहली किस्त में 40 हजार रुपये, दूसरी में 75 हजार रुपये, और तीसरी में 5 हजार रुपये है।




पीएम आवास की राशि में कमी आने से लाभुकों को आवास निर्माण में मुश्किलें हो रही हैं। पहले से ही कम राशि में और 10 हजार रुपये की कटौती से लाभुकों के सामने बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4.19 लाख पीएम आवास बनाने का लक्ष्य है, जबकि रांची में 32 हजार आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस मामले को प्रशासन और ग्रामीण विकास विभाग ने उठाया है और ग्रामीण विकास मंत्रालय को पत्र लिखकर पीएम आवास की राशि बढ़ाने का अनुरोध किया है।

अबुआ आवास योजना में लाभुकों को चार किस्तों में कुल दो लाख रुपये दी जाती है। इस राशि से पीएम आवास योजना की तुलना में लाभुकों को ज्यादा सहूलियत मिलती है।

दो वित्तीय वर्षों में प्रदेश में करीब साढ़े छह लाख आवास बनाने का लक्ष्य है। अब तक 200 से ज्यादा आवासों में लाभुकों ने गृह प्रवेश कर लिया है, जबकि 1600 आवासों की छत ढलाई पूरी हो चुकी है।

## कार्रवाई से लोगों में मचा हड़कम्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा**। झारखंड के चतरा में उपायुक्त रमेश घोलप ने गरीबों व असहाय का हक मारने वाले साधन-संपन्न परिवारों पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। उपायुक्त ने ऐसे 54 परिवारों का बीपीएल कार्ड निरस्त करते 45.66 लाख रुपये का दंड लगाया है।

इसके साथ ही उपायुक्त ने जिले वासियों से अपील की है कि साधन-संपन्न परिवार पांच अप्रैल तक स्वच्छता से बीपीएल कार्ड प्रत्यार्पण करे दें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

# मुर्हरम इंतेजामिया कमेटी ने जेनरल दल के अध्यक्ष को किया सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। मेदिनीनगर शहर के थाना परिसर में मुर्हरम इंतेजामिया कमिटी ने रामनवमी पूजा के अवसर पर मिलन सह सम्मान सामरोह कार्यक्रम का आयोजन किया। मुर्हरम इंतेजामिया कमिटी के अध्यक्ष जीसान खान की अध्यक्षता में हुई। मुर्हरम इंतेजामिया कमिटी के द्वारा महावीर नवयूवक जेनरल दल के अध्यक्ष जुगल किशोर चंद्रवंशी को समानित किया गया । वही एसपी रिष्मा रमेशन, नगर आयूक्त जावेद हुसैन, एसडीएम सुलोचना मीणा, डीडीसी शब्बीर अहमद, सदर सीओ अमरदीप बलहोत्रा, शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद, जेएमएम के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, प्रथम डिप्टी मेयर मंगल सिंह, जेनरल के बबलू गुप्ता, विजय ओझा, मनोहर कुमार लाली, दुर्गा जौहरी, दीपू चौरसिया, राम नाथ चंद्रवंशी, घूरा राम, राजू चंद्रवंशी समेत अन्य सदस्यों को भी समानित किया गया । मौके पर कमिटी के सन्नू सिद्की, असफर रब्बानी समेत कमिटी के सभी सदस्य मौजूद थे।

# लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के भंडारे में लोगों ने छककर खाया प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के तत्वावधान में भव्य भंडारा का आयोजन बाजार क्षेत्र के झंडा चौक व अनूप तिलकुट भंडार के पास किया गया। इसमें श्रद्धालुओं को ताजा पकवान व मिनरल वाटर वितरित किया गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक उमंग से परिपूर्ण था बल्कि समुदाय के प्रति सेवा भाव व सामाजिक एकता का अद्भुत उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

परियोजना अध्यक्ष वरुण जायसवाल ने बताया कि श्रीराम नवमी भगवान राम के जन्म का त्योहार हिंदू धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह दिन धार्मिक अनुष्ठानों, मंत्रोच्चारण व भक्ति गीतों से सजता है। इस वर्ष लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर स्थानीय समुदाय को सेवा प्रदान करने का संकल्प लिया था। भंडारा के माध्यम से उन सभी से आशीर्वाद लिया जो अपने जीवन में खुशी व सहयोग की अपेक्षा रखते हैं। अनूप तिलकुट भंडार के निकट आयोजित कार्यक्रम में धार्मिक व सामाजिक दोनों आयामों में एक अनूठी छाप छोड़ी। लायंस क्लब के इस पहल का उद्देश्य सभी वर्गों में भाईचारे व एकता की भावना को बढ़ावा देना था। समाज के लोगों ने बड़े उत्साह के साथ विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व पारंपरिक व्यंजन तैयार किए व श्रद्धालुओं में वितरित किया। गर्मी के बीच मिनरल वाटर की ताजी बोतलें भी वितरित की गईं। इससे भक्तों को तरोताजा रहने में मदद मिली। स्थानीय निवासियों ने इस भंडारे की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा व एकजुटता का संचार करते हैं।

लायंस महिला शक्ति आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि राम नवमी का त्योहार भगवान राम के जन्म की स्मृति में मनाया जाता है। यह पर्व धर्म, सत्य, न्याय व सहानुभूति जैसे महत्वपूर्ण गुणों की शिक्षा देता है।

लायन डॉक्टर रवीश कुमार ने लोगों



को रामनवमी की शुभकामनाएं दी । कहा कि क्लब के आयोजित भंडारे में यही संदेश स्पष्ट रूप से झलकता है कि जब समुदाय के सदस्य एकजुट होकर सेवा में लग जाते हैं तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है। क्लब के सदस्यों ने सुबह से ही तैयारी शुरू कर दी थी। इससे सभी श्रद्धालुओं को समय पर भंडारे का प्रसाद मिल सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में लायन प्रियंका आनंद साहू, लिली मिश्रा, लायन आकांक्षा जायसवाल, डॉक्टर रविश कुमार, ऋषिकेश दुबे , विकास शेट्टी, गुरवीर सिंह , अनूप कुमार, मनोज कुमार सोनी , परिमल प्रसून , श्रीकांत कुमार, मुकेश अग्रवाल, डॉ अमित कुमार, रंजन अग्रवाल, नवदीप सिंह, डॉक्टर अभय कुमार, डॉक्टर गौरव विशाल, आनंद केशव, रितेश कुमार, अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ, सचिव निलेश चंद्र, डॉ उदय कुमार, डॉक्टर निशांत कुमार, फिरोज अंसारी, अमुक प्रियदर्शी, वरिष्ठ सदस्य इंद्रजीत सिंह डिंपल व रणजीत मिश्रा सक्रिय थे।

# जब्त डायरी के कारण कई लोग पुलिस के रडार पर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर**। गोविंदपुर थाना क्षेत्र के अमलतास सिटी स्थित भूमिहार मेंशन से जब्त डायरी के माध्यम से पुलिस को कई अहम जानकारियां मिली हैं। यूपी के कुख्यात अपराधी अनुज कनौजिया के छिपने से लेकर उसके मुठभेड़ में मारे जाने तक की पूरी कहानी अब धीरे-धीरे सामने आ रही है। पुलिस द्वारा की गई छापामारी में ऐसी कई अहम जानकारियां मिली हैं, जो इस पूरे अपराध तंत्र की परतें खोलने के लिए काफी हैं। वहीं भूमिहार मेंशन का मालिक शशि शेखर उर्फ चिंटू सिंह से भी पुलिस की पूछताछ जारी है, जिनमें कई जानकारियां हाथ लगी है। इसमें कई सफेदपोशों के नाम भी सामने आए है। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि अनुज को जमशेदपुर में छिपने की जगह किसने दिलवाई थी? भूमिहार मेंशन की चाबी किसके पास थी? उसे यह चाबी किसने उपलब्ध कराई थी और वहां कौन-कौन लोग आते-जाते थे? सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह भी है कि मुख्तार अंसारी गैंग के इस शूटर को यहां पनाह देने वालों की भूमिका क्या थी?

हालांकि, पुलिस चिंटू के पकड़े जाने के मामले में अधिकारिक रूप से कुछ बयां नहीं कर रही है। अनुज के कमरे से आधार कार्ड बरामद किया है, जो जमशेदपुर में बना हुआ है।

इसके लिए क्या दस्तावेज यहां के उपलब्ध कराए गए थे। कार्ड शहर में कहां से बनाया गया है, इसकी जांच पुलिस कर रही है।

इधर, जिस भूमिहार मेंशन में अपराधी मारा गया, उसे पुलिस सील करने की तैयारी में है। इसके लिए पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जमशेदपुर के सीओ से मामले की जानकारी ली जा रही है।

स्थानीय लोग भी एसएसपी से मिलकर जमीन को खाली कराने की मांग कर चुके है। घटनास्थल पर लगातार पुलिस अधिकारियों के आने-जाने के कारण मकान को सील नहीं किया जा रहा है। पूरी जांच होने के बाद इसे सील किया जाएगा।

# आयुष्मान भारत कार्ड के सहारे घोटालेबाजों ने आपदा को बदला अवसर में

- बीते दिनों ईडी ने दी थी दस्तक
- कई सफेदपोश ईडी की जद में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य घोटाले में बड़े पैमाने पर हुई वित्तीय अनियमितता की अब परत-दर-परत खुल रही है ।राज्य सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निजी सचिव ओमप्रकाश सिंह समेत 21 लोगों के ठिकाने पर ईडी की छापेमारी इस आशय के प्रमाण मिले हैं कि घोटालेबाजों ने 40 करोड़ से अधिक के फर्जी बिल बनाए।

इसका भुगतान अभी लंबित हैं। जांच के दायरे में राज्य के 220 से अधिक के अस्पताल शामिल हैं। जिनपर शिकंजा कस सकता है।

अमानवीय यह है कि कोरोना आपदा को घोटालेबाजों ने अवसर बनाया और इसकी आड़ में बड़े पैमाने पर पैसे की हेराफेरी की।

घोटालेबाजों के ठिकानों से ईडी को नकदी के साथ-साथ घोटाले के संबंध में प्रमाण भी हाथ लगे हैं, जो आगे की जांच में और अधिक मददगार साबित होंगे।

ईडी ने झारखंड समेत दिल्ली और बंगाल में घोटाले से जुड़े लोगों के ठिकाने पर छापेमारी की थी। इस पूरे घोटाले की मास्टर माइंड बन्ना गुप्ता के निजी सचिव रहे ओमप्रकाश सिंह को बताया जाता है।

विभिन्न अस्पतालों से भी छापेमारी के दौरान ऐसे प्रमाण मिले हैं, जिससे अनियमितता की पुष्टि हो रही है। उल्लेखनीय है कि सीएजी की रिपोर्ट में इस घोटाले का पदार्फाश हुआ था।

जानकारी सामने आई थी कि बड़े पैमाने पर आपसी मिलीभगत से फर्जी तरीके से इलाज हुआ। जिन मरीजों को मृत करा देकर बिल का भुगतान लिया गया, बाद में उनके नाम पर भी उपचार हुआ।

ईडी के सूत्रों के मुताबिक छानबीन के बाद जांच का दायरा और बढ़ सकता है। इस घोटाले को लेकर कार्रवाई की जद में कई और लोग आ सकते हैं।

ज्ञात हो कि आयुष्मान भारत योजना में हुए घोटाला मामले की जांच कर रही ईडी की छापामारी शनिवार को समाप्त हो गई। तीन राज्यों झारखंड, बंगाल व दिल्ली में 21 ठिकानों पर चली इस छापामारी में जिला समन्वयक आशीष रंजन के आवास से 16.5 लाख रुपये नकद की बरामदगी हुई है।

वहीं, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के पीएस ओमप्रकाश के घर से दो लाख रुपये नकद की जब्ती हुई है।




आशीष रंजन रांची के सदर अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना में पदस्थापित हैं।

ईडी के अधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस छापामारी में विभिन्न ठिकानों से ईडी ने कई जमीन व फ्लैट्स के कागजात भी जब्त करने की कार्रवाई की है, जिसकी जांच चल रही है।

ईडी ने लैपटॉप व मोबाइल की भी जब्ती भी की है, जिसका विश्लेषण किया जा रहा है। ईडी ने थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेटर कार्यालय से भी डिजिटल उपकरण को जब्त किया था, जिसकी जांच जारी है।

यह भी जांच की जा रही है कि किन-किन मरीजों का आयुष्मान भारत योजना के तहत क्लेम स्वीकृत हुआ था। मरीजों का नाम मिलने के बाद उनकी भी पहचान की जा सकती है। ईडी जिला समन्वयक आशीष रंजन की नियुक्ति और उनके प्रमाण पत्रों की भी जांच कर रही है।

# वक्फ बिल के माध्यम से अल्पसंख्यकों का छीन रहा संवैधानिक अधिकार : रिजवान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मेदिनीनगर (पलामू)** । केंद्र सरकार संशोधित वक्फ बिल के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदाय के संवैधानिक अधिकारों को छीनना चाहती है। अब तो बातें कांग्रेसी नेता रिजवान खान ने कही। कहा कि यह बिल असंवैधानिक, अलोकतांत्रिक व भाईचारा को तोड़ने वाला है। संविधान के अनुच्छेद 14, 25, 30 के अनुसार अल्पसंख्यकों को अपनी संपत्तियों के प्रबंधन, धर्म प्रचार -प्रसार करने का अधिकार है। भाजपा सरकार कहती है कि मुसलमानों के हित में बिल है। भाजपा को बताना चाहिए कि अभी लोकसभा व विधानसभा में कितने मुसलमान को टिकट दिया था। कहा कि यह बिल मस्जिदों व कब्रिस्तानों को छीनना चाहती है। यह बिल असंवैधानिक है।

क्योंकि हिंदू बौद्ध धर्म के स्थान को उन्हीं के लोग चलाएंगे। जबकि मुस्लिम धर्म को नान मुस्लिम चलाएंगे। ई राइट टू इक्वलिटी का ग्रेव वाइलेशन है। ये संविधान के अधिकारों की हत्या कर रहे हैं। हमारे पुरखों ने अल्लाह के नाम पर जमीन वक्फ कर दिया। यह मुसलमान को नीचा दिखाने का बिल है। यह बिल जन विरोधी है। विधेयक के जरिए वक्फ संपत्तियां से संरक्षण छीन लिया जाएगा। जबकि हिंदू, जैन व सिख धार्मिक एवं धार्मिक संस्थाओं को यह संरक्षण मिला हुआ है। यह बिल व वक्त की मूल भावनाओं को कमजोर करती है। इस वक्त बोर्ड में गैर मुस्लिम सदस्यों को लाने और सर्वे का अधिकार कलेक्टर को देने जैसे नियम है। याह संविधान का भी उल्लंघन है।

## रामनवमी में स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं की सेवा की

**मेंदिनीनगर (पलामू)**। रामनवमी जन्मोत्सव के अवसर पर मागधी अग्रवाल समाज के संरक्षक डॉ. एनसी अग्रवाल के नेतृत्व में राम भक्तों के बीच सूजी का हलुआ व पानी का वितरण किया गया। समाज के प्रोजेक्ट चेयरमैन मुकेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि समाज द्वारा छहमुहांन चौक के पास स्टाल लगाकर रामभक्तों के बीच हलुआ, पानी बोतल का वितरण किया गया।

समाज के संगठन मंत्री रंजन अग्रवाल ने बताया कि लगभग तीन हजार रामभक्तों के बीच हलुआ का वितरण किया गया। समाज के सचिव भोलानाथ अग्रवाल, टिंकू अग्रवाल, रिशु अग्रवाल, नीलेश चन्द्र अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, राजू अग्रवाल (बेला), प्रभात अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, राजेश अग्रवाल (शेरा), विक्रम अग्रवाल, वरुण अग्रवाल, विकास अग्रवाल, चंदन अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, बैजनाथ अग्रवाल, रतन व मधु अग्रवाल समेत समस्त मागधी अग्रवाल समाज ने योगदान दिया।

# संजू सैमसन ने शेन वॉर्न को पीछे छोड़ा

## आईपीएल इतिहास में राजस्थान रॉयल्स के सबसे सफल कप्तान बने



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स पर 50 रन की शानदार जीत के बाद राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन फ्रेंचाइजी के सबसे सफल कप्तान बन गए हैं। मुल्लानपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में सैमसन ने कप्तान के तौर पर 32वीं जीत दर्ज की करते हुए दिग्गज शेन वॉर्न की 31 जीत को पीछे छोड़ दिया। आईपीएल के पहले सीजन 2008 में राजस्थान को खिताब दिलाने वाले वॉर्न ने 55 मैचों में 31 जीत दर्ज की थीं। सैमसन ने अब 62 मैचों में 32 जीत दर्ज की हैं जिससे रॉयल्स के सबसे सफल कप्तान के तौर पर उनकी विरासत मजबूत हुई है।

### राजस्थान रॉयल्स के कप्तान के तौर पर आईपीएल में सबसे ज़्यादा जीत

32 - संजू सैमसन (62 मैच)
31 - शेन वॉर्न (55 मैच)
18 - राहुल द्रविड़ (34 मैच)
15 - स्टीवन स्मिथ (27 मैच)
9 - अजिंक्य रहाणे (24 मैच)

### आईपीएल कप्तान के तौर पर सबसे ज़्यादा लगातार जीत

10 - गौतम गंभीर (2014-15)
8 - शेन वॉर्न (2008)
8 - श्रेयस अय्यर (2024-25)
7 - एमएस धोनी (2013)

मैच की बात करें तो घरेलू मैदान पर पहला मुकाबला खेलने उतरी पंजाब किंग्स को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शर्मनाक हार (50 रन) झेलनी पड़ी है। मुल्लांपुर के स्टेडियम में पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। राजस्थान ने जायसवाल के अर्धशतक और रियान पराग के महत्वपूर्ण रनों की बदौलत पहले खेलते हुए 4 विकट खोकर 205 रन बना लिए। जवाब में खेलने उतरी पंजाब टीम ने 43 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए। नेहल वडेहरा और मैक्सवेल ने कुछ रन बनाए लेकिन यह जीत (155-9 रन) के लिए काफी नहीं थे। पंजाब की यह सीजन में पहली हार भी है। इससे पहले खेले गए दो मुकाबलों में उन्होंने गुजरात टाइटंस को 11 रन से तो लखनऊ सुपर जायंट्स को 8 विकेट से हरा दिया था। वहीं, राजस्थान की चार मैचों में दूसरी जीत है। उन्होंने हैदराबाद और कोलकाता के खिलाफ पहले दो मुकाबले गंवा दिए थे।

# आर्चर ने पंजाब किंग्स के खिलाफ पहली गेंद पर विकेट का राज खोला, मुझे उम्मीद नहीं थी...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स पर राजस्थान रॉयल्स की 50 रनों की जीत की नींव रखने वाले तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने कहा कि दूसरी पारी की पहली ही गेंद पर विकेट मिलना टीम को शुरुआत से ही बढ़त दिलाने और मैदान पर मौजूद सभी खिलाड़ियों में ऊर्जा भरने में अहम भूमिका निभा सकता है। सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैचों में आर्चर ने बिना विकेट लिए क्रमशः 76 और 33 रन दिए। लेकिन आर्चर ने गुवाहाटी में चेन्नई सुपर किंग्स पर राजस्थान की जीत में 1-13 के स्पेल से खुद को साबित किया। शनिवार को मुलनपुर में आर्चर ने अपने बेहतरीन खेल का परिचय देते हुए प्रियांश आर्य और श्रेयस अय्यर को पहले ओवर में 145 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलता किया और फिर अर्शदीप सिंह को आउट करके राजस्थान को पंजाब के खिलाफ 3-25 के प्रभावशाली स्पेल से जीत दिलाई। आर्चर ने कहा, मैंने सोचा कि अगर मैं खिलाड़ियों को अच्छी शुरुआत दे सकता हूं, तो दूसरे छोर से गेंदबाज भी यही करेगा और उम्मीद है कि दबाव उन पर बना रहेगा। ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि गेंद को थोड़ा और स्विंग करना चाहिए था। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद नहीं थी कि यह इतना स्विंग नहीं करेगी, लेकिन मैं खुश हूं कि मैं पहली गेंद पर विकेट लेने में सफल रहा और लय सेट कर पाया।

# पीएसजी ने 13वीं बार लीग-1 का खिताब जीता

## ला लिगा में रियल मैड्रिड हारा, बार्सिलोना को बेटिस ने रोका

**लंदन, एजेंसी।** पीएसजी की यह 28 मैच में 23वीं जीत है और उसने दूसरे स्थान पर काबिज मोनाको पर 24 अंक की बड़ी बढ़त हासिल कर ली है। पीएसजी के 74 और मोनाको के 50 अंक हैं। मोनाको को एक अन्य मैच में ब्रेस्ट ने 2-1 से हराया। पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए शनिवार एंजर्स को 1-0 से हरा दिया। इसके साथ ही उसने छह मैच शेष रहते हुए ही फ्रांसीसी फुटबॉल लीग, जिसे लीग-1 भी कहा जाता है, उसका खिताब अपने नाम किया। पीएसजी का यह लीग-1 में 13वां खिताब है और इस तरह से उसने अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। वहीं, विनीसियस जूनियर पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए और इस वजह से रियाल मैड्रिड को स्पैनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपने घरेलू मैदान पर वालेंसिया के हाथों 2-1 से हार का सामना करना पड़ा।





### पीएसजी की जीत है खास

पीएसजी की यह जीत इसलिए भी खास है क्योंकि उसने चैंपियन बनने की राह तक एक भी मैच नहीं गंवाया। ट्रॉफी अपने नाम पर सुरक्षित करने के लिए उसको एंजर्स के खिलाफ केवल ड्रॉ की जरूरत थी, लेकिन युवा स्ट्राइकर डेसिरे डौए के गोल की मदद से उसने जीत के साथ जश्न मनाया। मैच समाप्त होने के बाद पीएसजी के खिलाड़ियों ने कोच लुई एनरिक को कंधे पर उठा लिया। पीएसजी की यह 28 मैच में 23वीं जीत है और उसने दूसरे स्थान पर काबिज मोनाको पर 24 अंक की बड़ी बढ़त हासिल कर ली है। पीएसजी के 74 और मोनाको के 50 अंक हैं। मोनाको को एक अन्य मैच में ब्रेस्ट ने 2–1 से हराया। पीएसजी ने अपने अभियान में अभी तक 80 गोल किए हैं, जबकि उसने केवल 26 गोल खाए हैं।

- **बार्सिलोना और रियल मैड्रिड को मिली हार** – बार्सिलोना के पास ला लिगा की तालिका में अपनी बढ़त मजबूत करने का सुनहरा मौका था, लेकिन लामिने यमाल और कुछ खिलाड़ियों द्वारा गोल का मौका चूकने की वजह से टीम जीत नहीं हासिल कर सकी। बार्सिलोना के लिए एकमात्र गोल गावी ने सातवें मिनट में दागा, जबकि बेटिस के लिए गोल नतान ने 17वें मिनट में किया। इसके बाद कोई गोल नहीं हो सका। वहीं, इससे पहले वालेंसिया ने शानदार खेल दिखाते हुए रियल मैड्रिड को हरा दिया। वालेंसिया के गोलकीपर जियोर्गी ममार्दशविली ने विनीसियस को शुरू में मिली पेनल्टी पर गोल नहीं करने दिया। इसके बाद 17वें मिनट में मोक्टार डायखाबी ने वालेंसिया को आगे कर दिया। विनीसियस ने 50वें मिनट में बराबरी का गोल किया। हालांकि, इंजरी टाइम यानी 90+5वें मिनट में ह्यूगो डूरो ने गोल दाग रियल मैड्रिड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इस मैच के ड्रॉ छूटने से बार्सिलोना के 30 मैच में 67 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर काबिज रियाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त हासिल कर ली है।

# सिनर बोले-डोपिंग मामले में मेरे फिजियो की गलती

## टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद बैन हुए थे, रोम मास्टर्स से करेंगे वापसी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड नंबर 1 इटालियन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर पर डोपिंग के चलते वर्ल्ड एंटी डोपिंग एसोसिएशन (वाडा) ने हाल ही में बैन लगाया था। पिछले साल उनके 2 डोपिंग टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद उनपर इस साल 9 फरवरी से 4 मई तक का बैन लगाया गया था। दरअसल, मार्च 2024 में हुए इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के दौरान उनके शरीर में एक क्लोस्टेबोल नामक प्रतिबंधित पदार्थ पाया गया। यह पदार्थ उनके शरीर में एक स्प्रे के माध्यम से गया था। शनिवार को सिनर ने बैन के बाद स्काई स्पोर्ट्स को अपना पहला इंटरव्यू दिया। जिसमें उन्होंने कहा,

- **यह मेरे फिजियोथेरेपिस्ट की गलती थी- सिनर** – इंटरव्यू में सिनर ने कहा, यह पदार्थ मेरे फिजियोथेरेपिस्ट के स्प्रे के जरिए गलती से मेरे शरीर में आया था। इस स्प्रे को उनके फिजियो ने सिनर के एक कट को ठीक करने के लिए इस्तेमाल किया था। लेकिन इसके इस्तेमाल के दौरान वे दस्ताने पहनना भूल गए। जिसकी वजह से यह पदार्थ सिनर के शरीर में चला गया। हालांकि इस घटना के बाद सिनर ने उस फिजियोथेरेपिस्ट को हटा दिया था।
- **लगातार दूसरी बार जीता था ऑस्ट्रेलियन ओपन** – जैनिक सिनर ने इस साल जनवरी में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता था। इसी के साथ उन्होंने अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया। वो 2006 में फ्रेंच ओपन में राफेल नडाल के बाद अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब बरकरार रखने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।
- **रोम मास्टर्स से वापसी करेंगे सिनर** – जैनिक सिनर ने कहा कि वो अपने आगामी टूर्नामेंट के लिए तैयार होने पर ध्यान दे रहे हैं। सिनर इस साल 7 मई से शुरू हो रहे रोम मास्टर्स से अपने इंटरनेशनल करियर में वापसी करेंगे। इसके बाद वह 19 मई से शुरू हो रहे फ्रेंच ओपन में भी खेलते नजर आएंगे।

# आईपीएल 2025 में जसप्रीत बुमराह की वापसी

## RCB के खिलाफ मुकाबले से पहले मुंबई इंडियंस में हुए शामिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 7 अप्रैल को मुंबई इंडियंस को अपने होम ग्राउंड पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना करना है. लेकिन, उससे पहले अच्छी बात ये हुई है कि बुमराह ने टीम को जॉइन कर लिया है. हालांकि, बुमराह आईपीएल के खिलाफ मुंबई इंडियंस की प्लेइंग इलेवन का हिस्सा बन पाएंगे, इसे लेकर अभी सस्पेंस है.

**बुमराह कब खेलेंगे आईपीएल 2025 में पहला मैच** – बैक सर्जरी के बाद बुमराह आईपीएल के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे थे, जहां से पिछले दिनों एक रिपोर्ट में उन्हें लेकर कहा गया था कि अभी उनकी वापसी पर सस्पेंस है. लेकिन, अब बुमराह के मुंबई इंडियंस को जॉइन कर लेने की खबर सामने आ चुकी है. जहां तक बुमराह के मैच खेलने की बात है, तो फिलहाल उसे लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है. लेकिन, ऐसा माना जा रहा कि वो 13 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबला खेल सकते हैं.

**2013 से मुंबई इंडियंस के साथ बुमराह** – जसप्रीत बुमराह साल 2013 से ही मुंबई के पेस अटैक की ताकत बने हैं. तब से अब तक वो मुंबई इंडियंस के लिए 133 मैच खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 165 विकेट अपने नाम किए हैं. बुमराह बैक इंजरी के चलते आईपीएल 2023 में नहीं खेल सके थे.

# आईपीएल 2025 में जिसे किसी टीम ने नहीं खरीदा

## उस खिलाड़ी ने 150 साल में सबसे बड़ा स्कोर बनाया

नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीएल2025 के ऑक्शन में 2 करोड़ रुपये की बेस प्राइस के साथ उतरे थे, मगर इंग्लैंड के टॉम बैंटन किसी टीम के पॉकेट में फिट नहीं बैठ सके. उन्हें कोई खरीददार नहीं मिला. लिहाजा, उन्हें आईपीएल खेलने का लाइसेंस नहीं मिला. लेकिन, वो कहते हैं ना कि जो होता है अच्छे के लिए होता है. आईपीएल 2025 में नहीं बिकने वाले बैंटन ने अब समरसेट से काउंटी के डिवीजन 1 मुकाबले में खेलते हुए 150 साल में सबसे बड़ा स्कोर बनाया है. उन्होंने ये बेमिसाल कारनामा वूर्सेस्टरशर के खिलाफ किया.

**टॉम बैंटन ने 381 गेंदों पर बनाए 344 रन** – टॉम बैंटन ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 381 गेंदों का सामना करते हुए 344 रन बनाए, जिसमें 53 चौके और 1 छक्का शामिल रहा. वो अब तक कुल 496 मिनट बैटिंग कर चुके हैं. 344 रन पर नाबाद बैंटन के सामने अब तीसरे दिन अपने स्कोर को और बड़ा करने की चुनौती होगी. उनकी कोशिश अपने स्कोर को 400 रन के पार ले जाने की होगी.

# राजस्थान रॉयल्स की सलामी जोड़ी अद्भुतः माइकल क्लार्क

**मुबंई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और टीवी कमेंटेटर माइकल क्लार्क ने टाटा आईपीएल में पंजाब किंग्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन की जोड़ी अदभुद है और यह किसी भी मैच में पासा पलटने की कुव्वत रखती है। कुहल फैन्स मैच सेंटर लाइव ऑन जियोहॉटस्टार पर क्लार्क ने कहा, 'जायसवाल ने आज शानदार प्रदर्शन किया। मुझे लगता है कि वह पहले के मैचों की तुलना में शुरुआत में थोड़ा ज़्यादा सतर्क थे। कुछ अच्छे शॉट्स ने उसे आत्मविश्वास दिया और वहीं से गति पकड़ी। अगर आप उसके वैगन व्हील को देखें, तो वह पार्क के चारों ओर शॉट मारता है।

## आईपीएल 2025:

# 75 मैच में 1 बार चलते हैं, 156 के स्ट्राइक रेट वाले पंजाब किंग्स के खिलाड़ी पर संजय मांजरेकर ने साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संजय मांजरेकर ने ग्लेन मैक्सवेल के फॉर्म की तुलना हैली धूमकेतु तब की जब 36 वर्षीय खिलाड़ी शनिवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 206 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स को मुश्किल से बाहर निकालने में विफल रहा। भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में खराब प्रदर्शन कर रहे पंजाब किंग्स के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि आईपीएल में 156 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट वाला ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैली धूमकेतु की तरह है। वह 75 में से एक मैच में अच्छा प्रदर्शन करता है। मांजरेकर ने मैक्सवेल के फॉर्म को लेकर यह बात तब कही जब 36 वर्षीय खिलाड़ी शनिवार (6 अप्रैल) को मुल्लांपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 206 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब को संकट से उबारने में असफल रहे।



लक्ष्य का पीछा करते हुए सातवें ओवर में छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे मैक्सवेल बाउंड्री लगाने के लिए संघर्ष करते रहे और 21 गेंदों में 30 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद मांजरेकर ने जियोहॉटस्टार पर कहा, हैली धूमकेतु सूर्य की परिक्रमा करता है और पृथ्वी से हर 75 साल में एक बार दिखाई देता है। ठीक उसी तरह ग्लेन मैक्सवेल 75 में से एक मैच में अच्छा खेलते हैं। इसे आखिरी बार 1986 में देखा गया था और अब इसे 2061 में देखा जाएगा। बल्लेबाजी में मैक्सवेल के साथ भी यही स्थिति है। ग्लेन मैक्सवेल क्रिकेट के हैली धूमकेतु हैं।

**चैंपियंस ट्रॉफी में भी नहीं चले** – मैक्सवेल इससे पहले गुजरात टाइटंस के खिलाफ शून्य पर आउट हो गए थे। अगर उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर की गेंद पर एलबीडब्ल्यू के फैसले को रिव्यू करने का विकल्प चुना होता तो बच जाते। मैक्सवेल के फॉर्म में गिरावट चैंपियंस ट्रॉफी में देखने को मिली थी। ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में भारत से हारकर बाहर हो गया था। उन्होंने तीन मैचों में केवल 39 रन बनाए थे।

# जिसने करियर बर्बाद करने का लगाया आरोप, उसी ने अब CSK से खिलवाड़ करने को लेकर धोनी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महेंद्र सिंह धोनी सवालों के कठघरे में हैं. इसके पीछे की वजह है उनका मौजूदा परफॉर्मेन्स. ना तो धोनी बड़ा स्कोर बना रहे हैं और ना ही मैच को फीनिश करते दिख रहे हैं. टीम के सफल रन चेज में अब उनका योगदान ना के बराबर दिखता है. और, ये बात सिर्फ आईपीएल 2025 की नहीं है. बल्कि पिछले सीजन में भी उनका कुछ ऐसा ही हाल था. बहरहाल, नाकाम होते धोनी पर अब पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने निशाना साधा है. उन्होंने बातों ही बातों में धोनी पर आईपीएल से खिलावाड़ करने का आरोप लगाया. घरेलू क्रिकेट में बंगाल से खेलने वाले ये वही मनोज तिवारी हैं, जिन्होंने कुछ समय पहले धोनी पर खुद का करियर तबाह करने जैसा बड़ा इल्जाम भी लगाया था.



**करियर बर्बाज करने का भी लगा चुके हैं आरोप** – संन्यास ना लेकर ष्टस्च के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाने वाले मनोज तिवारी ने ही धोनी पर खुद का करियर तबाह करने का भी इल्जाम लगाया था. उन्होंने कहा कि धोनी कप्तान थे. वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक लगाने और प्लेयर ऑफ द मैच बनने के बाद उन्हें और मौके मिलने चाहिए थे, जो कि नहीं मिले. उन्हें शतक लगाने के बावजूद टीम से ड्रॉप कर दिया गया. जबकि उस समय रन नहीं बना पहे विराट, रैना, रोहित को टीम में बनाए रखा गया. मनोज तिवारी के मुताबिक 6 महीनों के अंतराल में वो 14 मैचों से बाहर रहे.

- **आईपीएल 2023 के बाद धोनी को रिटायर होना चाहिए था'** – मनोज तिवारी ने क्रिकबज पर कहा कि उनकी समझ से धोनी को उसी वक्त रिटायर हो जाना चाहिए था, जब आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स ने खिताब जीता था. वैसा ना करके धोनी ने जो इज्जत कमाई थी या जो फैंस का भरोसा जीता था, पिछले सीजन से उसकी नींव हिली है, क्योंकि फैंस उनसे जैसे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं, वैसा वो अब नहीं कर पा रहे.

### ये तो खिलवाड़ है!

मनोज तिवारी ने स्टीफन फ्लेमिंग के दिए उस बयान पर भी हमला बोला, जिसके मुताबिक धोनी 10 ओवर से ज्यादा बैटिंग नहीं कर सकते. भाग नहीं सकते. पूर्व भारतीय क्रिकेटर के मुताबिक ये बात उनकी समझ से परे है कि जब बारी 20 ओवर तक फील्डिंग करने, स्टंपिंग करने और डाइव लगाकर गेंद को रोकने की आती है, तो आपके घुटने में चोट नहीं होती. लेकिन बात जब टीम को जिताने की आती है तो घुटने की चोट आड़े आ जाती है.

### टीम हित में नहीं धोनी के फैसले- मनोज तिवारी

मनोज तिवारी के मुताबिक धोनी को किसी को बताना चाहिए कि अब उनसे नहीं हो पा रहा. और, अब उन्हें संन्यास ले लेना चाहिए. उन्होंने ये भी कि उनकी समझ से ष्टस्च का सारा डिसीजन एमएस धोनी कर रहे हैं. पर वो जो डिसीजन ले रहे हैं वो टीम हित में नहीं हैं.

## संक्षिप्त समाचार

### रेप का झूठा बयान देना पड़ा महंगा, तीस हजारी कोर्ट ने दिया महिला के खिलाफ शिकायत दर्ज करने का निर्देश



**नई दिल्ली एजेंसी।** दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट ने एक व्यक्ति के खिलाफ बलात्कार के मामले में झूठी गवाही देने के आरोप में एक महिला के खिलाफ शिकायत दर्ज करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने आरोपी को भी बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि किसी की प्रतिष्ठा बनाने में पूरी जिंदगी लग जाती है, लेकिन उसे बर्बाद करने के लिए कुछ झूठ ही काफी होते हैं। आरोपी को बरी करते हुए अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड से स्पष्ट है कि अभियोक्ता ने इस अदालत के समक्ष झूठा बयान दिया और बलात्कार/धमकी की झूठी कहानी गढ़ी। दरअसल, उज्जैन की रहने वाली महिला ने आरोप लगाया था कि उसे आरोपी ने घूमने के लिए दिल्ली बुलाया था और नवंबर 2019 में नबी करीम इलाके के एक होटल में उसके साथ बलात्कार किया गया। एडिशनल सेशन जज अनुज अग्रवाल ने महिला द्वारा दिए गए झूठे बयान को देखते हुए आरोपी को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि हालांकि, यह कहना गलत नहीं होगा कि अगर अभियोक्ता की गवाही विश्वसनीय और भरोसेमंद पाई जाती है, तो उसे किसी स्वतंत्र पुष्टि की जरूरत नहीं होती है, लेकिन इस मामले में पीड़िता की गवाही उन कारणों से उत्कृष्ट गुणवत्ता की नहीं है, जिनकी चर्चा पहले ही की जा चुकी है। एएसजे अग्रवाल ने 4 अप्रैल के फैसले में कहा, बल्कि, रिकॉर्ड से यह स्पष्ट है कि अभियोक्ता ने इस अदालत के समक्ष झूठी गवाही दी और बलात्कार/धमकी की झूठी कहानी गढ़ी।

### गुजरात के सूरत में ऐसा क्या है खास, जिसे समझने वहां गए एनडीएमसी के उपाध्यक्ष; दिल्ली में भी करेंगे लागू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एनडीएमसी (नई दिल्ली नगर पालिका परिषद) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल शनिवार को गुजरात के सूरत शहर के दौरे पर थे, जहां उन्होंने रेन वाटर हार्वेस्टिंग (बारिश का पानी जमीन में उतारने), बाढ़ प्रबंधन और स्मार्ट तरीके से शहरीकरण के मॉडल का अध्ययन किया। जिससे सीख लेकर अब वे उसे दिल्ली में भी लागू करेंगे। इस दौरे के बारे में एनडीएमसी ने एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए जानकारी दी, और कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य विकसित भारत के व्यापक दृष्टिकोण के तहत सूरत शहर की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना और एनडीएमसी को स्थिरता और स्मार्ट शासन का मॉडल बनाना है। कुलजीत चहल के साथ एनडीएमसी के चीफ इंजीनियर (मुख्य अभियंता) एचपी सिंह और ओएसडी (राजस्व प्रबंधन) सी.अरविंद भी सूरत पहुंचे थे। यात्रा की शुरुआत केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल के साथ बैठक से हुई, इस दौरान चहल ने उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में 272 मौजूदा रैन वाटर हार्वेस्टिंग गड्ढों के पुनर्विकास और 101 नए गड्ढों के निर्माण के एनडीएमसी की कोशिशों के बारे में बताया। उन्होंने जलभराव को कम करने और ग्राउंडवाटर रिचार्ज (भूजल पुनर्भरण) में सुधार के लिए परिषद की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इस दौरे का एक मुख्य आकर्षण सूरत के एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र का दौरा था, जो 2016 से चालू है। चहल ने जल आपूर्ति, यातायात प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया सहित 30 से ज्यादा नागरिक सेवाओं को एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के रूप में एकीकृत करने के लिए आइसीसीसी की तारीफ भी की। उन्होंने दिल्ली में आपदा की तैयारी और सेवा वितरण को बढ़ाने के लिए इसी तरह की तर्ज पर एनडीएमसी के आइसीसीसी को अपग्रेड करने का सुझाव दिया। एनडीएमसी की टीम ने बामरोली में टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट, ग्राउंडवाटर रिचार्ज सिस्टम और बाढ़ सुरक्षा संरचनाओं जैसे अभिनव बुनियादी ढांचों का भी दौरा किया। चहल ने बंजर भूमि को ग्रीन जोन्स (हरित क्षेत्रों) में बदलने और उपचारित जल के पुन- उपयोग को बढ़ावा देने में सूरत की सफलता पर प्रकाश डाला। चहल ने जोर देकर कहा कि एनडीएमसी सूरत की सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ एक दीर्घकालिक दृष्टि विकसित करेगी, इस दौरान एनडीएमसी को जल और ऊर्जा उपयोग में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

# दिल्ली में कई स्कूलों की मान्यता हो सकती है रद्द, लोगों में भारी आक्रोश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में निजी स्कूलों की फीस बढ़ोतरी के खिलाफ विभिन्न स्थानों से अभिभावकों ने कई शिकायतें शिक्षा निदेशालय में की हैं। पूर्वी दिल्ली, मध्य दिल्ली, उत्तरी दिल्ली, उत्तर पश्चिमी दिल्ली जैसे स्थानों से कई अभिभावकों ने शिकायत की है। साथ ही, कुछ अभिभावक संघ ने शनिवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से भी इस मामले में मुलाकात कर निजी स्कूलों के खिलाफ फीस बढ़ोतरी को लेकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।



अब दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग ने लोगों की शिकायतों को देखते शनिवार को देर रात को इस मामले में फैसला लेते हुए कई दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसके मद्देनजर सभी जिला अधिकारियों को शिकायत को लेकर उच्च स्तरीय जांच कर स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए भी निर्देश दिए हैं। इसके तहत जिलाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि स्कूलों में फीस बढ़ोतरी के खिलाफ प्रत्येक शिकायत की वह निगरानी करेंगे और उसके बारे में पूरी जांच पड़ताल करेंगे। इस संबंध में दोषी पाए जाने वाले सभी स्कूलों की मान्यता रद्द करने का भी फैसला लिया जाएगा। इसके अलावा स्कूलों के अकाउंट का ऑडिट भी किया जाएगा, जिससे यह देखा जाएगा कि किस प्राइवेट स्कूल ने हर साल किस आधार पर बिना निदेशालय की अनुमति के अपने निजी स्कूल की फीस में बढ़ोतरी की है। जिलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वह रिपोर्ट भी इसमें प्रस्तुत करेंगे। इस बीच शनिवार को रोहिणी सेक्टर-4 स्थित एक निजी स्कूल के बाहर कई अभिभावकों ने स्कूल की फीस बढ़ाने के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अभिभावकों ने स्कूल के खिलाफ नारेबाजी की। अभिभावकों ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रशासन ने बिना किसी पूर्व सूचना के फीस बढ़ाने की सूचना जारी कर दी। इस संबंध में निदेशालय से किसी प्रकार की कोई अनुमति नहीं ली गई। निजी स्कूल की यह व्यवस्था व फैसला बिल्कुल भी उचित नहीं है। शनिवार को सुबह से लेकर दोपहर तक काफी संख्या में अभिभावक स्कूल के प्रवेश द्वार के बहार जुटे रहे। इस दौरान स्कूल के आसपास के क्षेत्र में सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा। दिल्ली के मॉडल टाउन के एक निजी स्कूल की फीस बढ़ाने को लेकर शनिवार को स्कूल के अभिभावक संघ ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री से अभिभावक संघ को स्कूल के खिलाफ उचित कार्रवाई का आश्वासन मिला। अभिभावक संघ के प्रतिनिधि नितिन गुप्ता ने बताया कि दिल्ली में निजी स्कूल लगातार फीस बढ़ा रहे हैं। इस पर अंकुश लगाने के लिए और कोई नीति लाने की मुख्यमंत्री से मांग की। नितिन गुप्ता ने कहा कि हमें उम्मीद है कि इस पर जल्द ही राज्य सरकार फैसला करेगी। मॉडल टाउन के निजी स्कूल ने बिना शिक्षा निदेशालय की अनुमति के दो शैक्षणिक सत्र में 45 फीसदी से अधिक स्कूल फीस बढ़ा दी है। बीते वर्ष बढ़ाई गई फीस के संबंध में निदेशालय की जांच समिति की रिपोर्ट में भी यह तथ्य सामने आया था कि स्कूल ने बिना निदेशालय की अनुमति के फीस बढ़ाई।

## दिल्ली में प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस के बाहर गोलीबारी

### कार में लगा दी आग, बाइक से आए थे हमलावर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में एक प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस के बाहर गोलीबारी की घटना सामने आई है। बाइक से आए हमलावरों ने वहां खड़ी प्रॉपर्टी डीलर की कार में आग लगा दी। प्रॉपर्टी डीलर घटना के समय ऑफिस में नहीं थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि शनिवार को पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार इलाके में एक प्रॉपर्टी डीलर के दफ्तर के बाहर कुछ बाइक सवार हमलावरों ने गोलीबारी की और उसकी कार में आग लगा दी। पुलिस के अनुसार, हमलावर कथित तौर पर प्रॉपर्टी डीलर संजय तोष को धमकाने की कोशिश कर रहे थे ताकि 30 लाख रुपए वसूले जा सकें। उन्होंने बताया कि मयूर विहार के त्रिलोकपुरी इलाके में जब यह घटना हुई तब तोष अपने घर पर थे।

पुलिस के अनुसार, एक प्रत्यक्षदर्शी मोहम्मद जैद ने बताया कि तीन दोपहिया वाहनों पर सवार होकर सात से आठ लोग मौके पर पहुंचे। उनमें से तीन लोग कार के सामने रुके, पत्थरों से उसकी खिड़कियां तोड़ दीं और पेट्रोल डालकर उसमें आग लगा दी। अधिकारी ने कहा कि जब जैद ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उस पर दो गोलियां चलाई गईं। इसके अलावा हवा में और भी गोलियां चलाई गईं। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त विनीत कुमार ने बताया कि दोपहर 3ः45 बजे एक पीसीआर कॉल मिली थी। इसमें बताया गया था कि एक कार में आग लगा दी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने पाया कि एक सफेद रंग की कार में आग लगा दी गई है और उसके शीशे तोड़ दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से छह खाली कारतूस, पत्थर, पेट्रोल से भरी बोतल और माचिस बरामद की गई है। पुलिस ने घटनास्थल से एक नोट भी बरामद किया है, जिसमें तोष का नाम और फोटो है। इसमें लिखा है, संजय तोष, या तो मेरे 30 लाख रुपए लौटा दो या जुए का धंधा बंद कर दो।

## दिल्ली में लू का अलर्ट, दो दिन बहुत बुरा हाल करने वाली है गर्मी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में मौसम का मिजाज और ज्यादा गरम होने वाला है। अगले कुछ दिनों में तापमान और तेजी से बढ़ने वाला है। मौसम विभाग ने दो दिन के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान राजधानी में लू चलने की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार और मंगलवार को दिल्ली में लू चल सकती है। इन दो दिनों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

दोनों ही दिन अधिकतम तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 20-22 डिग्री रह सकता है तो मंगलवार को 21 से 23 डिग्री रह सकता है। पहले विभाग ने शनिवार से लू की स्थिति बनने की आशंका जाहिर की थी लेकिन तेज हवाओं से फिलहाल यह स्थिति टल गई। शनिवार को 10 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर पश्चिमी हवाएं चलती रहीं। इससे तापमान में बहुत ज्यादा इजाफा नहीं हुआ। साथ ही प्रदूषण से भी राहत रही। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, शनिवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 163 रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस रहा।



## दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता का आम आदमी वाला कदम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जाम और पलूशन से जूझ रही दिल्ली में वीवीआईपी मूवमेंट और नेताओं के लंबे काफिले अक्सर जनता की समस्याओं में इजाफा करते हैं। ऐसे में शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक ऐसी पहल की, जिसे देखकर हर दिल्लीवाला खुश हो जाएगा। दरअसल, सीएम रेखा गुप्ता और उनके मंत्री कार पूलिंग करते नजर आए। यहां तक कि गाड़ी भी खुद मंत्री ने ही चलाई।

दिल्ली की मुख्यमंत्री और कैबिनेट के अन्य सदस्यों को केंद्र सरकार के साथ आयुष्मान भारत योजना के लिए एमओयू साइन करने जाना था। चूंकि एक ही जगह से सभी को निकलना था और एक ही जगह पहुंचना था, इसलिए मुख्यमंत्री ने सभी के लिए अलग-अलग काफिले की बजाय एक ही साथ निकलने का फैसला किया। ऐसा करके सीएम रेखा गुप्ता ने कम से कम तीन वीवीआईपी काफिले को रोक लिया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसका एक वीडियो भी एक्स पर साझा किया है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा, आज मैं और मेरी कैबिनेट के साथी, एक साथ, एक ही गाड़ी में, आयुष्मान भारत योजना के दिल्ली में क्रियान्वयन के लिए केंद्र सरकार के साथ महत्वपूर्ण समझौते के लिए गए। ये एक सुखद अनुभव रहा! कार पूलिंग करके एक तरफ जहां रेखा गुप्ता ने वीवीआईपी कल्चर को कुछ कम किया बल्कि जनता को भी एक गंतव्य के लिए एक ही गाड़ी इस्तेमाल करने का संदेश दिया। सोशल मीडिया पर भी कई लोगों ने सीएम के कदम की तारीफ की। वीडियो में दिख रहा है कि कार पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा चला रहे हैं। उनके साथ आगे की सीट पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बैठी नजर आईं। वहीं, पीछे की सीटों पर पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा और कानून मंत्री कपिल मिश्रा थे। चारों एक ही कार में बैठकर नई दिल्ली के आकाशवाणी स्थित रंग भवन पहुंचे जहां केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की मौजूदगी में राज्य और केंद्र सरकार के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किया गया।

## रूस-यूक्रेन के युद्धबंदियों की रिहाई के लिए संघर्ष



**कीव, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष में सैकड़ो घर तबाह हो गए। हजारों लोगों को हिरासत में ले लिया गया, लेकिन आज भी हजारों यूक्रेनी नागरिकों के घर के दरवाजे और उनरे परिवार के सदस्य उनका इंतजार कर रहे है। ऐसी ही एक घटना है जब लगभग दो साल पहले कोस्टियनटीन जिनोवकिन की मां ने अपने घर का दरवाज़ा खुलने की आवाज़ सुनी, तो उन्हें लगा कि उनका बेटा घर लौट आया है क्योंकि वह कुछ भूल गया था। लेकिन इसके बजाय, कुछ रूसी सैनिक जो बैलेक्लाव पहने हुए थे मेलिटोपोल में उनके अपार्टमेंट में घुस आए। बता दें कि यह शहर दक्षिणी यूक्रेन में है और रूसी सेना द्वारा कब्जा किया गया है।

**जिनोवकिन की रिहाई के उम्मीद में उनकी मां:** एक छोटे से उल्लंघन में हिरासत में लिए गए जिनोवकिन की जल्दी रिहा होने की उम्मीद थी। इसके बावजूद, जिनोवकिन को रिहा नहीं किया गया। हालांकि लेकिन उनकी पत्नी लिउसिएना ने बताया कि उन्होंने जिनोवकिन के घर की ऐसी तलाशी ली कि घर को अणुओं में तोड़ दिया, क्योंकि मई 2023 में उनकी गिरफ्तारी के कुछ हफ़्तों बाद, रूसी अधिकारियों ने उनकी मां से कहा कि वह एक आतंकवादी हमले की साजिश रच रहे थे। अब उन पर ऐसे आरोप लग रहे हैं, जिनका उनका परिवार विरोध कर रहा है और उन्हें बेतुका मानता है।

## हिरासत में लिए गए दो ब्रिटिश सांसद, विदेश मंत्री डेविड लैमी ने जताई चिंता

**लंदन।** ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने शनिवार को इज़रायल में दो ब्रिटिश सांसदों की हिरासत और प्रवेश से इनकार करने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने इसे अस्वीकार्य और विपरीत परिणाम वाला कदम बताया। लैमी ने ब्रिटिश सांसदों के समर्थन का आश्वासन भी दिया और गाजा में संघर्ष समाप्त करने और बंदियों को मुक्त करने के लिए ब्रिटेन सरकार के निरंतर प्रयासों पर जोर दिया।

इज़रायल सरकार ने लेबर पार्टी के सांसद अबतिसाम मोहम्मद और युआन यांग को इज़रायल में प्रवेश से मना कर दिया। इज़रायली अधिकारियों के अनुसार, इन सांसदों को इसलिए रोका गया क्योंकि जांच में यह सामने आया कि उनका उद्देश्य इज़रायली सुरक्षा बलों की गतिविधियों का दस्तावेजीकरण करना और इज़रायल के खिलाफ घृणा फैलाना था। दोनों सांसदों ने दावा किया था कि वे एक आधिकारिक ब्रिटिश संसदीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं, लेकिन यह दावा गलत साबित हुआ क्योंकि किसी इज़रायली अधिकारी ने ऐसी जानकारी की पुष्टि नहीं की।





**ब्रिटिश सरकार का इज़रायल से विरोध और समर्थन-** ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड लैमी ने इज़रायली अधिकारियों से कहा कि यह ब्रिटिश सांसदों के साथ अनुचित व्यवहार है। उन्होंने कहा, यह अस्वीकार्य, विपरीत परिणाम देने वाला और गहरी चिंता का विषय है कि दो ब्रिटिश सांसदों को हिरासत में लिया गया और इज़रायल में प्रवेश से मना कर दिया गया। लैमी ने यह भी बताया कि ब्रिटिश सरकार का ध्यान गाजा में संघर्ष विराम और वार्ता पर है, ताकि संकट को समाप्त किया जा सके।

**इज़रायल में सांसदों के प्रवेश पर प्रतिबंध-** इज़रायल आंतरिक मंत्री मोशे अर्बेल ने फैसला किया कि इन दोनों सांसदों और उनके प्रतिनिधिमंडल को इज़रायल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा और उन्हें कानूनी प्रक्रिया के तहत देश से बाहर कर दिया गया। इस कदम ने ब्रिटिश सरकार और इज़रायल के बीच एक नया विवाद खड़ा कर दिया है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में है।

## सीनेट में रिकॉर्ड 25 घंटे भाषण के बाद पहले सार्वजनिक कार्यक्रम में पहुंचे बुकर, ट्रंप की नीतियों को घेरा



**न्यू जर्सी , एजेंसी।** डेमोक्रेटिक सीनेटर कोरी बुकर ने शनिवार को सीनेट में दिए अपने भाषण का एक अंश न्यू जर्सी के एक जिम में आयोजित टाउन हॉल बैठक में पेश किया। बुकर ने लोगों से यह पता लगाने का आह्वान किया कि वे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनके एजेंटे से पीछे हटाने के लिए क्या कर सकते हैं।

बुकर ने न्यू जर्सी के बर्गन कम्युनिटी कॉलेज में सवालों का जवाब दिया, जब देशभर में 1,200 से अधिक हैंड्स ऑफ प्रदर्शन आयोजित किए गए थे। कोरी-कोरी के नारेबाजी ने इस टाउन हॉल कार्यक्रम में कई बार व्यवधान भी डाला। यह बुकर का अपने गृह राज्य में इस सप्ताह के अपने भाषण के बाद पहला व्यक्तिगत कार्यक्रम था। उन्होंने ट्रंप की नीतियों के खिलाफ 25 घंटे और 5 मिनट तक सीनेट फ्लोर पर भाषण दिया था। उन्होंने 1957 के नागरिक अधिकार अधिनियम के खिलाफ सीनेटर स्ट्रॉम थर्मंड द्वारा दिए गए सबसे लंबे भाषण का रिकॉर्ड तोड़ा।

हर सवाल करने वाले ने उनसे यह पूछा कि वे राष्ट्रपति की नीतियों के खिलाफ अपनी चिंता और असहमति को कैसे व्यक्त कर सकते हैं। बुकर ने उन्हें बताया कि इसके लिए बस थोड़ी और मेहनत करनी पड़ेगी, जैसे क्या वे वाशिंगटन जाकर बजट कटौती के खिलाफ आवाज उठा सकते हैं? सबसे जोरदार तालियों की गड़गड़ाहत तब सुनाई दी जब उन्होंने एक महिला के सवाल का जवाब दिया। महिला ने कहा था कि वह स्वास्थ्य कार्यक्रम में संभावित कटौती को लेक चिंतित हैं, जो उनके ऑटिज्म से पीड़ित बेटे पर असर डाल सकती है।

बुकर ने कहा, ऐसी सभा का मतलब यह नहीं है कि हम अपनी सक्रियता यहीं खत्म कर दें। यह अमेरिका में एक ऐसा पल होना चाहिए, जब हम सभी खुद से यह सवाल करें कि मैं और क्या कर सकता हूं? बुकर ने कहा कि जो सवाल लोग उनसे पूछ रहे थे, वही सवाल चुनावों के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के दूसरे नेताओं से भी पूछे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह डेमोक्रेटिक पार्टी पर ज्यादा ध्यान नहीं देंगे।

## ऑपरेशन ब्रह्मा : भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमार को 442 टन खाद्य सहायता पहुंचाई

**यांगून, एजेंसी।** भूकंप से तबाह म्यांमार को मानवीय सहायता जारी रखते हुए भारत ने शनिवार को चल रहे ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत अतिरिक्त 442 टन खाद्य सहायता पहुंचाई। राहत सामग्री लेकर भारतीय नौसेना का जहाज घड़ियाल म्यांमार के थिलावा बंदरगाह पहुंचा। म्यांमार में भारतीय राजदूत अभय ठाकुर ने इसे औपचारिक रूप से यंगून के मुख्यमंत्री यू सोई थीन और उनकी टीम को सौंप दिया। यंगून में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, प्रभावित लोगों की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। भारतीय नौसेना के लैंडिंग शिप टैंक आईएनएस घड़ियाल द्वारा लाई गई खाद्य सहायता (चावल, खाना पकाने का तेल, नूडल्स और बिस्कुट) की एक बड़ी खेप शनिवार को थिलावा बंदरगाह पर पहुंची। राजदूत अभय ठाकुर ने इसे यंगून के सीएम यू सोई थीन और उनकी टीम को सौंप दिया। भारत ने 28 मार्च को म्यांमार में आए विनाशकारी 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद खोज और बचाव (एसएआर), मानवीय सहायता, आपदा राहत और चिकित्सा सहायता सहित आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया।

समय फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में कार्य करते हुए, भारत ने 1 अप्रैल तक 625 टन मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) सामग्री पहुंचाने के लिए छह विमान और पांच नौसैनिक जहाज भेजे थे। पीएम मोदी ने शुक्रवार को बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान म्यांमार के प्रधानमंत्री और राज्य प्रशासन परिषद के अध्यक्ष वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से मुलाकात की और देश में आए विनाशकारी भूकंप के बाद की स्थिति पर चर्चा की। वरिष्ठ जनरल ने मानवीय सहायता, आपदा राहत और चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत भारत द्वारा किए जा रहे प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया।

# रेल फाटक से निकली शोभा यात्रा में विधायक व पूर्व विधायक हुए शामिल






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में भगवान श्री राम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। रामनवमी के इस मौके पर बोकारो में विभिन्न जगह पर आकर्षक शोभा यात्रा निकल गई है। शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। बोकारो के रेलवे फाटक के पास से शोभायात्रा की शुरूआत हुई। जिसमें बोकारो की विधायक श्वेता सिंह एवं पूर्व विधायक बिरंचि नारायण भी शामिल हुए। शोभा यात्रा में आकर्षक झांकी भी शामिल रही। जिसमें भोले शंकर मां पार्वती राम लक्ष्मण सीता और बजरंगबली की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही। राम भक्त राम धुन पर झूमते नजर आए। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी पूरी तरह से चुस्त और दुरुस्त नजर आई। इस दौरान वर्तमान और पूर्व विधायक ने रामनवमी की सभी को शुभकामनाएं दी। कहा कि इस महान पर्व को हम लोग शांति और सद्भाव से मनाने का काम करें। प्रभु श्री राम सभी की झोली को खुशियों से भर दे।

## असामाजिक तत्वों पर कंट्रोल रूम से की जा रही थी निगरानी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनवमी के जुलूस को लेकर जिला प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। कंट्रोल रूम से सीसीटीवी के माध्यम से पूरे इलाके की मॉनिटरिंग की जा रही थी। कंट्रोल रूम में बैठे कर्मी और अधिकारी पल-पल की जानकारी जिले में तैनात 500 दंडाधिकारियों से ले रहे है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 2500 जवानों की तैनाती की गई है। दोनों ही अनुमंडल पदाधिकारी संवेदनशील इलाकों पर नजर बनाए हुए थे। बोकारो जिले के 12 महत्वपूर्ण इलाकों में 92 सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। इसके अलावा ड्रोन और वीडियो कैमरा से भी इलाके की निगरानी करने का निर्देश जारी किया गया था। कोई भी उपद्रवी अगर उपद्रव करने का प्रयास करेंगे तो वह सीसीटीवी की नजर से बच नहीं सकते हैं। बोकारो कंट्रोल रूम के नोडल पदाधिकारी अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी ने बताया कि अखाड़ों द्वारा निकाले जा रहे जुलूस को लेकर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। सीसीटीवी सहित और माध्यम से निगरानी की जा रही है।

## देवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, खुशहाली की कामना




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में प्रभु श्री राम जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। बोकारो इस्पात नगर के मंदिरों में आज तड़के से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। भगवान श्रीराम का दर्शन करने भक्त परिवार सहित मंदिर पहुंच रहे हैं। आम हो या खास सभी भगवान श्री राम की पूजा अर्चना में व्यस्त हैं। श्रद्धालुओं ने कहा, सनातनियों के लिए भगवान राम आराध्य हैं। आज रामनवमी के पवन अवसर भगवान का दर्शन कर परिवार के लिए खुशहाली की कामना कर रहे हैं। दूसरी तरफ श्रद्धालु महावीरी झंडा मंदिर में स्थापित करते देखे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रमोद कुमार को मिला द ग्लोबल बिजनेस सम्मान

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ओल्ड चम्पारण मटन हाउस के संचालक प्रमोद कुमार को फिल्म अभिनेत्री भूमिका चावला के हाथों रांची में सम्मानित किया गया। उनका चयन बिहार और देश के दूसरे राज्यों में चम्पारण हांडी




मटन के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए किया गया। यह सम्मान द ग्लोबल बिजनेस 2025 के तहत दिया गया। प्रमोद कुमार ने कार्यकम के आयोजकों और बिहार के लोगों का आभार जताया।

### सांस रुकने से ठेका मजदूर की मौत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वेदांता इलेक्ट्रो स्टील प्लांट में काम करने के दौरान ठेका मजदूर की तबियत बिगड़ गई। ,ठेका मजदूर को सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कसमार थाना क्षेत्र के दातू का रहने वाला था 40 वर्षीय मृतक गणेश नायक, परिजन और स्थानीय लोगों ने मुआवजा और आश्रित को नियोजन देने की मांग की है। धनबाद भाजपा सांसद ढुल्लू महतो ने प्रबंधन से इस मामले को लेकर कर बातचीत करनेबकी बातबखाई है।, आज सुबह ड्यूटी पर गया था। सांस लेने में दिक्कत होने के बाद मृत्यु होने की बात कही जा रही है। परिजनों का रो रो कर है बुरा हाल है।

### रोटरी क्लब ने रामनवमी अखाड़े में लगाया मेडिकल कैंप

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब धनबाद साउथ के द्वारा रामनवमी की संध्या में अखाड़ा खेलने वालों के लिए पुराना बाजार में एक



मेडिकल कैंप की व्यवस्था की गई। इस कैंप को सफल बनाने में पुराना बाजार चैंबर ऑफ कॉमर्स और जोड़ा फाटक रोड स्थित पाटलिपुत्र मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का संपूर्ण योगदान रहा। अखाड़ा में घायलों की जिनको इलाज की आवश्यकता पड़ी।पाटलिपुत्र मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के द्वारा दो एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की गई थी। क्लब के अध्यक्ष डॉ. विनोद गुप्ता सचिव सरित सुधा सरकार ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु डॉ.निर्मल ड्रोलिया और डॉक्टर सतीश चंद्र और का आभार प्रकट किया।साथ ही साथ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अजय लाल और श्रीकांत अग्रवाल को भी धन्यवाद दिया।कार्यक्रम में सभी सदस्य उपस्थित थे।

## युवाओं ने किया युद्ध कला का प्रदर्शन





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर के सिटी सेंटर स्थित अखाड़े से आकर्षक झांकी निकली। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। झांकी नगर भ्रमण करते हुए राम मंदिर चौक पहुंची। जहां शोभा यात्रा ने शामिल लोगों का स्वागत हुआ। यहां युवाओं ने युद्ध कला और एक से बढ़कर एक करतब का प्रदर्शन किया।

## सीआइएसएफ जवान मोहम्मद इमरान खान की असमय मृत्यु, मातम



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पांडरपाला के शमशेर नगर निवासी मोहम्मद इमरान खान, जो मुंबई एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ जवान के रूप में तैनात थे, अब लोगों के बीच नहीं रहे। उनकी अकास्मिक मृत्यु ने पूरे इलाके को झंकझोर दिया है। सम्मान और गर्व के साथ उनका पार्थिव शरीर मुंबई से धनबाद लाया जा रहा है। जहां रविवार रात 9 बजे शमशेर नगर ईदगाह कब्रिस्तान में जनाजे की नमाज होगी। इसके बाद उन्हें यहीं सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। इमरान न केवल अपने परिवार का गौरव थे, बल्कि समाज के लिए एक मिसाल भी थे। उन्होंने स्वर्प्रथम इस इलाके में युवाओं के बीच प्रतियोगी परीक्षा के लिए प्रेरित किया,और आइडियल नामक मुक्त कोचिंग संस्थान की स्थापना की,जिससे आज सैकड़ों बच्चे अपनी सफलता का उड़ान उड़ रहे है।उनके जाने से हर आंख नम है, हर दिल उदास है। शमशेर नगर आज अपने इस होनहार बेटे को अंतिम विदाई देगा, जिसकी यादें हमेशा दिलों में जिंदा रहेंगी।

## रामनवमी पर्व पर सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण के प्रदेश प्रभारी ने दिल खोलकर दिखाई मानवता की मिसाल



**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनवमी की पावन बेला में सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण के प्रदेश प्रभारी मोहम्मद जाहिद हुसैन के द्वारा आज रविवार अखाड़ा में शामिल हुए दर्जनों प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा कई अन्य लोगों को शाल्ल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा अखाड़ा में पहली बार शामिल हुए छात्राओं को अपने निजी मद से आर्थिक मदद कर मानवता का मिशाल कायम किया साथ ही अखाड़े में शामिल होकर पुरानी परंपरा को निभाते हुए लाठी एवं अबीर गुलाल लगाकर एक मानवता का मिशाल कायम किया। बताते चलें कि टुण्डी के हर किसी त्योहार में इनके द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जाता है चाहे वह हिन्दु मुस्लिम सिख ईसाई तथा आदिवासी के त्योहार में उनके परंपरा को मानते हुए त्योहार को मनाते हैं लोग आज भी इनके स्वभाव के कायल रहते हैं दोनों धर्मो के लोग आज भी इनके द्वारा किए गए कार्य से काफी आनंद मय महसूस किया। मौके पर उनके निजी सचिव मोहम्मद सफी साहब भी उपस्थित थे रामनवमी जैसे उत्सव में देशवासियों को क्या कुछ संदेश दिया सुनते हैं उन्हीं की जुबानी।

## भारतीय जनता पार्टी ने मनाया स्थापना दिवस



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर ने 6 अप्रैल को 46 वें भाजपा स्थापना दिवस मनाया। 12 अप्रैल तक अलग अलग कार्यक्रमों काआयोजन होगा। इसी कड़ी ने प्रथम दिन भाजपा जिला कार्यालय में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों की श्रृंखला में बूथ स्तर से लेकर विधानसभा स्तर तक सम्मेलन और कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसको लेकर पार्टी के बड़े नेताओं से लेकर आम कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। भाजपा जिला कार्यालय में सर्वप्रथम भाजपा के प्रेरणापुंज संस्थापक दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डाला गया। इसके अलावे भाजपा कार्यालय में पार्टी का ध्वजारोहण भाजपा महानगर एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष ने किया। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित धनबाद विधायक राज सिन्हा ने सभी जिला पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के साथ,साथ भाजपा जिला कार्यालय के छत पर पार्टी का झंडा लगाया। विधायक राज सिन्हा, महानगर अध्यक्ष एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर सिंदरी की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी तारा देवी युवा महानगर अध्यक्ष नित्यानंद मंडल एवम उपस्थित नेताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्य, अटल बिहारी वाजपेयी अमर रहे भारत माता की जय, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए।सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई दी। विधायक राज सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली में हुई थी। जिसके प्रथम अध्यक्ष श्रधेय अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए।अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिया. जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक का यह सफर अनेकों संघर्षों बलिदानों और समर्पण से भरा रहा ।डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जिस विचारधारा की नींव रखी उसे आगे बढ़ने का कार्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे महापुरुषों ने किया।अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, नरेंद्र मोदी जैसे महान नेताओं के नेतृत्व में यह पार्टी एक विश्व स्तरीय संगठन बनी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को लेकर भाजपा ने देश और प्रदेश में सेवा सुशासन और समर्पण का नया कृतिमान स्थापित किया विधायक श्री सिन्हा ने समस्त कार्यकताओं,पार्टी के पदाधिकारी राज्य एवं देशवासियों को भाजपा के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मिलकर संगठन को और सशक्त बनाने और देश हित में कार्य करने का आह्वान किया। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का तीसरा कार्यकाल राष्ट्र की राजनीति और विकास पथ पर परिवर्तन के एक नए युग की शुरूआत कर रहा है.एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक, वक्फ संशोधन विधेयक एक राष्ट्र एक सब्सक्रिप्शन आयकर छूट सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपए करने से करदाताओं को राहत जैसे निर्णय राजनीतिक और सामाजिक विमर्श की गतिशीलता को बदलने की क्षमता रखते हैं.महाकुंभ का आदर्श आयोजन जिसने आम भारतीय जनमानस को एक सूत्र में पिरोया।राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का हम एक वर्ष पूरा कर रहे हैं।यह सभी भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन है।

## खूंटी में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में निकली शोभा यात्रा




**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खूंटी जिले के शहरी इलाके में आज मयार्दा पुरूषोतम राम के जन्मोत्सव पर गाजे बाजे के साथ सामूहिक शोभा यात्रा निकाली गई। साथ ही विभिन्न अखाड़ों द्वारा जगह जगह भव्य झांकी का भी प्रदर्शन किया गया। झांकी में प्रमुख रूप से भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान को आकर्षक परिधान में दशार्या गया साथ ही तीर धनुष के साथ भगवान राम की झांकी देखते ही बन रही थी। रामनवमी के मौके पर पूरा शहर राममय ही गया है। चारों ओर महावीरी पताकों से त्योहार की झलक दूर दूर तक दिखाई देने लगी है। चौक चौराहों और शोभा यात्रा जाने वाले मार्ग पर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

नेताजी चौक पर पुलिस प्रशासन ने चारों ओर नजर बनाए रखने के लिए अलग से पंडाल की व्यवस्था की है। चौक चौराहों में विभिन्न अखाड़ों द्वारा तलवारबाजी और डंडे का करतब भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बना। साथ महावीरी पताके के साथ दशार्या जा रहा झांकी भी अद्भुत नजारा पेश किया। रामनवमी में छोटे बड़े 40 से ज्यादा अखाड़े शामिल हैं। लाइसेंसधारी अखाड़ों को तलवार से करतब दिखाने की मंजूरी दी गई है। जिले में सभी धर्म संप्रदाय का सम्मान करते हुए रामनवमी का त्योहार पूरे उत्साह और भक्तिभाव के साथ जय श्री राम के उदघोष के साथ मनाया जा रहा है। ड्रम सेट और पारंपरिक बाजे गाजे के साथ तलवार बाजी की करतब लोगों में गजब का उत्साह भर रही थी। शोभायात्रा के बाद बेहतर तलवारबाजी और डंडा से करतब दिखाने वाले अखाड़ों को सम्मानित भी किया जाएगा। शांति समिति के सभी धर्मो के प्रतिनिधि जिले में शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में महावीरी झंडा लेकर ग्रामीण रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल हैं। असामाजिक तत्वों पर सीसीटीवी से निगरानी रखी जा रही है। रामनवमी शोभायात्रा में बतौर मुख्य अतिथि जिले के उपायुक्त, और पुलिस अधीक्षक शामिल हैं। केंद्रीय रामनवमी महासमिति द्वारा सभी अखाड़ों को अनुशासनात्मक तरीके से सरकार के गाइडलाइन के मुताबिक जुलूस निकालने की अनुमति दी गई है। खूंटी के पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा भी रामनवमी शोभायात्रा में शामिल रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com